


हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित






इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का हुआ ऐलान, पंत को मिली नई जिम्मेवारी

आयोध्या में बनेगा लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी का स्मारक, पूरी दुनिया जवानों की बहादुरी का...



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • रविवार • 25 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 163 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 98,080 | ₹ 99,900 |



## आज का इतिहास

**1941 :** जैसलमेर में भारत के एक समर्पित स्वतंत्रता सेनानी सागरमल गोप को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने जैसलमेर के तत्कालीन शासकों की जन-विरोधी नीतियों का विरोध किया। उन्हें जैसलमेर और हैदराबाद से निष्कासित कर दिया गया था। निर्वासन में भी उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काम करना जारी रखा।

**1886 :** राशबिहारी बोस का जन्म हुआ था। वह राशबिहारी बोस भारत में ब्रिटिश राज के खिलाफ एक क्रांतिकारी नेता थे और ग़दर क्रांति और बाद में, भारतीय राष्ट्रीय सेना के प्रमुख आयोजकों में से एक थे। उन्होंने चिकित्सा विज्ञान के साथ-साथ फ्रांस और जर्मनी से इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की।

विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर नीति आयोग की बैठक

# हर राज्य के समग्र विकास से ही संभव होगा विकसित भारत का सपना : प्रधानमंत्री



• केंद्र और राज्य मिलकर "टीम इंडिया" के रूप में काम करें।

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राजधानी स्थित भारत मंडपम में शनिवार को नीति आयोग की संचालन परिषद की 10वीं बैठक का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। इस बैठक का मुख्य विषय था – "विकसित भारत के लिए विकसित राज्य @2047"।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत अब हर नागरिक की आकांक्षा बन चुका है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र और राज्यों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि अगर सभी राज्य एकजुट होकर टीम इंडिया की भावना से कार्य करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। मोदी ने कहा कि जब हर राज्य विकसित होगा, तभी भारत विकसित होगा। उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सभी दिशा में मिलकर काम करें तो 2047 तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को कार्यबल में सम्मानजनक स्थान देने की जरूरत बताई और कहा कि ऐसे कानून व नीतियां बनें, जिससे महिलाएं अधिक संख्या में आर्थिक गतिविधियों में शामिल हो सकें। मोदी ने तेजी से हो रहे शहरीकरण की चर्चा करते हुए कहा कि हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों का निर्माण करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का आधार बनना चाहिए। नीति आयोग ने बैठक के विषय को ध्यान में रखते हुए सुझाव दिया कि राज्यों को मानव विकास, आर्थिक सुधार, तकनीक, स्थिरता और सुशासन पर ध्यान देना चाहिए। बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप राज्यपाल, केंद्रीय मंत्रीगण, नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सीईओ मौजूद रहे। यह बैठक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक अहम पड़ाव साबित हो सकती है, जिसमें हर राज्य की सहभागिता को अहम माना गया है।

### पर्यटन को बताया विकास का इंजन

उन्होंने पर्यटन को अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ मानते हुए 'एक राज्यः एक वैश्विक गंतव्य' की रणनीति का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि हर राज्य में कम से कम एक ऐसा पर्यटन स्थल विकसित किया जाए, जो वैश्विक मानकों के अनुरूप हो। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों का भी विकास होगा।

## सीओ ऑफिस के डाटा ऑपरेटर 1.10 लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार



**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** निगरानी ब्यूरो ने रोहतास जिले के सासाराम अंचल कार्यालय में पदस्थापित डाटा ऑपरेटर आकाश कुमार दास को दाखिल-खारिज के मामले में 1.10 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि यह रिश्वत सीधे अंचलाधिकारी सुधीर ओंकार के निर्देश पर मांगी गई थी। सासाराम के प्रतापगढ़ निवासी पंकज कुमार ने निगरानी विभाग को सूचना दी थी कि वह पिछले चार महीने से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहा है, लेकिन कोर्ट के स्पष्ट आदेश (डीसीएलआर द्वारा) के बावजूद उसकी जमीन का दाखिल-खारिज नहीं किया जा रहा था। पंकज ने बताया कि जब उसने सीओ से सीधे बात की, तो उन्होंने एक लाख रुपये अपने लिए और 10 हजार रुपये डाटा ऑपरेटर के लिए मांगे। पैसा देने जब पहुंचा तो सीओ कार्यालय में नहीं थे। फोन पर कहा गया कि सारा पैसा डाटा ऑपरेटर आकाश दास को दे दूं। एक महीने से लगातार दबाव बनाया जा रहा था कि बिना पैसा दिए काम नहीं होगा। निगरानी टीम ने पहले शिकायत की जांच की, फिर जाल बिछाकर शनिवार को डाटा ऑपरेटर को रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोच लिया। निगरानी डीएसपी अमरेंद्र प्रसाद विद्यार्थी ने बताया कि मामले की तह तक जाने के लिए जांच जारी है। इस घोटाले में और कौन-कौन शामिल है, इसकी छानबीन की जा रही है। पंकज कुमार की शिकायत पर हमने पहले सत्यापन किया और फिर कार्रवाई की गई। आरोपी को रंगेहाथ पकड़ा गया है। अन्य संलिप्त कर्मचारियों और अधिकारियों की पहचान की जा रही है। दोषियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। निगरानी की इस कार्रवाई से सासाराम अंचल कार्यालय सहित पूरे जिले के राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है।

# बालू विवाद में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या, दो गंभीर, गांव में फैला आक्रोश

**निज संवाददाता** | बक्सर



शनिवार की सुबह ताबड़तोड़ फायरिंग से पूरा इलाका थर्रा उठा। जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में आपसी विवाद, खासकर बालू के खरीद-बिक्री को लेकर हुए विवाद में अपराधियों ने एक ही परिवार को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। इस दिल दहला देने वाली घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया जा रहा है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान बिनोद सिंह यादव, सुनील सिंह यादव और वीरेंद्र सिंह यादव के रूप में हुई है। वहीं, पुंज सिंह समेत दो अन्य घायल हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर किया गया है। यह हमला पूरी तरह सुनियोजित था और अपराधी हथियारों से लैस होकर पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह 5 से 6 बजे के बीच अपराधियों ने अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दी, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव फैल गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर आगजनी कर जाम लगा दिया। मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा चरम पर है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं और भरोसा दिलाया है कि जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस अधिकारियों की टीम भी गांव में कैम्प कर रही है।

राजपुर इलाका करीब 35 साल बाद एक बार फिर ऐसी खौफनाक वारदात का गवाह बना है। 1990 के दशक में जब यह क्षेत्र अपराध और रंजिश के कारण बदनाम था, उस दौर की यादें एक बार फिर ताजा हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों बाद फिर से ऐसा माहौल बन गया है जहां लोग डर के मारे घरों में कैद हो गए हैं। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद भय का माहौल बना हुआ है।

घटना की जानकारी मिलते ही एसपी और सदर एसडीपीओ धीरज कुमार मौके पर पहुंचे। एसडीपीओ ने बताया कि इस वारदात के पीछे पुरानी रंजिश है और अपराधियों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पूरे गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। यह घटना न केवल राजपुर, बल्कि पूरे बक्सर जिले के लिए चिंता का विषय बन गई है। लोग दहशत में हैं और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**निज संवाददाता** | सिवान

बिहार के सिवान जिले के गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के अफराद-सिसई मार्ग पर शनिवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। यहां स्कॉर्पियो और तेज रफ्तार ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। यह हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। हादसा उस वक्त हुआ जब स्कॉर्पियो पटना की ओर से आ रही थी और सामने से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने उसमे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने मदद की और सभी को कार से बाहर निकाला। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई और स्कॉर्पियो का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। चालक को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। फिलहाल उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना को लेकर फिलहाल चालक कुछ भी बयान देने की स्थिति में नहीं है। कार से एक पासपोर्ट भी बरामद हुआ है, जिसमें तरवारा थाना क्षेत्र के रहने वाले अबरार का नाम लिखा है। जानकारी के अनुसार, ये लोग पटना एयरपोर्ट से किसी शख्स को रिसीव करने के बाद वापस लौट रहे थे, तभी ये हादसा हुआ है। पटना से लौटने के दौरान एक अज्ञात ट्रक ने उनकी स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी। इस हादसे में मृतकों की पहचान कर ली गई है। जिसमें जीबी नगर तरवा थाना क्षेत्र का रहने वाले नजमुल का अबरार अहमद, सिवान नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले बिसुन पक्का मोहल्ला के रहने वाले सिराजुद्दीन मिया का बेटा आजाद अंसारी और नूरेन हक का बेटा एहसान उल हक शामिल है।




बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### एक ही एंबुलेंस से एनएमसीएच पहुंचे जख्मी मां-बेटे, महिला की मौत के बाद शव गायब

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी एक बुजुर्ग महिला का शव पटना के एनएमसीएच से गायब होने का मामला सामने आया है। परिवार 12 दिनों से शव की तलाश में एनएमसीएच और बख्तियारपुर अस्पताल भटक रहा है। शव नहीं मिलने पर परिवार ने तक हार कर पुआल का पुतला बनाकर बुजुर्ग महिला का दाह संस्कार कर दिया। पीड़ित परिवार बहुत ही गरीब हैं। मृतका की आत्मा की शांति के लिए गांव में लोग चंदा कर श्राद्धकर्म करा रहे हैं। मृतका मृतका स्व.राजेंद्र राम की बुजुर्ग पत्नी मीना देवी बताई जा रही हैं। परिवार की मानें तो एनएमसीएच प्रशासन शव के संबंध में कुछ भी बताने से इंकार कर रहा है। कोई भी कुछ बताने को तैयार नहीं है।

**जनप्रतिनिधियों ने नहीं की मददः** मौत और शव गायब होने से परिवार में कोहराम मचा है। मृतका को चार पुत्री और एक पुत्र है। पुत्री चंचल कुमारी ने बताया कि मौत के अगले दिन परिवार को मां के मौत की खबर मिली। जिसके बाद वे लोग शव लाने के लिए एनएमसीएच पहुंचे। जहां से शव को गायब कर दिया गया था। गुहार लगाने के बाद भी नालंदा जिला के जिम्मेवार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने शव की तलाश में परिवार की मदद नहीं की। अब शव मिलने की आस भी छोड़ चुके हैं।

### कई विषयों में सीटें खाली, दो अंकों में भी नहीं आये हैं आवेदन

**बिहारशरीफ।** पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी से संबंधित कालेजों के चार वर्षीय स्नातक सत्र 2025-29 में नामांकन के लिए शनिवार को ऑनलाइन आवेदन का अंतिम दिन है। इसके बाद नामांकन पोर्टल बंद हो जाएगा। साथ ही जिन छात्रों ने आवेदन कर दिया है और वे अपने आवेदन में कोई सुधार करना चाहते हैं, उनके लिए भी आज अंतिम मौका है। शनिवार को करेक्शन का ऑप्शन खुला रहेगा। छात्र आवेदन में सुधार कर सकते हैं। इसके बाद सुधार का कोई अवसर नहीं मिलेगा। शुक्रवार की शाम तक आर्ट्स और साइंस के अलग-अलग विषयों के लिए 90440 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। छात्र संकाय कल्याण अध्यक्ष प्रो. राजीव रंजन ने बताया कि अंतिम दिन आवेदनों की संख्या बढ़ेगी। हालांकि कुछ विषयों में काफी कम आवेदन आए हैं। अंतिम दिन भी आवेदन जमा होना है। संख्या बढ़ेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स में 117 तो म्यूजिक में 78 आवेदन कई विषयों में नामांकन के लिए जहां आपाधापी मची है। काफी संख्या में आवेदन आए हैं। वहीं कुछ ऐसे विषय हैं जिसमें काफी कम आवेदन आए हैं। ऐसे में विभिन्न कालेजों में अच्छी खासी संख्या में सीटें खाली रह जाएगी। खासकर शास्त्रीय और क्षेत्रीय भाषाओं में आवेदनों की संख्या काफी कम है। कुछ विषयों में तो आवेदन की संख्या दो अंकों तक भी नहीं पहुंची है। मगही में 6, मैथिली 8, म्यूजिक में 78, पाली में 41, पर्शियन में 10, प्रकृत में 1, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में 78, रूरल में इकोनॉमिक्स में 27, बीबीए में 1, अरबी में 1, बंगाली में 2, लेबर एंड सोशल वेलफेयर में 35, इलेक्ट्रॉनिक्स में 117 आवेदन आए हैं। स्वाभाविक है कि इन विषयों में कई कालेजों में सीटें खाली रह जाएगी। इन विषयों में छात्रों की रुचि अधिक कुछ विषय ऐसे हैं जिसमें नामांकन के लिए बड़ी संख्या में आवेदन किए गए हैं। साइंस और आर्ट्स दोनों विषयों में यह स्थिति देखने को मिल रही है। इतिहास में 34916, हिन्दी में 14644, इकोनॉमिक्स में 7457, इंग्लिश में 5083, भूगोल में 18140, पॉलिटिकल साइंस में 21769, साइकोलॉजी में 4791 आवेदन आए हैं। बी. कॉम में कुल 4187 आवेदन आए हैं। वहीं साइंस में देखा जाए तो बॉटनी में 14799, केमेस्ट्री में 10526, मैथेमेटिक्स में 6020, फिजिक्स में 14607, जूलॉजी में 17069 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन विषयों में भी कम आवेदन होम साइंस 2523, संस्कृत 324, सोशियोलॉजी 2961, उर्दू 786, सेल्फ फाइनांस 987, फिलॉस्फी में 1042 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदनों की संख्या बताती है कि इन विषयों के प्रति भी छात्रों में कम रुचि है।

### लेजर लैंड लेवलिंग मशीन से अब खेत को किया जाएगा समतल

**बिहारशरीफ।** जुताई के बाद खेत को समतल बनाने के लिए कृषि यांत्रिकीकरण योजना के तहत लेजर लैंड लेवलिंग मशीन को भी शामिल किया गया है। जिला में 3-4 किसानों ने इस मशीन की खरीद भी की है। सभी किसानों के लिए इसे खरीदना संभव नहीं है। इसलिए सरकार ने अनुदान का प्रावधान शुरू किया है। यदि कोई किसान अपनी मर्जी से खेत समतल कराना चाहते हैं तो उन्हें 6 हजार रुपया प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जाएगा। सहायक निदेशक कृषि यांत्रिकीकरण अभिमन्यु कुमार ने बताया कि जुताई के बाद खेत उखड़ खाबड़ हो जाता है। खासकर किनारे में मिट्टी जमा हो जाता है। ऐसे में सिचाई करने में किसानों को बड़ी समस्या होती है। खेत को बराबर करने के लिए किसान को अतिरिक्त मजदूरी देनी पड़ती है। इन्हीं समस्याओं को दूर करने के लिए लेजर लैंड लेवलिंग मशीन है। यह सेंसर पर चलता है। लेजर लैंड लेवलिंग मशीन एक ऐसी तकनीक है जिसे लेजर बीम का उपयोग करके खेतों को समतल करने के लिए की जाती है। यह मशीन खेतों को समतल करने के लिए अच्छी है।

### अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 33 लाख की स्वीकृति

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार की सामाजिक कल्याण योजनाओं के तहत अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना और मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत कुल 33 नवविवाहित जोड़ों को 33 लाख रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसकी पुष्टि प्रभारी सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा श्वेता कुमारी ने की। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अंतरजातीय विवाह करने वाले 9 जोड़ों को 9 लाख रुपये तथा निःशक्तजन विवाह योजना के तहत 24 जोड़ों को 24 लाख रुपये की स्वीकृति डीएम द्वारा प्रदान की गई है। अंतरजातीय विवाह योजना के तहत दो विशेष जातियों के बीच विवाह करने पर सरकार की ओर से 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसी तरह, मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह योजना में दिव्यांग वर और वधु दोनों को 1-1 लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है, जिससे समाज में समानता और समावेशन को बढ़ावा मिले। श्वेता कुमारी ने बताया कि दोनों योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### दलालों की चिह्नित कर केस दर्ज करने के निर्देश

**नालंदा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कृषि विद्युतीकरण योजना को तेज गति प्रदान करने के लिए नालंदा जिले में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में बैठक हुई। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किसानों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने की मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता को दोहराया। नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री ने लगातार यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश के किसानों तक कृषि फीडर से सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचे। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून से पहले अगले 15 से 20 दिनों में कृषि फीडर के कार्य में तेजी लाई जाए और चयनित किसानों तक इसका लाभ पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता जनप्रतिनिधियों की की ओर से उठाए गए प्रश्नों का समाधान शीघ्र करें। उन्होंने बताया कि जिले भर में कृषि विद्युतीकरण के लिए 16,864 नए कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है, जिसे शत प्रतिशत पूर्ण करना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कनिष्ठ अभियंता अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कृषि विद्युतीकरण का कार्य समय पर हर हाल में करें। कृषि विद्युतीकरण कार्य में संलिप्त बिचौलियों एवं दलालों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाए। यह निर्देश इस योजना की पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण है।

**स्थानीय समस्याओं पर चर्चाः** बैठक में विधायकों के प्रतिनिधियों द्वारा कृषि विद्युतीकरण के लिए अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया और समाधान के लिए सुझाव भी दिए गए। इससे योजना के क्रियान्वयन में आने वाली स्थानीय चुनौतियों का बेहतर समाधान निकालने में मदद मिलेगी।

# मुर्गा-शराब पार्टी में चली गोली, युवक की मौत

♦ गया में दोस्तों पर हत्या का आरोप, लाश को छोड़ कर भागे थे सभी

निज संवाददाता। गया



गयाजी के आमस थाना क्षेत्र स्थित सांव बंगला में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान चंदन मांझी (24) के रूप में हुई है। वह अर्जुन मांझी का लड़का था। बताया गया कि चंदन अपने ममेरे भाई की बारात से लौटने के बाद दोपहर बाद दोस्तों के साथ एक बंद घर में मुर्गा और शराब पार्टी कर रहा था। इसी दौरान अचानक फायरिंग हुई और चंदन को गोली लग गई। गोली लगने से चन्दन की मौके पर ही मौत हो गई। गोली चन्दन के सिर के पिछले हिस्से में लगी थी। पुलिस ने मृतक के दोस्त सहित 5 लोगों के हिरासत में लिया है। घटना करीब रात 9 बजे की बताई जा रही है। गोली लगते ही उसके पार्टी करने वाले सभी दोस्त घबरा गए। आनन-फानन में उसे किसी तरह से एक निजी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने चंदन को मृत घोषित कर दिया। दोस्तों ने के घंटों तक मामले को दबाने की कोशिश की, लेकिन जब बात नहीं बनी, सभी दोस्त चन्दन के शव को कमरे में ही छोड़ मौके से फरार हो गए।

**मामले की जांच कर रही पुलिसः** सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। शनिवार को पूरे घटनाक्रम का खुलासा करने की जाएगी। इस घटना में पुलिस ने चंदन के 3 दोस्तों समेत पांच लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। परिजनों का आरोप है कि दोस्तों ने साजिश के तहत चंदन की हत्या की है। बता दें कि कुछ साल पहले भी सांव बंगला के युवकों ने एक फेरीवाले को गोली मारकर लूट की कोशिश की थी, जिसमें कई युवक जेल गए थे। इलाके के कई युवक आपराधिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं, जिससे यह इलाका हमेशा चर्चा में रहता है।

## सेना की फायरिंग प्रैक्टिस के वक्त युवक को लगी गोली

निज संवाददाता। गया



♦ पीतल के खोखे चुनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र में चला गया था, पेट में लगी बुलेट

गया में सेना की फायरिंग प्रैक्टिस के दौरान एक युवक को गोली लग गई। फायरिंग में एमएमजी गन से पीतल के खोखे निकलने हैं। उसी को चुनने के लालच में युवक प्रतिबंधित क्षेत्र में चला गया था। इसी बीच पेट में गोली लग गई। घायल युवक की पहचान बीधी गांव निवासी वीरेंद्र मांझी के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद सेना के अधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे। युवक को इलाज के लिए बाराचट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना बाराचट्टी के बुमेर पंचायत स्थित फील्ड फायरिंग रेंज की है।

**फायरिंग की सूचना ग्रामीणों को दी गई थीः** बुमेर पंचायत के मुखिया संजीव कुमार उर्फ गुड्डु ने कहा कि 23 और 24 मई को फायरिंग अभ्यास की पूर्व सूचना ग्रामीणों को दी गई थी। इसके बावजूद वीरेंद्र मांझी शुक्रवार रात करीब 8:50 बजे फायरिंग क्षेत्र में घुस गया। उस समय सेना का अभ्यास रात 10:23 बजे तक चलना था। स्थानीय लोगों का कहना है कि फायरिंग से निकले पीतल के खोखे बेचने योग्य होते हैं। गरीब तबके के कई लोग इन्हें चुनने के लिए जान की बाजी लगाकर प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस जाते हैं। पहले भी इस क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

## ट्रेन से तस्करी कर कोलकाता ले जाए जा रहे 3 नाबालिग बरामद



निज संवाददाता। गया

देहरादून से हावड़ा जा रही डाउन देहरादून-हावड़ा एक्सप्रेस से तस्करी कर कोलकाता ले जाए जा रहे तीन नाबालिग लड़कों को आरपीएफ ने मुक्त कराया। तीनों लड़कों में दो का उम्र 12 साल और एक का उम्र 13 साल है। मानव तस्करी कर सभी को कोलकाता ले जाया जा रहा था। हालांकि मौके से तस्कर बच कर भाग निकला। ये सभी गयाजी जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के लखैपुर गांव के रहने वाले हैं।आरपीएफ की टीम ने मिली सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर बच्चों को बरामद किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि डाउन देहरादून-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन में तीन बच्चे को जबरदस्ती पहाड़पुर स्टेशन से हावड़ा ले जाया जा रहा है। सूचना मिलने पर आरपीएफ पोस्ट कोडरमा के ऑन ड्यूटी अधिकारी व स्टाफ और चाइल्ड हेल्पलाइन स्टाफ ने दून एक्सप्रेस ट्रेन में सर्च किया। इस दौरान ट्रेन से तीन बच्चों को सही मुक्त कराकर आरपीएफ पोस्ट कोडरमा पर लाया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों को जबरदस्ती ले जाने वाले व्यक्ति की ट्रेन में तलाश की गई। लेकिन वह कहीं नहीं मिला। वह भाग गया

## पैसे बचाने के चक्कर में 3 बच्चे समेत 4 मौत

निज संवाददाता। गया



♦ दिल्ली में पिकअप पर 30 हुए थे सवार, हरियाणा पहुंचने से पहले फटा टायर, गांव पहुंची लाशें

गया जी के 4 लोगों की दिल्ली में 25 मई को सड़क हादसे में मौत हुई थी। शुक्रवार शाम करीब साढ़े 4 बजे डेड बॉडी एंबुलेंस से गांव लाई गई है। जिसमें गया जी के सांसद जीतन राम मांझी ने अपनी भूमिका निभाई। मरने वालों में 3 बच्चे और एक युवक है। देर शाम करीब 7 बजे बच्चों को दफनाया गया और युवक का दाह संस्कार हुआ। सभी मृतक एक ही गांव के रहने वाले हैं। हम पार्टी के राजनीतिक सलाहकार दानिश रिजवान ने कहा कि जैसे ही केंद्रीय मंत्री को सूचना मिली थी पार्टी के सभी लोग दिल्ली में सक्रिय हो गए। पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद दी गई। चपरी गांव के लोग बीते वर्ष भी हरियाणा के रेवाड़ी मजदूरी के लिए गए थे। होली में इस साल गांव आए थे। उसके बाद वे अपनी मर्जी से फिर रेवाड़ी लौट रहे थे। उन्हें किसी ठेकेदार ने नहीं बुलाया था। दिल्ली पहुंचने पर पैसे बचाने के लिए पिकअप बुक किया, जिस पर 30 से अधिक लोग सवार हो गए। रास्ते में द्वारका सेक्टर-23 के पास गाड़ी का टायर फट गया और पिकअप पलट गई।

**गांव पहुंची मेडिकल टीम, घायलों का हो रहा इलाजः** मरने वालों में फेकू मांझी का बेटा रणजीत भारती (26), रणजीत भारती की बेटी लक्ष्मीनिया कुमार (6), राजेश भारती की बेटी शीशम कुमार (7), संजय मांझी का बेटा गौरव कुमार (7) हैं। वहीं, 10 लोग घायल भी हुए हैं। करीब 30 से ज्यादा लोग बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन में मजदूरी के लिए रेवाड़ी के लिए निकले थे। सभी चपरी के महादलित टोला के हैं। लाशों को लाने के साथ घायलों को भी गांव तक पहुंचाया गया है। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम गांव पहुंची है। जो घायलों का इलाज कर रही है।

**मांझी ने पीड़ित परिवार से वीडियो कॉलिंग पर बात कीः** मांझी ने मृतकों के परिजनों से वीडियो कॉलिंग कर बातचीत की और स्वास्थ्य की जानकारी ली। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि वीरेन्द्र दांगी, प्रखंड अध्यक्ष रामप्रीत भारती, चंदन भारती, जनसुराज के जितेंद्र पासवान, राजद की तनुश्री मांझी, राजद नेत्री सरोज देवी, स्थानीय मुखिया पति मंटू कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## जेल नहीं जाना है तो एक लाख रुपए देना होगा



**बोधगया।** जानी बिगहा के फुलचातर गांव निवासी राजकुमार यादव ने बोधगया थाने के अवर निरीक्षक शंकर दयाल सिंह और गाफाखुर्द पंचायत के चौकीदार अजय कुमार उर्फ अजय पासवान पर जबरन 80 हजार रुपए वसूलने का आरोप लगाया है। राजकुमार ने बताया कि 20 मई 2025 की रात करीब 8 बजे दोनों उसकी किराना दुकान पर पहुंचे। बिना कारण उसे पकड़ लिया। पूछने पर दारोगा ने कहा कि वह शराब का अवैध धंधा करता है। राजकुमार ने इससे इनकार किया। इसके बाद दोनों उसे गाड़ी में बैठाकर बंधुआ के रास्ते सोहैपुर मैदान ले गए। वहां कहा गया कि जेल नहीं जाना है तो एक लाख रुपए दो। राजकुमार ने कहा कि उसके पास इतने पैसे नहीं हैं।

# नालंदा में निजी जमीन पर तालाब बनाने के लिए अनुदान

निज संवाददाता। नालंदा

♦ सरकार देगी साढ़े तीन लाख रुपए, 16 तालाबों का होगा निर्माण



नालंदा में मत्स्यपालन को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शुरू हो गई है। विशेष सहायता योजना के तहत निजी जमीन पर तालाब निर्माण करवाने वाले किसानों को आधा एकड़ की इकाई के लिए तीन लाख 75 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। इस साल जिले में कुल 16 तालाबों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। मत्स्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले आओ पहले पाओ के सिद्धांत पर लाभार्थियों का चयन किया जाना है। जिला मत्स्य पदाधिकारी शंभु प्रसाद ने बताया कि इच्छुक किसान तत्काल आवेदन कर सकते हैं।

**जाति-आधारित आरक्षण की व्यवस्थाः** योजना में सामाजिक न्याय के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के छह और अनुसूचित जाति के 10 किसानों को फायदा दिया जाएगा। सामान्य वर्ग के किसानों को इस योजना में शामिल नहीं किया गया है, जो सरकार की समावेशी नीति को दर्शाता है। प्रति यूनिट (आधा एकड़) की स्थापना पर कुल लागत लगभग पांच लाख रुपए आएगी। इसमें तालाब निर्माण पर 2.80 लाख, बोरिंग और मोटर स्थापना पर 1.20 लाख, पंप हाउस निर्माण पर एक लाख और एयरेटर मशीन की लागत 50 हजार रुपए निर्धारित की गई है। सरकार इस कुल लागत का 70 प्रतिशत अनुदान दे रही है। मत्स्य विशेषज्ञों के अनुसार, एयरेटर मशीन तालाब के पानी में मछलियों के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। किसान चाहें तो कच्चा शेड या फिर सीमेंट का पक्का पंप हाउस बना सकते हैं।

**लीज पर जमीन लेकर कर सकते मत्स्यपालनः** योजना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि भूमिहीन किसान भी इसका फायदा उठा सकते हैं। जिन किसानों के पास खुद की जमीन नहीं है, वे लीज पर जमीन लेकर भी मत्स्यपालन इकाई स्थापित कर सकते हैं। इसके लिए एक हजार रुपए के स्टांप पेपर पर भूमि मालिक से कम से कम नौ साल के लिए लीज का दस्तावेज तैयार करना होगा।

**दो किश्तों में राशि वितरणः** चयनित किसानों को योजना की राशि दो किश्तों में प्रदान की जाएगी। तालाब निर्माण के बाद 60 प्रतिशत राशि का भुगतान होगा, जबकि शेष 40 प्रतिशत राशि बोरिंग, मोटर, पंप हाउस और एयरेटर मशीन की स्थापना के बाद मिलेगी।

**तीन लाख रूपए का मिलेगा ऑटोः** योजना के व्यापक स्वरूप को देखते हुए जिले के प्रत्येक प्रखंड में गठित मत्स्यजीवी सहयोग समिति को तीन लाख रुपए कीमत का एक ऑटो उपलब्ध कराया जाएगा।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा नोटिस सं.- 06 ऑफ 2025-26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।
निविदा सं.-16- डीडीयू-व.मं.इंजी.-मुख्यालय-25-26.
1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : डीडीयू में यूरोपीय कॉलोनी, स्टेशन और रोजा कॉलोनी में जल जमाव से बचने के लिए स्टाफ क्वार्टरों में निचले भूमि क्षेत्र में मिट्टी भरकर कॉलोनी का सुधार। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹41,97,200.69, 3. धरोहर राशि : ₹84,000.00, 4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 13.06.2025 को 12:00 बजे तक। 5. वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.
नोट :- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0300/डीडीयू/अभि./टी/25-26/36

# पंचाने नदी बनी कूड़ा डंपिंग यार्ड

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले के गिरियक में पर्यावरण संरक्षण के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए स्थानीय नगर पंचायत की ओर से पंचाने नदी को कूड़ा-कचरा डंपिंग यार्ड में तब्दील कर दिया गया है। घोड़ा कटोरा स्थित घाट पर रोजाना ट्रैक्टर भर-भरकर कचरा फेंका जा रहा है, जिससे न केवल जल प्रदूषण बल्कि वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। गिरियक नगर पंचायत के 12 वार्डों से एकत्रित किया गया कचरा नियमित रूप से पंचाने नदी के तट पर डंप किया जा रहा है। स्थिति की गंभीरता इस बात से समझी जा सकती है कि कचरे के इन ढेरों में आग भी लगाई जा रही है। इससे निकलने वाला जहरीला धुआं न केवल स्थानीय वातावरण को प्रदूषित कर रहा है बल्कि आसपास के निवासियों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन गया है। जल संसाधन विशेषज्ञों का कहना है कि नदी में कचरा डंपिंग से जल की गुणवत्ता में गिरावट आएगी और जलीय जीवों के लिए यह घातक साबित होगा। साथ ही कचरे के सड़ने से निकलने वाली गैसें भूजल को भी दूषित कर सकती हैं।

**पर्यटन मार्ग पर शर्मनाक दृश्यः** चिंता की बात यह है कि यह कचरा डंपिंग गिरियक से राजगीर को जोड़ने वाले पुल के समीप किया जा रहा है। राजगीर एक प्रमुख पर्यटन स्थल होने के कारण इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक गुजरते हैं। इसके अलावा जिले के वरीय अधिकारी भी इस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इतनी बड़ी लापरवाही के बावजूद किसी भी अधिकारी की नजर इस पर नहीं पड़ी है।

**नई नगर पंचायत, पुराने तरीकेः** गिरियक बाजार को हाल ही में नगर पंचायत का दर्जा मिला है। 12 वार्डों में विभाजित इस नई नगरीय इकाई से अपेक्षा थी कि वह आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल कचरा प्रबंधन व्यवस्था अपनाएगी, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत दिखाई दे रही है। नगर पंचायत अधिकारियों द्वारा सभी वार्डों से एकत्रित कचरे को बिना किसी वैज्ञानिक प्रक्रिया के सीधे नदी में डंप किया जा रहा है। गिरियक नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी भावना कुमारी ने बताया कि उन्हें प्रभार लिए ज्यादा समय नहीं हुआ है। अगर नदी में कचरा डंप किया जा रहा है तो निश्चित रूप से यह गलत हो रहा है। इसकी जानकारी प्राप्त कर कचरा निष्पादन के लिए उपयुक्त जगह की तलाश कर उसे डंप किया जाएगा।

पूर्व मध्य रेल
निविदा सूचना
निविदा सूचना संख्या : RP/DNR/HS/TRL/GAYA/RETENDER-2 दिनांक - 22.05.2025
1. कार्य का नाम एवं स्थान : Design, Supply, erection testing & Commissioning of Bays at Bodh Gaya GSS with termination 132 KV D/C transmission line in between Gaya TSS to Bodh Gaya BSPTCL GSS through 132 KV underground Cabling under Railway Project Danapur of East Central Railway. 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹27,37,39,343.83, 3. निविदा फार्म की किमत : ₹0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹15,18,700.00, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक-02.06.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय-दिनांक 16.06.2025 को 15:00 बजे। 6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट - खगौल जिला - पटना, पिन-801105.
उप मुख्य विद्युत अभियंता/
रेल परियोजना/पूमरे/दानापुर
पीआर/0307/डीएनआर/विद्युत/टी/24-25/40

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा संख्याः टीएल-एसी-सीआरडब्ल्यू-एचआरटी-30 दिनांकः 21.05.2025
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. कार्य का नाम एवं स्थान : परंपरागत आरएमपीयू प्रकार के एसी कोचों के रूप माउंटेड पैकेज यूनिट्स (RMPUs) एवं कंट्रोल पैनल की कार्य क्षेत्र के अनुसार पूर्ण मरम्मत एवं ओवरहालिंग का कार्य मात्र 399 आरएमपीयू यूनिट्स (199 कोच)। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रू. 5,20,86,076.22/- (रूपये पाँच करोड़ बीस लाख छियासी हजार छिहत्तर और बाईस पैसे मात्र), 3. निविदा प्रपत्र की राशि : शून्य। 4. जमा की जाने वाली अग्रधन की राशि : रू. 4,10,400.00/- (रूपये चार लाख दस हजार चार सौ रूपये मात्र)। 5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 11.06.2025 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी। 6. वेबसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है। कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र इत्यादि खरीदा जा सकता हैः निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार-803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता
सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत
पीआर/0296/सीआरडब्ल्यू-एचआरटी/यॉं०/टी/25-26/48



## एनकाउंटर में भागलपुर का कुख्यात गुरुदेव मंडल ढेर, एसटीएफ ने एक और वारदात को किया नाकाम

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के भागलपुर में पुलिस ने कुख्यात गुरुदेव मंडल को एनकाउंटर में मार गिराया। घटना रंगरा थाना क्षेत्र में बीती देर रात की है। एसटीएफ की टीम और भागलपुर जिला बल के संयुक्त ऑपरेशन में यह कार्रवाई की गई। गुरुदेव मंडल अपने साथियों के साथ एक नई वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। इसकी भनक पुलिस को लग गई। एसटीएफ और जिला पुलिस की टीम ने अपराधियों के ठिकाने पर धावा बोल दिया। पुलिस को देखते ही गुरुदेव मंडल और उसके गुर्गों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गुरुदेव को ढेर कर दिया।

उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहे जिन्हें पुलिस खोज रही है। पुलिस सूत्रों मिली जानकारी के अनुसार देर रात रंगरा थाना पुलिस को सूचना मिली कि गुरुदेव मंडल अपने गिरोह के साथियों के साथ दियारा इलाके में मीटिंग कर रहा है। वे लोग किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। योजना की तैयारी चल ही रही थी के एसटीएफ और भागलपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने धावा बोल दिया। अपराधियों छुपकर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोलियां चलाई। इसी दौरान गुरुदेव मंडल मारा गया जबकि उसका अन्य साथी अंधेरे और वहां की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने रात में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुदेव मंडल भागलपुर का कुख्यात अपराधी था जो आस पास के जिलों में भी क्राइम करता था। रंगरा और आसपास के इलाकों में कई गंभीर आपराधिक कांडों में पुलिस को उसकी तलाश थी। हत्या, लूट, फिरौती और अवैध हथियार रखने जैसे कई मामले उसके खिलाफ दर्ज हैं। उसे इलाके में आतंक का दूसरा नाम बताया जाता था। पुलिस उसे बेसब्री से तलाश रही थी जबकि वह बार बार पुलिस को चकमा देकर फार हो जाता था एनकाउंटर के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम को तुरंत मौके पर बुलाकर जांच कराई गयी। एफएसएल के अधिकारियों ने घटना स्थल से कई नमूने लिए। मौके से खोखा, गोला-बारूद और अन्य सामान पुलिस ने जब्त किया। वरीय अधिकारियों की निगरानी में छानबीन की जा रही है। गुरुदेव मंडल के मारे जाने से अपराध की वारदातों पर विराम लगने की उम्मीद है।

# समस्तीपुर-दरभंगा रेलखंड का काम नवंबर तक पूरा होने की उम्मीद

## दो पुल का निर्माण बाकी



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर-दरभंगा रेलखंड दोहरीकरण के चौथे चरण में है। ये काम 3 साल में पूरा होना था। लेकिन, 10 साल गुजर चुके है। रामभद्रपुर-हायाघाट- थलवारा करीब 12 किलोमीटर में युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। रेलखंडों के बीच पांच बड़े पुल 14,15, 15ए, 16 व 17 नंबर में से 15, 15ए व 17 का काम पूरा कर लिया गया है। जबकि, पुल नंबर 14 व 16 नंबर पर काम चल रहा है। पांचों पुलों को मिलाकर कुल 28 गाटर चढ़ाया जाना था, जिसमें से 17 गाटर का काम पूरा कर लिया गया है। शेष 11 गाटर पर काम चल रहा है, जिसके अगामी नवंबर माह तक पूरा होने की उम्मीद है। अर्थ वर्क लगभग पूरा हो चुका है। ऐसी स्थिति में सब ठीक रहा तो अगले साल से समस्तीपुर- दरभंगा दोहरीलाइन पर ट्रेनों का चलना शुरू हो जाएगा। जिसे ट्रेनों की स्पीड तो बढ़ेगी ही, साथ ही यात्री जाम में नहीं फसंगे। डीआरएम विनय श्रीवास्तव का कहना है कि दोहरीकरण का काम युद्धस्तर पर जारी है। अगले साल से दोहरी लाइन पर पूरे रूप से ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा।

### तीन साल में पूरा होना था काम, 10 साल गुजरे

समस्तीपुर-दरभंगा 40 किलोमीटर दोहरीकरण का काम तीन सालों में पूरा होना था। लेकिन 10 साल गुजर गए अब तक मात्र 28 किलोमीटर का ही काम हो पाया है। 12 किलोमीटर रेलवे लाइन बिछाना अभी भी बाकी है। रामभद्रपुर- हायाघाट, हायाघाट-थलवारा रेलवे स्टेशनों के बीच चौथे चरण में योजना पर काम चल रहा है। इस खंड के पांच बड़े पुलों में से तीन का निर्माण काम पूरा हो चुका है। अभी दो पुलों का निर्माण होना बांकी है। रेलवे के निर्माण विभाग के अभियंता बताते है कि नवंबर महीने तक निर्माण काम पूरा कर लिया जाएगा। साल 2015 में 519 करोड़ की लागत से दोहरीकरण का कार्य शुरू हुआ, जिसमें रेलवे ट्रैक और पुल के लिए 491 करोड़ व 28 करोड़ रुपए इलेक्ट्रिक वायरिंग के लिए आवंटित हुई थी। इस काम को 3 साल के अंदर पूरा करने का लक्ष्य था।

### 10 सालों में 28 किलोमीटर का रेलवे ने सफर किया तय

10 सालों में 28 किलोमीटर रेलवे सफर तय कर पाई है। जबकि काम को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए योजना को तीन चरणों में बांटा गया था। रेलवे के निर्माण विभाग की ओर से इस खंड पर पहले चरण में समस्तीपुर-किशनपुर 10.50 किलोमीटर और दूसरे चरण में दरभंगा-थलवाड़ा 9.50 किलोमीटर में दोहरीकरण का काम पूरा हुआ है। तीसरे चरण में किशनपुर-रामभद्रपुर के बीच काम पूरा हो चुका है। काम में देरी को देखते हुए इस योजना को फिर से शेष बचे रेलखंड को दो चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में रामभद्रपुर- हायाघाट व दूसरे चरण में हायाघाट-थलवारा के बीच काम को पूरा करना है। रामभद्रपुर-हायाघाट के बीच पुल नंबर 14, 15 व 15 ए का निर्माण होना है। पुल नंबर 14 और 15 व 15 ए में से 15 व 15ए पुल पर काम पूरा कर लिया गया है। जबकि, पुल नंबर 14 पर काम शेष बचा हुआ था। इसी तरह हायाघाट- थलवारा के बीव बागमती व करेह नदी पर पुल नंबर 16 व 14 पर अभी काम चल रहा है।

### नवंबर महीने तक काम पूरा करने का दावा

रेलवे के निर्माण विभाग के अधिकारियों का दावा है कि सभी पुलों का निर्माण नवंबर महीने तक पूरा कर लिया जाएगा। 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि, पुलों के निर्माण में देरी हो सकता है। पुल बनने के बाद ही दोहरी लाइन पर परिचालन संभव है। हालांकि, रेलवे के निर्माण विभाग के अभियंताओं का दावा है कि पुलों का निर्माण जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। जिसके बाद दोहरी लाइन पर ट्रेनें दौड़ने लगेगी। डी आर एम विनय श्रीवास्तव ने कहा कि पहले इस योजना को तीन चरणों में बांटा गया था, लेकिन काम में हो रही देरी को देखते हुए पूरी योजना को पांच चरणों में बांटा गया। अभी रामभद्रपुर- थलवारा के बीच काम चल रहा है। काम में देरी के पीछे कोराना मुख्य कारण रहा। दो सालों तक काम सही से नहीं हो पाया। उम्मीद है कि नवंबर महीने तक रामभद्रपुर से हायाघाट- थलवारा काम पूरा कर लिया जाएगा।

## पहलगाम हमले में अबतक कोई आतंकी नहीं पकड़ा गया : दीपंकर

**पटना, एजेंसी।** भाकपा-माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक महीने पहले बिहार आए थे। तब पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों को मिट्टी में मिला देने की बात कही थी। अबतक एक भी आतंकी का सुराग नहीं मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर केंद्र सरकार खामोश है। अबतक देश को ठोस जानकारी नहीं दी गई है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के जवाबी हमले में मारे गए भारतीय नागरिकों के परिजनों को सांत्वना देने या राहत प्रदान करने के लिए भी सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है। वे शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा भारतीयों की अपमानजनक निकासी, मनमाना टैरिफ थोपने और भारत-पाक युद्ध विराम की एकतरफा घोषणा पर केंद्र सरकार की चुप्पी विफल विदेश नीति को उजागर करती है। ऑपरेशन सिंदूर के समय दुनिया के किसी भी देश ने भारत का समर्थन नहीं किया। यह मोदी सरकार की कूटनीतिक असफलता का प्रमाण है। बिहार में जनता की सुरक्षा और भ्रष्टाचार के समूल उन्मूलन के लिए इंडिया गठबंधन को सत्ता में लाना अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर माले राज्य सचिव कुणाल, पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेंद्र झा, विधायक दल के उपनेता सत्यदेव राम उपस्थित थे।

# महिलाओं को बस चलाना सिखाएगी बिहार सरकार
## पिंक बस के लिए लेडी ड्राइवर नहीं मिले थे




**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार अब महिलाओं को बस चलाना सिखाएगी। परिवहन विभाग ने महिलाओं को बस चलाने के लिए प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। ड्राइविंग की ट्रेनिंग लेने के लिए 18 से 35 साल की उम्र की इच्छुक महिलाओं का चयन किया जाएगा। चयनित महिलाओं को गाड़ी चलाने का प्रशिक्षण दिलाकर विभाग ड्राइविंग लाइसेंस दिलाएगा। इसके बाद इनको पटना समेत अन्य शहरों में चलने वाली महिलाओं के लिए समर्पित पिंक बस की कमान सौंपी जाएगी। दरअसल, पिछले दिनों पिंक बस के लिए सरकार को महिला ड्राइवर नहीं मिल पाए थे, इसी कारण विभाग ने ट्रेनिंग का फैसला लिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा और सुगम परिवहन देने के उद्देश्य से पिंक बस सेवा शुरू की है। पटना के साथ मुजफ्फरपुर, भागलपुर, पूर्णिया, गया और दरभंगा में 20 पिंक बसें चल रही हैं। जल्द ही 100 और बसों का परिचालन इन शहरों में होगा। बता दें कि पिंक बसों के लिए निगम ने बीते दिनों चालकों और संवाहकों (कंडक्टर) की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया था। निगम से सम्बद्ध एजेंसी से इनका चयन होना था। इसके तहत निगम को 25 महिला ड्राइवर और 250 महिला संवाहक की जरूरत थी। निगम ने बिहार के साथ झारखंड से आवेदन मांगा था, लेकिन एक भी महिला ड्राइवर नहीं मिली। 90 महिलाओं ने कंडक्टर के लिए जरूर आवेदन किए। कुछ महिलाओं के आवेदन चालक के लिए आए भी, तो वे बस चलाने योग्य नहीं पाई गईं। यही कारण है कि निगम वैकल्पिक व्यवस्था के तहत फिलहाल पुरुष चालकों से ही पिंक बसों का परिचालन करा रहा है। हालांकि कंडक्टर के रूप में महिलाएं काम कर रही हैं।

### मुफ्त ट्रेनिंग देगी सरकार

ड्राइवर के चयन होने के बाद इन महिलाओं को औरंगाबाद में आवासीय व्यवस्था के तहत बस चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। गाड़ी चलाने की जानकारी होने पर निगम महिलाओं को बस चलाने के लिए विधिवत ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाएगा। इच्छुक महिलाओं को चालक प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम दसवीं पास होना जरूरी होगा। साथ ही शारीरिक रूप से स्वस्थ और फिट होना भी जरूरी होगा। निगम जल्द ही आवेदन जारी करेगा। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को चालक के रूप में काम करना होगा। बदले में उन्हें श्रम संसाधन विभाग की ओर से निर्धारित मानदेय दिया जाएगा।



## सड़क पर साइड मांगने पर बदमाशों ने भाई-बहन को पीटा

### दरभंगा में बाइक सवार स्टूडेंट्स जख्मी, मां बोली- नकाब पहनने के कारण बेटी को मारा

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में शुक्रवार की देर रात बाइक से लौट रहे भाई-बहन को कुछ बदमाशों ने पीटकर घायल कर दिया। दोनों का इलाज डीएमसीएच के इमरजेंसी विभाग में चल रहा है। मामला लहेरियासराय थाना क्षेत्र के बाकरगंज का है। घटना में घायल युवक रेहान और उसकी बहन जैनब बाकरगंज मुहल्ला निवासी शम्स आलम के बच्चे हैं। दोनों को बचाने पहुंची उनकी मां अंजुम आरा भी चोटिल हो गईं। अंजुम आरा ने बताया कि उनका बेटा रेहान, बेटी जैनब को करमगंज स्थित कोचिंग से बाइक पर लेकर लौट रहा था। रास्ते में शादी समारोह के कारण भीड़ थी। रेहान ने हॉर्न बजाकर साइड मांगी। इसी पर नशे में धुत बदमाशों ने दोनों पर हमला कर दिया। बेटी को भी इसलिए मारा है, क्योंकि उसने नकाब पहना हुआ था।

### मां को भी मारपीट में लगी चोट

मारपीट में दोनों भाई-बहन सड़क पर गिर पड़े। रेहान ने घर फोन कर मां को बुलाया। अंजुम आरा मौके पर पहुंचीं। उन्हें भी मारपीट में चोट लगी। किसी तरह तीनों घर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को डीएमसीएच भेजा। घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी नफिसुल हक रिंकू सहित कई लोग डीएमसीएच पहुंचे। सभी ने घटना की निंदा की।

पुलिस प्रशासन से उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। लहेरियासराय थानाध्यक्ष अमीत कुमार ने बताया कि अब तक आवेदन नहीं मिला है। बेंता थाना को घायल ने अभी तक फर्द बयान भी नहीं दर्ज करवाया हैं।आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।



## हाइवा की टक्कर से गिरा मंदिर, ग्रामीण जख्मी

**नालंदा, एजेंसी।** शनिवार की अहले सुबह निर्माणाधीन पटना-राजगीर टूरिस्ट वे पर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। तेज गति में आ रही हाईवा ने मंदिर में टक्कर मार दी। जिसके कारण पूरा मंदिर परिसर क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राइवर को नींद आने से हादसा हुआ है। घटना तेलमर थाना क्षेत्र के तेलमर बाजार के पास की है। स्थानीय निवासी सह पूर्व जिला पार्षद प्रत्याशी विक्की कुमार ने बताया कि करौटा की तरफ से तेज रफ्तार में आई हाईवा ने बजरंगबली के मंदिर में टक्कर मार दी। जिससे पूरा मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि मंदिर के अंदर स्थापित बजरंगबली की मूर्ति को खरोच तक नहीं आई है। मंदिर में छिपे तेलमर निवासी सागर बिन्द दीवार के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। ये बारिश से बचने के लिए मंदिर में आए थे।

### गाड़ी से भी टकराया हाइवा

घटनास्थल पर नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई है और मेला लगा हुआ है। मन्दिर में टक्कर के बाद हाइवा थोड़ी दूर पर एक गाड़ी में टकरा गया। जिसके कारण गाड़ी सड़क किनारे पलट गई। बजरंगबली के मंदिर के ठीक विपरीत दिशा में नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुआ है। तेलमर थाना अध्यक्ष शत्रुघन कुमार शाह ने बताया कि सड़क हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि झपकी लगने की वजह से उसने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और हाईवा जाकर मंदिर से टकरा गई। घटना में मंदिर में रुके एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए कल्याण विगहा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## विकास के आंकड़े दिखाकर केंद्र से विशेष तोहफे मांगने की तैयारी

**पटना, एजेंसी।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शनिवार को दिल्ली में हो रही नीति आयोग की गवर्निंग बॉडी की बैठक में हिस्सा लेंगे। बिहार सरकार की तैयारी चुनावी साल के लिए विशेष तोहफे मांगने की है। इसके लिए सरकार की ओर से विकास के आंकड़े दिखाकर कुछ खास परियोजनाओं के लिए मदद पर फोकस करने की है। सम्राट चौधरी के साथ मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा और योजना सचिव के. सेंथिल कुमार भी दिल्ली जा रहे हैं।



नीति आयोग की गवर्निंग बॉडी की इस बैठक में देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधि हिस्सा लेकर अपने राज्यों के लिए मांग रखते हैं। नीति आयोग इन मांगों के आधार पर देशव्यापी योजनाओं की प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए एक्सपर्ट ओपिनियन तैयार कराता है। इसी के आधार पर भारत सरकार केंद्रीय योजनाओं और राज्यव्यापी जरूरतों के बारे में फैसला लेती है।

बिहार की ओर से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी विजन 2047 के रोडमैप के आधार पर राज्य के लिए विशेष सहायता मांग सकते हैं। हालांकि, राज्य का विजन डॉक्यूमेंट अभी तक सामने नहीं आया है। विशेषज्ञों की मदद से इसे मुकम्मल रूप दिया जा रहा है। इसमें आजादी के 100 साल के बाद विकास की भावी रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके अलावा बिहार सरकार अपनी कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के लिए भी राशि की मांग कर सकती है।

# तेज बारिश से रेलवे ट्रैक धंसा, बड़ी दुर्घटना टली

### लखीसराय में आधे घंटे तक रुका ट्रेन परिचालन, अंडरपास में जलजमाव से ग्रामीण नाराज



**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय में शुक्रवार सुबह जमालपुर-किऊल रेलखंड पर बड़ा रेल हादसा टल गया। पीरीबाजार में तेज बारिश के कारण रेल परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ। अभयपुर और मसूदन स्टेशन के बीच गेट संख्या 23 सीआरयूबी के पास रेलवे ट्रैक धंस गया, जिससे दो पैसेंजर ट्रेनों को बीच रास्ते में ही रोकना पड़ा। हालांकि, डाउन मालगाड़ी के गार्ड की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया।

**गार्ड की सूझबूझ से बची जानें :** मिली जानकारी के अनुसार, सुबह 7:02 बजे आनंद विहार से चलने वाली विक्रमशिला एक्सप्रेस अभयपुर स्टेशन से गुजर चुकी थी। उसके तुरंत बाद एक मालगाड़ी भी उसी पटरी से होकर निकली। मालगाड़ी के गार्ड ने ट्रैक पर असामान्य हलचल देखी और धंसी हुई पटरी को पहचान लिया। मालगाड़ी के गार्ड ने तुरंत अभयपुर स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी। तत्परता दिखाते हुए स्टेशन मास्टर ने दोनों दिशाओं की ट्रेनों को तत्काल रोक दिया। इससे एक बड़ा हादसा टल गया।

**दो पैसेंजर ट्रेनों को रोका, मरम्मत का कार्य शुरू :** इस दौरान किउल-जमालपुर अप पैसेंजर (73421) को मसूदन और किउल-जमालपुर डाउन पैसेंजर (53480) को अभयपुर स्टेशन पर ही रोक दिया गया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रैक की मरम्मत का कार्य शुरू हुआ। करीब डेढ़ घंटे तक रेल परिचालन प्रभावित रहा। हालांकि, स्टेशन अधीक्षक के अनुसार, ट्रेनों की आवाजाही केवल 30 मिनट (8:40 से 9:10 बजे तक) बाधित रही।

**बेनीपुर अंडरपास में जलजमाव, ग्रामीणों का प्रदर्शन :** वहीं, बेनीपुर गांव के पास नवनिर्मित रेलवे अंडरपास में मूसलाधार बारिश के कारण 10-12 फीट तक पानी भर गया। इससे अभयपुर-धरहरा के बीच सड़क मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। दो स्कूली वाहन पानी में फंस गए, हालांकि, ड्राइवर सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे।

**जलजमाव से ग्रामीण नाराज, आधे घंटे तक प्रदर्शन :** जलजमाव से नाराज़ ग्रामीणों ने रेल ट्रैक पर करीब आधे घंटे तक प्रदर्शन कर ट्रेन परिचालन रोक दिया। सूचना मिलते ही पीरीबाजार थानाध्यक्ष, आरपीएफ जमालपुर, जीआरपी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। अधिकारियों ने अंडरपास से पानी निकालने और समस्या के स्थायी समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने ट्रैक खाली किया। ग्रामीणों ने बताया कि हर बारिश में अंडरपास में पानी भर जाता है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी होती है। वे वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं और अब स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लूट मामले में दो गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के रामदासी गांव के बाबा बांध मोड़ के समीप बीते दिन गुरुवार की शाम एक युवक के साथ कुछ बदमाशों द्वारा मारपीट कर मोबाइल और सोने के चैन की छिनतई की गई थी। घटना को लेकर पीड़ित युवक रामदासी गांव निवासी कैलाश यादव के पुत्र रंजन यादव ने थाना को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मारपीट एवं छिनतई को लेकर घायल युवक के द्वारा लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। वहीं घटना में शामिल पांच आरोपियों में दो आरोपियों को पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामदासी गांव निवासी फौदी यादव के पुत्र कुलदीप यादव एवं महेश यादव के पुत्र चंद्रदीप यादव है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार लोगों को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### जनता दरबार में दो जमीन विवाद सुलझे



**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में जोगनी एवं सिमरकोल गांव से जनता दरबार में दो मामलों का निपटारा किया गया। इसका नेतृत्व सीओ गुफरान मजहरी व थानाध्यक्ष राजेश कुमार के द्वारा किया गया। जमीन विवाद से मामलों के निष्पादन के दौरान थाने में तैनात पुलिस बल तथा क्षेत्र के चौकीदारगण तथा अंचल कार्यालय में तैनात अंचल नाजिर शिव शंकर कुमार भी मौजूद रहे। बताते चलें कि सरकार के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को जमीन संबंधी मामलों का निष्पादन के लिए सभी थाने में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जहां जमीन संबंधी छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान सीओ और थानाध्यक्ष द्वारा प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी द्वारा किया जाता है। वहीं जटिल समस्याओं का निष्पादन नहीं होने पर लोगों को ऊपरी अदालत में जाने की सलाह दी जाती है। जमीन संबंधित विवाद के निपटारे को लेकर सीओ गुफरान मजहरी ने बताया कि जोगनी गांव निवासी सुमा देवी का विवाद कृष्णा कुमार एवं सिमरकोल निवासी मुन्नी साव का विवाद ईश्वरी साव के साथ था। उक्त मामलों में दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद दोनों मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। साथ ही अंचलाधिकारी ने कहा कि जमीन से संबंधित विवाद होने पर आपस में झगड़ा न करें, इसे जनता दरबार में लाएं और निराकरण कराएं। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी दिनेश प्रसाद एवं अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार के अलावे दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### खेल प्रतियोगिता में विजेता सम्मानित



**वारिसलीगंज (नवादस) (नि.सं.)**। मशाल के संकुल स्तरीय खेल गतिविधियों का आयोजन, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 22 मई से 24 मई के बीच संकुल संसाधन केंद्र, इंटर विद्यालय चकवाय के खेल परिसर में किया गया। विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता हेतु इंटर विद्यालय चकवाई सहित संकुल के दो मध्य विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए एथलेटिक्स, साइक्लिंग, बॉलीबॉल, कब्बड्डी जैसे विधाओं में प्रतिभागियों ने बढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता समाप्ति के उपरांत समारोह पूर्वक पुरस्कार वितरण किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया मृत्युंजय कुमार ने 60 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मध्य विद्यालय चकवाई की छात्रा शबनम कुमारी को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं टीशर्ट देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने उक्त बालिका को अपनी ओर से 1100 रुपए की नकद राशि भी प्रदान करते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सरपंच राजनीति शर्मा, पैक्स अध्यक्ष बढ़न रविदास, विद्यालय के दानदाता सदस्य राकेश कुमार सहित मध्य विद्यालय चकवाई के प्रधानाध्यापक रामानंदन प्रसाद, इंटर विद्यालय चकवाई के वरीय शिक्षक रामेश्वर इच। गुटु, विकास कुमार बिनोद कुमार अंजेश कुमार तथा स्थानीय अभिभावकों ने खिलाड़ियों को मेडल, टीशर्ट एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। शारीरिक शिक्षक राहुल राज एवं कार्यक्रम संयोजक मृत्युंजय कुमार सहित, रणजीत कुमार राकेश कुमार एवं रोहित कुमार की अहम भूमिका रही। सभी चयनित विद्यार्थी, अंडर 14 एवं अंडर 16 कोटि में प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में टीम भावना से काम करने की प्रेरणा मिलती हैं तथा प्रतियोगिता में बने रहने की ललक पैदा होती है। शिक्षा विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण धन्यवाद के पात्र हैं। मौके पर विद्यालय के सैकड़ो छात्र मौजूद थे।

### खेल महोत्सव में बच्चों को मिला सम्मान


**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखंड क्षेत्र के बलिया गांव स्थित इंटर स्कूल के प्रांगण में शनिवार को मशाल खेल महोत्सव में शामिल विभिन्न वर्गों में विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान समन्वयक रणजीत कुमार, लालजीत कुमार और दिनेश प्रसाद एवं राजौली प्रखंड शिक्षक नेता अजित कुमार सहित सभी खेल में सहयोग करनेवाले शिक्षकों से खेल में चयनित छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान 60 मीटर की दौड़ में अंडर-14 में में छात्रों में पहला स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय बौढीकला के छात्र रवि कुमार व छात्राओं में निशा कुमारी एवं कबड्डी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलिया के छात्र व उत्क्रमित मध्य विद्यालय बौढीकला की छात्रा विजयी हुई। वहीं ऊंची कूद में अंडर-14 के छात्राओं में उत्क्रमित मध्य विद्यालय शोहदा की प्रियंका कुमारी एवं छात्रों में उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलवरिया के छात्र हिमांशु कुमार एवं अंडर-16 में छात्राओं में उत्क्रमित हाई स्कूल की छात्रा कंचन कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन की। इसके अलावे विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल होने वाले अन्य छात्र-छात्राएं भी शामिल रहे।

### स्कूल में ग्रीष्मावकाश महोत्सव

**तिलौथू (रोहतास) (नि.सं.)**। जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल, तिलौथू परिसर में ग्रीष्मावकाश महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्यवस्थापक मिथिलेश विश्वकर्मा के कुशल नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सेवकगण हर्षोल्लास के साथ शामिल हुए। महोत्सव की शुरुआत आम जूस महोत्सव से हुई, जिसमें बच्चों ने आम के रस का आनंद उठाया। इसके उपरांत विद्यार्थियों को ग्रीष्मावकाश के दौरान अध्ययनरत रहने हेतु गृहकार्य भी सौंपा गया। विद्यालय में अब ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया गया है। विशेष जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक श्री सुनील कुमार ने बताया कि आगामी 1 जून से 7 जून 2025 तक विद्यालय में 'समर स्पेशल इंग्लिश कैम्प' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कक्षा षष्ठम, सप्तम एवं अष्टम के चयनित विद्यार्थी भाग लेंगे। इस विशेष कैम्प का उद्देश्य बच्चों में अंग्रेजी बोलने और समझने की क्षमता को विकसित करना है। इस कैम्प के प्रशिक्षक होंगे जंगलेश प्रसाद चौरसिया, जो अंग्रेजी भाषा के अनुभवी मार्गदर्शक हैं। विद्यालय पुनः 23 जून 2025, दिन सोमवार को प्रातः 07:00 बजे से खुलेगा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सक्रिय सदस्य सफदर अली, मुकेश कुमार, धीरज, अभिमन्यु, श्याम, प्रिंस, मृत्युंजय पाठक एवं शिक्षिकाएं डिंपल, खुशनुमा, अर्पिता, निभा, आशिया, अंजलि, नूर की विशेष उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस आयोजन को बच्चों के समग्र विकास के लिए एक प्रेरणादायी पहल बताया गया, जो निश्चित ही उनकी गर्मी की छुट्टियों को सीखने और आनंद लेने का अवसर प्रदान करेगा।

# टीएचआर वितरण पर डीएम की समीक्षा बैठक

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) अंतर्गत सूखा राशन वितरण (टीएचआर) हेतु पोषण ट्रैकर ऐप पर FRS एवं eKYC की प्रगति की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा महिला पर्यवेक्षिकाओं से प्रगति में कमी का कारण पूछे जाने पर पर्यवेक्षिकाओं द्वारा बताया कि अधिकांश लाभुकों के आधार कार्ड में पुराने मोबाइल नंबर दर्ज हैं, जो अब निष्क्रिय हो चुके हैं। चूंकि FRS के लिए आधार से मोबाइल लिंक होना अनिवार्य है, यह एक प्रमुख बाधा बनकर सामने आ रही है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक परियोजना स्तर पर ऐसे लाभुकों का सर्वेक्षण किया जाए, जिनके आधार में पुराना व निष्क्रिय मोबाइल नंबर जुड़ा है। जिन लाभुकों का मोबाइल नंबर वर्तमान में सक्रिय है, उनका FRS कार्य प्राथमिकता के आधार पर दो दिन के भीतर पूर्ण किया जाए। महिला पर्यवेक्षिकाओं को सख्त निर्देश दिया गया कि अगली बार यदि प्रगति में सुधार नहीं दिखा, तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विगत दो दिनों की तरह प्रतिदिन 03 प्रतिशत की दर से प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बेसहारा बच्चों के लिए आरिएंटेशन सत्र का आयोजन

निज संवाददाता | नवादा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार, आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के तत्वावधान में एक विशेष ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य बेसहारा बच्चों को आधार पंजीकरण, विधिक सहायता, एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना था, ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। यह सत्र आशुतोष कुमार झा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा एवं धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, अवर न्यायाधीश तृतीय-सह-प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के विभिन्न पदाधिकारी, अधिवक्ताएवं पैरा लीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों को योजनाओं की जानकारी दी तथा आवश्यक सहयोग प्रदान किया। यह आयोजन न केवल विधिक जागरूकता का उदाहरण था, बल्कि यह सामाजिक समावेशन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। इस अवसर पर सिविल सर्जन नवादा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, अधीक्षक वृहद आश्रय गृह, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के साथ-साथ पैनल लायर एवं पीएलवी उपस्थित थे।

## रामलाल +2 इंटर विद्यालय के प्राचार्य बीते 10 दिनों से बिना सूचना के गायब

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखंड क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के तरगीर गांव स्थित रामलाल +2 इंटर विद्यालय के प्राचार्य राणा रंजीत सिंह बीते 10 दिनों से बिना सूचना के गायब हैं। प्राचार्य के गायब होने से स्कूल का सभी कार्य प्रभावित हो रहा है, इसको लेकर शिक्षकगण एवं परिजन भी परेशान हैं। स्कूल में पदस्थापित सीनियर शिक्षक ब्रजेश कुमार ने बताया कि बीते 13 मई को प्राचार्य राणा रंजीत सिंह द्वारा बोला गया कि वे नवादा में आयोजित एक मीटिंग में जा रहे हैं और स्कूल की चाभी हमें सौंप दी गई। वहीं 14 मई को प्राचार्य द्वारा फोन करके बोला गया कि 14 और 15 मई का सीएल भर दीजिए। किंतु उसे बाद से प्राचार्य से किसी प्रकार का संपर्क स्थापित नहीं हो पा रहा है। साथ ही बताया कि प्राचार्य के मोबाइल पर कॉल करने के बाद उनका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। इस दौरान विद्यालय के संचालन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच प्राचार्य के मंझले भाई अशोक कुमार भी प्राचार्य को ढूंढते हुए 16 मई को विद्यालय आए थे। बीते 10 दिनों से गायब प्राचार्य की सूचना विभाग के वरीय पदाधिकारी को दी गई है। वहीं प्राचार्य के बेटे बेटा सोनू कुमार ने बताया कि घरेलू कलह के कारण पिताजी विद्यालय नहीं जा रहे हैं। साथ ही कहा पिताजी का मोबाइल बंद किए हुए हैं।

## छपरा गांव की बेटी भावना बनी कंपनी सेक्रेटरी

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)




प्रखंड क्षेत्र के पश्चिमी पंचायत अंतर्गत छपरा गांव की बेटी भावना सिंह ने अपने कठोर परिश्रम और समर्पण से कंपनी सेक्रेटरी की डिग्री प्राप्त कर गांव, परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दीक्षांत समारोह में भावना को यह सम्मान पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री स्मृति ईरानी ने प्रदान किया। इस अवसर पर पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने एक स्वर में कहा कि भावना की सफलता आज हर बेटी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। भावना सिंह,राणा रणजीत सिंह की सबसे छोटी बेटी हैं, जो एक किसान हैं। पिता ने बेटियों के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए उन्हें पढ़ाई के लिए हमेशा प्रेरित किया और यही बेहतर मार्गदर्शन भावना की सफलता की नींव बना। भावना खुद कहती हैं कि उनके परिवार में बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं किया गया और यही सकारात्मक सोच उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रही। भावना की प्रारंभिक शिक्षा रजौली के सरस्वती शिशु मंदिर से हुई।इसके बाद उन्होंने कक्षा 10 तक की पढ़ाई रांची के बिशप स्कॉट स्कूल से पूरी की। 12वीं की शिक्षा जेबीएम श्यामली रांची से प्राप्त करने के बाद, दिल्ली विश्वविद्यालय के ज़ाकिर हुसैन कॉलेज से उन्होंने बीकॉम की डिग्री हासिल की। फिर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, हरियाणा से उन्होंने एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। भावना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना की सराहना करते हुए कही कि इससे देश की बेटियों को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। उन्होंने अपनी सफलता को अपने पिता, परिवार और शिक्षकों के सहयोग और आशीर्वाद का परिणाम बताया। गांव और क्षेत्र में भावना की इस उपलब्धि से खासकर युवतियों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ है। आज भावना सिंह पूरे देश की बेटियों के लिए एक मिसाल बन चुकी हैं।

## डीएम ने किया ईवीएम एवं वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के तहत ईवीएम एवं वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (FLC) का निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि यह जांच कार्य दिनांक 24.05.2025 से 08.06.2025 तक चलेगा, जिसे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त अभियंताओं की 13 सदस्यीय टीम द्वारा संपादित किया जा रहा है। यह कार्य प्रतिदिन, सामान्य कार्यदिवसों के साथ-साथ अवकाश के दिनों में भी प्रातः 09:00 बजे से संध्या 07:00 बजे तक किया जाएगा। एफएलसी कक्ष में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा तथा परिसर में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री का लाना सख्त मना है। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने एफएलसी केंद्र की सुरक्षा, रखरखाव एवं कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा की तथा मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि एफएलसी संचालन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के सभी मानक दिशा-निर्देशों का अनुपालन हो, तथा ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा, परीक्षण एवं अभिलेख संधारण की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और मजबूत हो। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, एफएलसी के नोडल पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश कुमार पासवान, अवर निर्वाचन पदाधिकारी मो० हैदर हैदरी, जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधानाध्यापक के विरुद्ध शिक्षिका ने दर्ज कराई प्राथमिकी

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के गागन खुर्द गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बीते 22 मई को विद्यालय संचालन हेतु समय-सारणी को लेकर उपजे विवाद में प्रभारी प्रधानाध्यापक रामाशीष कुमार द्वारा एक सहायक शिक्षिका निधि राज को शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने सामने गाली-गलौज एवं गला दबाने का प्रयास किया गया था। उक्त घटना को लेकर शिक्षकों एवं ग्रामीण समेत अन्य लोगों ने इस घटना को निंदनीय बताया था। वहीं पीड़ित शिक्षिका निधि राज द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापक रामाशीष कुमार के विरुद्ध थाने को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई थी। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला शिक्षिका द्वारा प्राप्त लिखित आवेदन के आलोक में बीएनएस की धारा 126(2), 115(2), 74,351 व 352 के अंतर्गत प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं थाने में पदस्थापित एसआई मो. शमीम खान द्वारा केस का अनुसंधान किया जा रहा है।

## पश्चिमी मंडल में भाजपा कार्यसमिति की बैठक आयोजित



निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

प्रखण्ड के सलैया गांव अवस्थित सामुदायिक भवन में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की पश्चिमी मण्डल इकाई के कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पश्चिमी मण्डल के अध्यक्ष मुकुल कुमार सिंह ने किया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला महामंत्री व गोविंदपुर विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र शर्मा मौजूद रहे। बैठक में सभी बूथों पर पार्टी की मजबूती को लेकर चर्चा किया गया तथा कार्यकर्ताओं से कहा गया कि बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती को लेकर कार्यकर्ता संघर्ष करें। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार भोली, कौआकोल पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, भोली सिंह, कुन्दन प्रभाकर, परशुराम यादव, श्रीनिवासन, गोपाल आदि मौजूद थे।

## आयुष्मान कार्ड व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना को लेकर बैठक आयोजित, 26 से 28 मई तक विशेष अभियान

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखंड कार्यालय में शनिवार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना को लेकर बीडीओ संजीव झा के नेतृत्व में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के मुखिया, सरपंच, पैक्स अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद गण मौजूद रहे। बीडीओ ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभार्थियों तथा 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान व वंदना कार्ड निर्गत करने हेतु 26 मई से 28 मई तक चलने वाले विशेष अभियान की तैयारी को लेकर बैठक की गई है। बीडीओ ने कहा कि राज्य सरकार एवं मुख्य सचिव बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में जिले में 13 लाख कार्ड निर्गत करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनहित से जुड़ा हुआ है और इसका उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक स्वास्थ्य सुरक्षा कवच पहुंचाना है। बीडीओ ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से अपील किया कि वह अपने पंचायत में अभियान की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस लाभ से वंचित न रहे। बताते चलें कि आयुष्मान कार्ड से गरीब व कमजोर वर्ग के परिवारों को अस्पताल में भर्ती होने पर मुफ्त इलाज मिलता है, 5 लाख रुपये की हेल्थ पॉलिसी प्रति परिवार को हर साल मिलती है, योजना से जुड़े अस्पतालों में भर्ती होने पर कैशलेस इलाज की सुविधा मिलती है एवं आयुष्मान योजना में 1300 से ज्यादा बीमारियों का इलाज शामिल है।

# बिहार में कला, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में हैं असीम संभावनाएं : राजू कुमार सिंह

निज संवाददाता | पटना



राजधानी पटना के प्रतिष्ठित होटल मौर्या में आज एक ऐतिहासिक पहल के तहत स्कमाखी एंटरटेनमेंट प्रा. लि. और चेतना झाम द्वारा पहली बार 'महा प्रेस कांफ्रेंस' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भोजपुरी सिनेमा के उत्थान, भाषा की गरिमा की रक्षा और पारिवारिक, साफ-सुथरी फिल्मों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के मंत्री मोतीलाल प्रसाद, पर्यटन विभाग के माननीय मंत्री राजू कुमार सिंह और फिल्म निर्माता चेतना झाम विशेष रूप से उपस्थित रहे। चेतना झाम ने कहा, "भोजपुरी सिनेमा को राष्ट्रपिता डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गौरवपूर्ण शुरुआत दी थी, लेकिन अब उसकी गरिमा लुप्त होती जा रही है। जरूरत है अच्छे शब्द चयन, शुद्ध भाषा और सकारात्मक विषयों की। मेरी नई फिल्म 'अनमोल घड़ी' की शूटिंग पूरे बिहार में होगी। हमारा ध्येय साफ-सुथरी, प्रेरणादायक और युवाओं को जोड़ने वाली फिल्में बनाना है।" चेतना झाम ने यह भी कहा कि थियेटरों और हॉल मालिकों से मिलकर भोजपुरी फिल्मों को प्राथमिकता देने पर बातचीत की जाए और इसका रोडमैप तैयार किया जाए। मौके पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद ने स्पष्ट किया कि बिहार सरकार क्षेत्रीय भाषाओं, विशेषकर भोजपुरी में बनने वाली गुणवत्तापूर्ण फिल्मों को पूर्ण सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा, "अगर किसी फिल्म की 75% शूटिंग बिहार में होती है, तो उसे 4 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी मिलेगी। भोजपुरी हमारी मातृभाषा है, इसे अश्लीलता से नहीं, उत्कृष्टता से जोड़ा जाना चाहिए। शुद्ध भाषा, अच्छा संदेश और सामाजिक सरोकारों वाली फिल्में सरकार की प्राथमिकता हैं।" वहीं, पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में कला, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया, "हम फिल्म मेकर्स को सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गयाजी, वाल्मीकिनगर, वैशाली जैसे ऐतिहासिक स्थलों को शूटिंग के लिए तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी की प्रगति यात्रा के दौरान स्वीकृत 800 करोड़ की योजनाएं राज्य में पर्यटन और संस्कृति को मजबूती देने के लिए कार्यरत हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संयुक्त रूप से कहा कि अब वक्त आ गया है जब भोजपुरी और बिहार की अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को गरिमा और सम्मान मिले। चेतना झाम ने यह भी प्रस्ताव रखा कि सरकार को थिएटर मालिकों और फिल्म वितरकों के साथ एक स्पष्ट नीति पर काम करना चाहिए जिससे साफ-सुथरी फिल्मों को प्राथमिकता दी जा सके और द्विअर्थी या अपमान जनक कंटेंट को रोका जा सके।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से शनिवार को पेंशनर भवन नारदीगंज में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित की गई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। सीएचसी में कार्यरत चिकित्सक डा. प्रवीण कुमार ने शिविर में आये प्रखंड के विभिन्न गांवों के 16 पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आये दिन मौसम भी बदल रहा है। गर्मी व लू से जन जीवन प्रभावित हो रहा है।इस उम्र में आपसभी अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना आवश्यक है। तेज धूप व लू में घर से बाहर नहीं निकले।घर से बाहर निकलते समय तौलिया व गमछा को माथे पर रखकर निकले। पानी पीने में कोताही नहीं बरतना है। अधिक पानी पिये। खाली पेट नहीं रहना है। आप सभी समयानुसार दवा का सेवन कीजिए। इसमें किसी तरह की लापरवाही ठीक नहीं है।

## दाय बिगहा स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



निज संवाददाता | नरहट (नवादा)

उत्क्रमित मध्य विद्यालय दाई बिगहा में कार्यरत बेसिक विशिष्ट शिक्षिका नेहा कुमारी का टीआर थ्री में वाणिज्य विषय प्लस टू विद्यालय में चयन हुआ है, उनका पदस्थापना किशनगंज जिला में हुआ है। इस उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार के द्वारा शनिवार को विधाई सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने की और मंच संचालन विशिष्ट स्नातक शिक्षक पंकज कुमार द्वारा किया गया। अपने सम्बंधित में प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताए कि नेहा कुमारी ने 2022 में बेसिक नियोजित शिक्षिका के रूप में योगदान की थी, तब से इनका विद्यालय में अहम योगदान रहा है। नेहा कुमारी मृदुल स्वभाव और बच्चे के बीच काफी लोकप्रिय थी। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके पर संकुल संचालक दिनेश सर भी उपस्थित थे। इसके अलावा विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, चंदन कुमार, अब्दुल कादिर, मनीष कुमार आशुतोष कुमार, सरोज पाठक, जितेंद्र कुमार, ताबीज सर टूटू कुमार, शिक्षिका रानी कुमारी, राधा कुमारी, इभा, स्वर्णलता कुमारी, कुमारी श्वेता, कुमारी सुरभि प्रिया, प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी, भारती कुमारी, आसना बानो, अलका सिंहा ममता कुमारी के अलावा सैकड़ों की संख्या में बच्चे उपस्थित थे। सभी के आंखों में मैडम को विद्यालय छोड़ने का ग़म था, वहीं उनके प्लस टू विद्यालय में जाने का गर्व था। सबों ने अपने वक्तव्य में उनकी कार्यकाल की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### 26 मई को कोईलवर में खरीफ कर्मशाला

**कोईलवर**। स्थानीय कोईलवर प्रखंड में खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 मई को होगा। कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे से ई-किसान भवन, प्रखंड मुख्यालय कोईलवर में शुरू होगा। इसकी जानकारी प्रखंड कृषि कार्यालय ने दी। आयोजन निदेशक बामेती बिहार पटना के आदेश पर किया जा रहा है। इसमें किसानों को मौसम के बदलते हालात में धान की खेती के तरीके बताए जाएंगे। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम में कोईलवर प्रखंड के सभी किसानों को बुलाया गया है। सभी स्तर के जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रण भेजा गया है। आयोजन की पूरी तैयारी कृषि विभाग, कोईलवर कर रहा है।

### 25 मई को बखोरापुर में छात्र प्रोत्साहन कार्यक्रम

**आरा**। समाजसेवी अजय सिंह 25 मई को बखोरापुर में छात्र प्रोत्साहन कार्यक्रम करेंगे। इसमें कक्षा-10 वीं और 12वीं में उत्तीर्ण 200 गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। अजय सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज के वंचित वर्ग के छात्रों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। पढ़ेगा बड़हरा तभी तो बढ़ेगा बड़हरा; यह संकल्प है। शिक्षा ही समाज के विकास की नींव है।

### रैफ जवान की बाइक चोरी

**कोईलवर**। स्थानीय कोईलवर मेंटल हॉस्पिटल के पास एक रैफ जवान की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। जवान रोनल सिंह ने बताया कि वह किराया के मकान में रहते है। मकान के सामने बाइक खड़ी कर वह अंदर गये थे। करीब आधे घंटे बाद लौटा तो बाइक गायब थी। रोनल जम्मू-कश्मीर के रहने वाले है। उन्होंने कोईलवर थाने में आवेदन देकर बाइक बरामद करने की मांग की है।

### प्रशासनिक भवन में नहीं मिल रहा पीने का पानी

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस में प्रशासनिक भवन में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है। तेज गर्मी में पानी की कमी से कर्मचारी और आगंतुक परेशान हैं। पूर्व सीनेट सदस्य अजय कुमार तिवारी मुन्मुन ने कुलपति को पत्र लिखकर इस समस्या की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि भवन में पीने का पानी नहीं है। इस कारण सभी को दिक्कत हो रही है। विश्वविद्यालय के अभियंता से बात की गई तो उन्होंने कुलानुशासक से संपर्क करने को कहा। अजय तिवारी ने कुलपति से आग्रह किया है कि संबंधित पदाधिकारी को आदेश देकर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था जल्द ठीक कराई जाए ताकि गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

### शराब तस्कर को पांच वर्षों का कारावास, एक लाख का जुर्माना

**बक्सर**। शराब तस्करी के मामले में शुक्रवार को उत्पाद कोर्ट ने धंधेबाज को दोषी पाकर पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश उत्पाद कोर्ट द्वितीय सोने लाल रजक ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपित को दोषी पाकर न्यायाधीश सोने लाल रजक ने अभियुक्त राजा राम यादव को 5 साल कारावास के साथ एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। विशेष लोक अभियोजक अवधेश कुमार राय अपर लोक अभियोजक रवींद्र कुमार सिन्हा व श्याम श्री चंन्द्रा ने बताया कि 21 सितंबर 19 को सिमरी पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि काजीपुर गांव में अवैध शराब की बिक्री हो रही हैं। पुलिस टीम गठित कर छापेमारी के दौरान उसके घर के पास झोपड़ी में शराब बिक्री कर रहा था।

### स्कूली बस का ब्रेक फेल, बोलेरो से टकराकर रूकी, टला हादसा

**बक्सर**। चौसा-बक्सर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब स्कूली बच्चों से भरी एक निजी बस का ब्रेक अचानक फेल हो गया। यह घटना भैया-बहिनी पुल के पास हुई, जहां करीब 20 बच्चों की जान कुछ क्षणों के लिए खतरे में पड़ गई। गनीमत रही कि बस सड़क किनारे खड़ी एक बोलेरो से टकराकर रुक गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अगर बस की रफ्तार थोड़ी अधिक होती या आसपास कोई पैदल यात्री होता, तो यह हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। हादसे में बस चालक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि सभी बच्चे सुरक्षित हैं। मौके पर पहुंचे लोगों ने बच्चों को बाहर निकाला और स्कूल प्रशासन को सूचना दी। स्कूल की ओर से दूसरी बस मंगाकर बच्चों को सुरक्षित स्कूल भेजा गया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। उनका कहना है कि जिले में चलने वाली अधिकांश निजी स्कूल बसें न तो नियमित तकनीकी जांच से गुजरती हैं और न ही उनमें फिटनेस सर्टिफिकेट होता है। वहीं, कई बसों के चालकों के पास न तो वैध लाइसेंस होता है और न ही उन्हें स्कूली बच्चों को सुरक्षित लाने-ले जाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया होता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब इस मार्ग पर कोई स्कूली बस हादसे का शिकार हुई हो। पहले भी कई मामूली घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन और स्कूल प्रबंधन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। घटना की सूचना मिलते ही चौसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बस को जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और बस मालिक एवं स्कूल प्रशासन से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बस के पास फिटनेस प्रमाणपत्र था या नहीं।

### धर्म परिवर्तन नहीं करने पर पत्नी को घर से निकाला, एफआईआर

**बक्सर**। शादी का झांसा देकर करीब तीन वर्षों तक शारीरिक शोषण करने और धर्म परिवर्तन नहीं करने पर घर से निकालने का एक मामला सामने आया है। मामले को लेकर पीड़िता ने महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। महिला थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया गया कि वर्ष 2023 में यूपी के बलिया जिला के एक युवती जो हरियाणा में रहती थी उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से डुमरांव के परवेज अंसारी के साथ हुई। दोनों के बीच सोशल मीडिया पर काफी दिनों तक बातचीत चली। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम हो गया। युवक 25 सितम्बर 2023 को उससे मिलने हरियाणा पहुंच गया। उसने युवती को उस होटल में बुलाकर शादी का झांसा देते हुए शारीरिक संबंध बना लिया। फिर युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर बक्सर बुला लिया। युवक पीड़िता को गोलंबर के समीप एक मोहल्ले में दो माह तक रखा और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती ने जब युवक पर शादी का दबाव डाला तो उसने कोर्ट में नोटरी द्वारा शादी का कागज बनवा लिया। इसी बीच युवती गर्भवती हो गई। आरोपी ने युवती को बहकावे में रख गर्भपात की दवा खिला दिया था। उस दौरान उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। काफी दबाव के बाद युवती को आरोपी डुमरांव अपने घर ले गया जहां पर रखने लगा। पीड़िता ने बताया कि युवक के घर वाले धर्म परिवर्तन करने को लेकर दबाव बना रहे थे। काफी प्रयास के बाद मामले में युवती को परिजनों के द्वारा न्याय नहीं मिला तो उसने महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। महिला थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बक्सर में बिजली की चपेट में आई महिला, झुलसी

**बक्सर**। बक्सर के केसठ प्रखंड के पोखराटोला गांव में शुक्रवार को एक महिला आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। शुशील देवी (50) दोपहर में अपने घर के पास बगीचे में आम तोड़ने गई हुई थी तब यह दर्दनाक हादसा हुआ।

**गंभीर स्थिति में परिजन घायल को ले गए अस्पताल:** बता दें कि शुक्रवार की दोपहर तेज धूप के बाद आसमान में अचानक बादल छा गए। गरज के साथ आंधी शुरू हुई। शुशील देवी जब आम तोड़ने में व्यस्त थीं, तभी आकाशीय बिजली गिरी। बिजली की मार से वह बुरी तरह झुलस गईं। उनके सीने के पास जलने का गहरा निशान मिला है। परिजन तुरंत उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केसठ ले गए। डॉक्टर विजय कुमार के अनुसार शुशील देवी की हालत पहले गंभीर थी। अब उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है। डॉक्टर लगातार उनकी निगरानी कर रहे हैं।

**मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट:** मौसम विभाग ने जिले में अगले कुछ दिनों तक आंधी-बारिश की चेतावनी दी है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे तूफान के दौरान घरों में ही रहें। पेड़ों और खुले स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

# बिहार का प्रेमी, ओडिशा की प्रेमिका, साथ-साथ गंगा में डूबे

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में शुक्रवार को गंगा नदी से एक प्रेमी जोड़े का शव मिला है। दोनों की लाश कमर के ऊपर तक पानी में तैरती मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों ने गंगा में जल समाधि ले ली। गांव वालों का कहना है कि 'प्रेमी जोड़े ने सुसाइड किया है। दोनों ने पहले बखोरापुर मंदिर में पूजा की। काफी देरी तक वहां बैठे रहे। इसके बाद बुलेट पर बैठकर होकर केशवपुर गंगा घाट के किनारे आए।' 'प्रेमी ने बाइक को गंगा घाट के किनारे खड़ा किया। इसके बाद हेलमेट, पर्स जमीन पर रखा। प्रेमिका सरिता ने स्लीपर खोली। फिर दोनों ने गंगा में एक दूसरे को पकड़कर पहले डुबकी लगाई, फिर सांस बंद कर बैठ गए।' 'काफी देर तक दोनों बाहर नहीं निकले तो स्थानीय लोगों ने गोताखोरों की मदद से दोनों को बाहर निकाला। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।' मृतक लड़के की पहचान विकास कुमार (31) के रूप में हुई है, जो भोजपुर के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बसौरी गांव का रहने वाला था। वहीं, लड़की सरिता कुमारी (31) ओडिशा के गंजम जिले के कतरा गांव की रहने वाली थी। वो बेंगलुरु में टीचर थी।



**पढ़िए क्या है पूरा मामला:** दरअसल, ये पूरा मामला घटना बड़हरा थाना के केशवपुर गंगा घाट के किनारे का है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, प्रेमी जोड़े को 12 से 12:30 बजे के बीच बखोरापुर मंदिर में देखा गया था। इसके बाद दोपहर 3 से 3:30 बजे के आसपास केशवपुर घाट पहुंचे थे। करीब एक घंटे तक जब प्रेमी जोड़ा वापस नहीं लौटे तो गांव के लोग गंगा घाट किनारे पहुंचे। जिसके बाद लोगों ने बड़हरा थाना की पुलिस को जानकारी दी। शाम करीब 5 बजे मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को आसपास के इलाके में खोजा। जब प्रेमी जोड़ा कहीं नहीं मिला, तो स्थानीय गोताखोर और SDRF को बुलाया गया। इसके बाद गोताखोरों ने प्रेमी जोड़े के शव को एक-एक कर गंगा के पानी से निकाला। कहा जा रहा है कि दोनों की लाश कमर तक पानी में मिली है। दोनों की जल समाधि लेने की चर्चा इसी कारण से हो रही है, क्योंकि घटनास्थल पर किसी तरह के लड़ाई झगड़े के निशान नहीं हैं, न ही वहां कोई आते-जाते देखा गया।

**भोजपुर का प्रेमी, ओडिशा की थी प्रेमिका:** पुलिस ने लड़की और लड़के की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही दोनों के परिजन को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस के मुताबिक, सरिता के पिता दिलीप नायक को घटना की सूचना दे दी गई है। वे शनिवार को भोजपुर पहुंचेंगे। सरिता पेशे से टीचर, जबकि उसके पिता ओडिशा पुलिस में दरोगा हैं। वहीं, विकास दिल्ली में बजाज फाइनेंस कंपनी में था। लेकिन पिछले साल मार्च में पिता के निधन के बाद पीरो थाना क्षेत्र के DSP ऑफिस के पास मकान बनाकर मां के साथ रहता था।

**मां बोली- कहा था- ट्रेनिंग पर जा रहा हूं:** विकास की मां पुष्पलता देवी ने बताया, 'आज (शुक्रवार) सुबह साढ़े आठ बजे घर से ट्रेनिंग करने जाने के लिए बोलकर निकला था।

## स्टूडेंट को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, मौत

निज संवाददाता। आरा



♦ आरा में सड़क किनारे बाइक पर बैठा था, दोस्तों के साथ समोसा खाने जा रहा था

भोजपुर में ट्रैक्टर ने बाइक पर सड़क किनारे बैठे छात्र को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मामला पवना थाना क्षेत्र के धोबहां गांव के दहाड़ी टोला के पास शुक्रवार की देर शाम का है। मृत छात्र गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव गांव निवासी भानु प्रताप सिंह का 17 साल का बेटा नीलू कुमार है। वह दसवीं कक्षा का छात्र था। मृत छात्र के दोस्त रोहित कुमार ने बताया कि उसका दोस्त नीलू कुमार और गुलशन कुमार तीनों बाइक से समोसा खाने के लिए पवना बाजार जा रहे थे। जाने के क्रम में धोबहा गांव के दहाड़ी टोला के पास बाइक सड़क किनारे खड़ा कर रोहित और गुलशन कुमार चापाकल पर पानी पीने चले गए।

**दूसरी दिशा से आ रही गाड़ी ने मारी टक्कर:** नीलू कुमार बाइक पर ही बैठा था। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर में उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके दोस्त ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फॉरेन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। डॉक्टर ने देख उसे मृत घोषित कर दिया।परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में कार्यरत पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। मृत छात्र दो भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां देवंती देवी व एक भाई गौतम कुमार और एक बहन पूजा कुमारी है।

## हादसों मरे पीड़ित परिजनों से मिले सांसद



निज संवाददाता। आरा

सांसद सुदामा प्रसाद ने जिले के कई गांवों का दौरा किया। वे हत्या, दुर्घटना और बीमारी से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मिले। 14 मई को पटखौली (तरारी) के राकेश बैठा की हत्या बसंत सिंह उर्फ साधु गिरोह ने कर दी थी। सांसद उनके गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी हो। आश्रितों को सरकारी नौकरी और मुआवजा मिले। सांसद हरपुर टोला (सारा) भी गए। यहां मदन राम ने बम सिंह के साथ मिलकर महादलित टोला पर फायरिंग की थी। हरपुर टोला में सांसद ने कहा कि जनता को अन्याय के खिलाफ एकजुट होना होगा। भाजपा-जदयू सरकार में अपराधियों को सत्ता का संरक्षण मिला है। पूरे बिहार में दलितों, पिछड़ों और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। सरकार सिर्फ दावे करती है। सुरक्षा और विकास कहीं नहीं दिखता। सांसद ने भाकपा-माले की ओर से 27 मई को लवना-पटखौली में होने वाली प्रतिरोध सभा में हजारों की संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।सांसद विशुनपुरा भी गए। यहां 11 मई को सड़क दुर्घटना में रीता देवी की मौत हुई थी। एकवारी में शिवजी राम के पुत्र की कैंसर से मौत हुई। बहुआरा में विमल पासवान के पुत्र की ऑपरेशन के बाद संक्रमण से कैंसर हो गया, जिससे उनकी जान चली गई।

## युवक की हत्या के बाद पीड़ित परिजनों से मिले मंत्री

निज संवाददाता। आरा

नगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर कॉलोनी में 18 मई को महादलित युवक बिरजू कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या पूर्व के विवाद को लेकर हुई थी। घटना के बाद शुक्रवार को बिहार सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। मंत्री ने हर संभव मदद का भरोसा दिया। सरकार की ओर से मृतक के माता ममता देवी व पिता सुदामा राम को 4 लाख 12 हजार 500 रुपये की अनुग्रह राशि का चेक सौंपा गया। मंत्री ने कहा कि चार्जशीट दाखिल होने के बाद शेष 4 लाख 12 हजार 500 रुपये की राशि भी दी जाएगी। मृतक के पिता सुदामा राम ने मंत्री से अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि हत्यारों की ओर से धमकी दी जा रही है। इस पर मंत्री ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा देने का निर्देश दिया। साथ ही हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की बात कही। जनक राम ने कॉलोनी के लोगों से बच्चों को पढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही भविष्य सुधरेगा। मंत्री ने महादलित युवक की हत्या के मामले में महागठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भोजपुर में दो



महादलित युवकों की हत्या हुई है। अनुसूचित जाति को टारगेट बनाया जा रहा है। कहीं ना कहीं इन हत्याओं के पीछे विरोधी दल के लोग हैं, साजिशन उनका तार जुड़ा है। एक हत्या पटखौली गांव में और दूसरी अंबेडकर कॉलोनी में हुई। दोनों मामलों में एक ही जाति के लोगों का नाम सामने आया है। इन दोनों घटनाओं के पीछे महागठबंधन के अपराधी ही शामिल हैं। जिस तरह से महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव हुए हैं। जानबूझकर उनके गुंडे और गुर्गे रोड पर आकर कमजोर लोगों को निवाला बना रहे हैं। एक तरफ शासन प्रशासन से उम्मीद करते हैं और दूसरे तरफ आपके गुर्गे अनुसूचित जाति भाई बहनों को गोली मारकर निर्मम हत्या कर रहे हैं। मरने वाले अनुसूचित जाति जनजाति के होते हैं। तेजस्वी यादव को इस पर भी कुछ बोलना चाहिए। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार, आनंक रजक के अलावा जिला कल्याण पदाधिकारी नृपेंद्र कुमार निराला, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी कुमार शंभू भारद्वाज, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपेंद्र राय, विकास मित्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

# आरा में सांप के काटने से महिला की मौत

♦ सास के साथ घर में सो रही थी बहू, झाड़ फूंक के लिए ले गया था परिवार

निज संवाददाता। आरा



आरा में दो दिन पहले विषैले सांप के डसने से महिला की मौत हो गई। सांप के डसने के बाद परिजन ओझा के पास झाड़फूंक कराने लेकर गए थे। इसी दौरान समय पर इलाज नहीं होने के कारण महिला की मौत की मौत हो गई। पूरा मामला बबुरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर गांव की है। मृतका कोल्हरामपुर गांव निवासी पिंटू राय की 35 साल की पत्नी जमुना देवी है। मृतका की सास गौरी देवी ने बताया कि बुधवार की शाम उसका पति पिंटू राय अपनी बहन के घर जाने के लिए निकल गया था। जबकि, बुधवार की देर रात जब दोनों सास-बहू घर में सो रही थी। विषैले सांप ने उनकी बहू जमुना देवी को डस लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। हालांकि, परिजन गुरुवार की अहले सुबह इलाज के लिए सदर अस्पताल न लाकर उसे उत्तर प्रदेश के अमवा के सती माई झाड़फूंक कराने के लिए ले गए।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा:** सुबह से लेकर शाम तक चले झाड़फूंक के बाद हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, तो परिजन वापस उसे गांव ले आए। उसी दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।मृतका की शादी साल 2020 में हुई थी और उसे एक दो साल की बेटी अंकिता कुमारी है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 38 जिलों में छात्रावास निर्माण पर एक अरब 86 करोड़ रुपए खर्च होंगे : मंत्री



निज संवाददाता। आरा

अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम ने शुक्रवार को आरा परिसदन में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा के लिए भोजपुर जिले में दो दिवसीय प्रवास किया गया। इस दौरान गुरूवार को विकास मित्रों के साथ संवाद कार्यक्रम हुआ। इसमें एनडीए घटक दलों के नेता, जिला, अनुमंडल और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शामिल हुए। मंत्री जनक राम ने बताया कि बिहार के 60 हजार टोलों में अंबेडकर समग्र विकास शिविर लगाए जा रहे हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण विभाग की योजनाओं से दलित वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि हर जिले में एक एकड़ जमीन पर 5 करोड़ की लागत से साबित्री बाई फूले बालिका छात्रावास का निर्माण होगा। 38 जिलों में छात्रावास निर्माण पर कुल 1 अरब 86 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अगले वित्तीय वर्ष में छात्रावास बनकर तैयार हो जाएंगे। मंत्री ने कहा कि बिहार में अगली सरकार एनडीए की बनेगी।

## पौधरोपण से शहरी क्षेत्रों में सुदृढ़ होगी हरित संरचना

निज संवाददाता। बक्सर




शहरी क्षेत्रों मे हरित-संरचना को सुदृढ़ करने के लिए पौधरोपण किया जाएगा। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अमृत मित्र फ्रेमवर्क के मध्यम से पौधरोपण कार्यक्रम शुरू किया गया। नगर परिषद के ईओ आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों मे हरित-संरचना को सुदृढ़ करना एवं शहरी ताप प्रभाव को कम करना है। इस अभियान के तहत 23 मई तक पौधरोपण के लिए जगह का चयन कर लिया गया है। नगर प्रबंधक नीरज कुमार झा, नगर मिशन प्रबंधक कुमार अविनाश एवं संतोष राय ने बताया कि डे-एनयूएलएम योजना अंतर्गत शहरी क्षेत्र की 90 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बक्सर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत में कुल 13 जगहों का चयन किया गया है। आज सभी 13 जगहों का नगर मिशन प्रबंधक एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भ्रमण किया। पौधरोपण विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून से शुरू किया जाएगा। पौधरोपण के साथ उनके सुरक्षा के भी किए जाएंगे प्रबंध उन्होंने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रथम चरण में जगह चिह्नित किया जा रहा है। दूसरे चरण में पौधरोपण का कार्य 5 जून से 31 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इसके तहत शहर के विभिन्न विभागों में पौधरोपण को लेकर चयन किया जा रहा है, जहां साइट विजिट करते एसएचजी महिलाओं को किट देते पौधरोपण के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ इसकी सुरक्षा के भी प्रबंध किये जाएंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर स्कूली बच्चों ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा



निज संवाददाता। आरा

ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता और भारतीय सैनिकों की वीरता को सलाम करने के लिए निकाली गई। बच्चों के हाथों में तिरंगा था। तिरंगा यात्रा टाउन थाना के पास से शुरू हुई। चित्रटोली रोड, गोपाली चौक, जेल रोड, शिवगंज, मठिया, बाबूबाजार होते हुए पश्चिम रमना स्थित सैनिकों के वार मेमोरियल पर समाप्त हुई। इसमें कक्षा चार से बारहवीं तक के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। यात्रा की अगुवाई धीरेन्द्र सिंह, युवा भाजपा जिलाध्यक्ष विभू जैन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, हिमांशु अग्रवाल, हर्षित विजय जैन, प्राची जैन, डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ. तुषार आर्या, मंगलम, प्रतीक राज, अरिहंत और सिद्ध ने की। ज्ञान ज्योति विद्यालय के निदेशक और जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आदित्य विजय जैन ने यात्रा को सफल बताया। उन्होंने सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और जिनवाणी कॉलेज के प्राध्यापकों को धन्यवाद दिया।

## जनता दरबार में 65 की सुनी समस्या

**आरा**। समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय मामलों की सुनवाई हुई। डीएम तनय सुल्तानिया ने कुल 14 अपीलीय मामलों की सुनवाई की। जिनमें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग से मामले रहें। इनमें कुल 6 मामलों को डीएम द्वारा निष्पादित किया गया। शेष मामलों के लिए अगली तिथि का निर्धारण किया गया। समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को ही जिला जनता दरबार का भी आयोजन किया गया। डीएम तनय सुल्तानिया के द्वारा लोगों की फरियाद सुनी गई। जिले के अलग-अलग जगहों से पहुंचे 65 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। डीएम ने कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। शेष मामलों के अविलंब निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# प्रधानमंत्री के उद्घाटन के दूसरे दिन टपक रहा पानी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीरपैंती स्टेशन का निर्माण हुआ है। इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। उद्घाटन के महज 48 घंटे यानी दूसरे दिन शुक्रवार को हल्की बारिश के दौरान शेड से पानी टपकने लगा। इससे यात्री और स्थानीय लोग नाराज हैं और निर्माण काम की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। स्थानीय सुनील कुमार ने बताया कि निर्माण काम के दौरान ही उन्होंने इस बारे में रेलवे अधिकारियों को शिकायत की थी। लेकिन अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से मानक के अनुरूप काम नहीं कराया गया। उद्घाटन के समय शेड को तिरपाल से ढक दिया गया था। नतीजतन उद्घाटन के दूसरे ही दिन स्टेशन की पोल खुल गई। 18.93 करोड़ की लागत से बने इस नए भवन का उद्घाटन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया था। इस मौके पर पीरपैंती और कहलगांव के विधायक, डीआरएम समेत रेलवे के वरीय अधिकारी



मौजूद थे।

**उद्घाटन से पहले शेड को तिरपाल से ढकाः** स्थानीय लोगों का कहना है कि उद्घाटन से पहले स्टेशन पर लगाए गए शेड की छत को तिरपाल से ढक दिया गया था, ताकि बारिश का पानी टपके नहीं। लेकिन शुक्रवार की हल्की बारिश में ही पानी टपकने लगा, जिससे लोगों में गुस्सा है।

**पौधे भी अधिकारी ले गए वापसः** उद्घाटन के समय जो गमले में पौधे लाकर स्टेशन परिसर को सजाया गया था, उन्हें भी शुक्रवार को रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी वापस ले गए। इस पर भी लोगों ने नाराजगी जताई। स्टेशन प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि स्टेशन का काम अभी निर्माणाधीन है। कुछ जगहों पर नट के पास से पानी टपक रहा है, जिसे जल्द ही कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट से ठीक कराया जाएगा। गमले हटाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसकी जवाबदेही कार्यक्रम प्रभारी की थी।

**18.93 करोड़ से रेलवे स्टेशन का किया गया रेनोवेशनः** बता दें कि पीरपैंती स्टेशन को 18.93 करोड़ की लागत से रेनोवेट किया गया है। स्टेशन पर फैसिलिटीज को बढ़ाते हुए लिफ्ट लगाया गया है, जिससे यात्रियों को सामान ले जाने में आसानी हो। इसके अलावा, स्टेशन के लुक को बढ़ाने के साथ-साथ अराइवल और डिपार्चर ब्लॉक, पैदल यात्री मार्ग, आकर्षक मूर्तियां लगाई गई हैं। स्टेशन की डिजाइन और इंटीरियर स्थानीय कला और आसपास के ऐतिहासिक स्मारकों से प्रेरित है, जो आधुनिक वास्तुकला को क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के साथ जोड़ता है। ये मिश्रण पीरपैंती स्टेशन को एक अलग पहचान देता है, जो बिहार की समृद्ध परंपराओं को दर्शाता है।

# भागलपुर में बालू लदे तीन ट्रकों की एक साथ टक्कर



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार की सुबह 3 ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। तीनों ट्रक बालू से लदे हुए थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक ट्रक सड़क के नीचे गिर गया। हादसे में 2 ट्रक चालकों और एक खलासी को गंभीर चोट आई है। घायलों में एक किशनगंज और दूसरा जगदीशपुर का निवासी है। तीनों को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां से बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज रेफर कर दिया गया। घटना शाहकुंड थाना क्षेत्र शाहकुंड-अकबरनगर मुख्य मार्ग पर पचरुखी मिल्की गांव के पास की है।

**ट्रक मालिकों से संपर्क करने की कोशिशः** टक्कर के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और मुख्य मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस को सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों के ने बताया कि संभवतः तेज रफ्तार और खराब दृश्यता के कारण हादसा हुआ। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और ट्रकों के मालिकों से भी संपर्क साधा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा चुनाव की तैयारियां की गईं तेज

**भागलपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शुक्रवार को हुई बैठक में निर्देश दिए गए कि मतदान केंद्रों तक पहुंच पथ बनाने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग को सूचना दी जाएगी। अधिकारियों से ऐसे मतदान स्थलों की सूची मांगी गई है। उप निर्वाचन पदाधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि ईआरओ और एईआरओ की सूची में बदलाव होना है। जिन अधिकारियों का तबादला हो चुका है। सूची में उन नामों के आगे टिक लगा दिया जाए। इसी के साथ जिन अधिकारियों को अपनी जगह बदलनी हो उनका आवेदन चुनाव आयोग को भेजा जाएगा डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा कि नवनियुक्त शिक्षकों का आंकड़ा एनआईसी को मुहैया कराया जाए। डीएम ने बताया कि चुनाव ड्यूटी का मानदेय का भुगतान कर्मियों के खाते में ही किया जाएगा। खाते में सुधार कराने के लिए जल्द आवेदन दिया जा सकता है। वहीं, चुनाव ड्यूटी पर सुरक्षा बलों के ठहरने के लिए जगहों को चिह्नित कर लिया जाए। जो सूची में पहले से ही हैं उनकी स्थिति का आंकलन किया जाए। सभी बीएलओ के सुपरवाइजर से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध एएमएफ प्रतिवेदन प्राप्त कर लिया जाए। दिव्यांगजन मतदाताओं के लिए 40 प्रतिशत से अधिक व्हीलचेयर की व्यवस्था कर ली जाए। बैठक में डीडीसी प्रदीप कुमार सिंह, सहायक समाहर्ता जतिन कुमार, अपर समाहर्ता दिनेश राम सहित अन्य रहें। समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में शुक्रवार को बैठक करते डीएम।

### सर्राफा कारोबारी को चाकू मारकर किया घायल

**भागलपुर।** भागलपुर में बदमाशों ने सर्राफा कारोबारी को चाकू मार दिया। हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए मायागंज अस्पताल लाया गया है। जहां अभी उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान सबलपुर गांव निवासी बाबुल लाल शाह (45) के रूप में हुई है। घायल की पत्नी ने कहा कि मेरे पति सुबह 8 बजे दुकान के लिए अकेले निकले थे, तभी कुछ बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। वे लोग हत्या की नीयत से आए थे। चार अलग-अलग पर चाकू मारा है। शरीर से काफी खून निकल चुका था। स्थानीय लोगों ने रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से मायागंज रेफर कर दिया गया। घटना बांका के पंजवाड़ा थाना क्षेत्र की है।

**बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगाः** घायल के कमर, कंधा और चेहरे पर हमला किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही बाबूलाल के परिजन मायागंज पहुंचे। परिजन ने कहा कि 30 साल से रोज ज्वेलरी दुकान पर जाते-आते हैं, पर आज तक ऐसी घटना नहीं हुई। दबी जुबान में पड़ोसी ने बताया कि दुकान जाने के समय उनके पास बहुत सारे पैसे भी रहते थे, शायद हमलावरों को इस बात की जानकारी पहले से होगी और घात लगाए बैठे अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। पंजवारा थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी है। सीसीटीवी की जांच कर बदमाशों को तलाशा जा रहा है। जल्दी ही गिरफ्तारी की जाएगी।

### पोस्टमॉर्टम के लिए 30 किमी ई-रिक्शा से ले गए शव

**मुंगेर।** मुंगेर में एक परिवार को पोस्टमॉर्टम के लिए मृतक के शव को ई-रिक्शा पर ले जाने को मजबूर होना पड़ा। यह घटना लड़ैयाटांड थाना क्षेत्र के गोपालीचक सवैया मुशहरी गांव की है। मंगलवार को 2 चचेरे भाईयों में रास्ते को लेकर विवाद हुआ। जिसमें बीच-बचाव करने गए गुड्डू मांझी (28) पर कारू मांझी, उनकी पत्नी सूमा देवी और बेटी माया कुमारी ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। सरिया से सिर पर वार किए जाने से गुड्डू बेहोश हो गए। उन्हें पहले धरहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर मुंगेर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई।

**ई-रिक्शा पर ले जाना पड़ा शवः** परिजन शव को सरकारी एम्बुलेंस से गांव ले गए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को वापस सदर अस्पताल भेजने को कहा। थाने से वाहन न मिलने पर परिजनों ने शव को ई-रिक्शा पर रस्सी से बांधकर 30 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ी।

**सार्वजनिक रास्ते को लेकर विवादः** दरअसल, कारू मांझी ने नया घर बनाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। गुड्डू के बड़े भाई इसका विरोध कर रहे थे। उन्होंने जब रास्ते के लिए कारू से बात करना चाहा तो वो उनसे लड़ने लगा। देखते ही देखते दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। इसी दौरान बीच-बचाव करने आए गुड्डू पर कारू के परिवार ने हमला कर दिया। सदर एसडीपीओ अभिषेक आनंद ने कहा कि वाहन उपलब्ध कराना थाना की जिम्मेदारी है। मामले की जांच की जाएगी। आरोपी कारू मांझी और उनकी पत्नी सूमा देवी फरार हैं। उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### तेज हवा व बारिश से मौसम हुआ सुहावना

**मुंगेर।** मानसून की आहट के साथ ही जिले में शुक्रवार की अहले सुबह तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली तेज हवा के कारण कई प्रखंड क्षेत्रों में छप्पड़ उड़ गये तो कई जगह पेड़ गिरने की भी सूचना है। 38 एमएम हुई बारिश के कारण शहर सहित प्रखंड क्षेत्रों में कई जगह जल जमाव हो गया। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में भी आंशिक गिरावट देखने को मिली। वहीं बारिश के बाद शुक्रवार को पूरे दिन आसमान में काले घने बादल छाए रहे। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही पुरवा हवा ने मौसम को काफी सुहाना बना दिया है। शनिवार को भी जिले में 3.8 एमएम बारिश का पूर्वानुमान है। कृषि वैज्ञानिक मुकेश कुमार ने बताया, मानसून की आहट से मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। अरब सागर में कर्नाटक और गोवा के तटों से दूर बुधवार शाम एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना। यह कम दबाव के क्षेत्र में बदल गया। यह सिस्टम अब उत्तर की ओर बढ़ रहा है। गुरुवार को इसके डिप्रेशन में बदलने की संभावना है। डिप्रेशन समुद्री तूफान से पहले की स्थिति होती है। मौसम विभाग ने अगले सात दिनों तक मुंगेर सहित कई राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। 20 दिन बाद हुई झमाझम बारिश विगत 20 दिनों से जिले में मौसम पूर्वानुमान के बावजूद बारिश नहीं हो रही थी। वहीं बीते एक सप्ताह से बारिश को लेकर कभी यलो तो कभी ऑरेंज अलर्ट भी जिले के लिए जारी हुआ लेकिन इसके बावजूद बारिश नहीं हुई। हाल के 5 दिनों से जिले के मौसम में काफी बदलाव देखने को मिल रहा था। शुक्रवार की सुबह बारिश होने से गर्मी से राहत मिली।

### पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे तो बनोगे खराब

**भागलपुर।** भागलपुर में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी सौरभ तिवारी को शुक्रवार को भागलपुर में सम्मानित किया गया। बता दे कि हाल ही में उन्हें झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (JSCA) का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में भागलपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से सैंडिस कंपाउंड मैदान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उन्होंने सौरभ ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, "आज छोटे शहरों के खिलाड़ियों की मेहनत रंग ला रही है। वैभव सूर्यवंशी और इशान किशन जैसे युवा खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि लगन से कोई भी खिलाड़ी बड़ी पहचान बना सकता है। " स्थानीय भाषा में बात करते हुए उन्होंने कहा, "पहले कहा जाता था पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे तो बनोगे खराब, अब यह कहावत गलत साबित हो रही है।" उन्होंने कहा कि खेल के प्रति जुनून और मेहनत ही सफलता की कुंजी है। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और समाजसेवी विजय कुमार यादव ने सौरभ तिवारी को बुके भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी, प्रशिक्षु खिलाड़ी और उनके पेरेंट्स मौजूद थे। झारखंड के जमशेदपुर में जन्मे सौरभ तिवारी का पैतृक गांव भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत जयरामपुर में है। वे अपने आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में उन्होंने भारतीय टीम में कई मुकाबले खेले। आईपीएल में मुंबई इंडियंस और आरसीबी जैसी बड़ी टीमों का हिस्सा भी रह चुके हैं। हालांकि अधिक मौके नहीं मिलने के कारण उनका प्रदर्शन सीमित रहा। कार्यक्रम में रणजी खिलाड़ी बासुकीनाथ मिश्रा, विकास यादव, सचिन समेत कई स्थानीय क्रिकेटर मौजूद थे। सौरभ तिवारी ने भी सैंडिस कंपाउंड में कई मैच खेले हैं।

# रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की सिर कटी लाश




निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार के ट्रैक किनारे एक युवक की सिर कटी लाश मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है। यह साफ नहीं हो सका है कि युवक की मौत रेल से हादसे में हुई है या फिर हत्या कर शव को पटरी किनारे फेंका गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शव का सिर और धड़ अलग-अलग दिशा में था, और दोनों के बीच करीब 10 फीट का फासला है। यह देख कर लोगों को शक हुआ कि मामला सामान्य नहीं है। घटना की सूचना तुरंत रेलवे पुलिस को दी गई, पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्टेशन मास्टर बिक्रम सिंह खुद मौके पर पहुंचे। हालांकि उन्होंने भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी है।

**मौत के कारण की हो रही जांचः** स्टेशन मास्टर ने कहा कि "हमें सूचना मिली कि चार नंबर प्लेटफार्म के रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। हम लोग मौके पर पहुंचे हैं। किस कारण और कैसे हादसा हुआ, यह अभी जांच का विषय है।" शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल, आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि युवक रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा और यह दुर्घटना थी या किसी साजिश के तहत उसे मारकर पटरी पर फेंका गया।

# डी एस पी पर फायरिंग करने वाला आरोपी एनकाउंटर में ढेर

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के नवगछिया में शुक्रवार की देर रात STF और जिला पुलिस की टीम ने एनकाउंटर में कुख्यात अपराधी गुरुदेव मंडल उर्फ फूफा को मार गिराया है। 2022 में गुरुदेव DSP पर फायरिंग कर के भागा था। इसमें DSP बाल-बाल बचे थे। एनकाउंटर के दौरान गुरुदेव के सीने और पैर में गोली लगी, जिससे इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी ही मौत हो गई। घटना रंगरा थाना क्षेत्र के मुरली सोनैया धार के पास की है। बताया जा रहा है कि रंगरा थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गुरुदेव दियारा क्षेत्र में अपने साथियों के साथ मीटिंग कर बड़ी वारदात की योजना बना रहा है। इस सूचना पर STF और जिला पुलिस की संयुक्त टीम छापेमारी करने पहुंची तो अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस भी जवाबी कार्रवाई की। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों ओर से करीब 30 राउंड फायरिंग हुई है। इसमें दो गोली गुरुदेव को गोली लगी। हालांकि, गुरुदेव के अन्य साथी



भागने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलने के बाद नवगछिया SP प्रेरणा कुमार, SDPO ओम प्रकाश कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर बृजेश कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। मौके से 6 खोखे बरामद किए गए हैं।

**गुरुदेव के खिलाफ 15 केस है दर्जः** नवगछिया SP प्रेरणा कुमार ने बताया कि गुरुदेव के खिलाफ 15 केस है। गुरुदेव के ऊपर जिला पुलिस की ओर से 25 हजार रुपए का इनाम ऐलान किया था। पूर्णिया और आसपास के जिलों में इसके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। पुलिस ने मौके से एक कार्बाइन और एक कट्टा बरामद किया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**6 बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागे, ग्रुप का लीडर था फूफाः** पुलिस सूत्रों ने बताया कि 'मुठभेड़ के दौरान अपराधियों की संख्या 7 थी। एक अपराधी को गोली लगी तो बाकी अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। एनकाउंटर के बाद घटनास्थल पर जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।

कुख्यात गुरुदेव का एक गैंग था, जिसका नाम फूफा ग्रुप है। गुरुदेव इस ग्रुप का लीडर था। गुरुदेव के खिलाफ तीन जिलों के थानों में लूट के आधा दर्जन केस दर्ज हैं। 3 साल पहले लूट के दौरान ट्रक ड्राइवर की हत्या कर दी थी। इस मामले में पूर्णिया पुलिस ने गुरुदेव को गिरफ्तारी के दौरान पैर में गोली मारी थी, लेकिन वह बच गया था।

**गुरुदेव पर पूर्णिया और कटिहार में कई मामले दर्जः** एनकाउंटर के बाद FSL की टीम मौके पर पहुंची है और सबूत जुटा रही है। घटना के बाद शव को नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। गुरुदेव मंडल पर पुलिस जिला नवगछिया के अलावा पूर्णिया के धमदाहा थाने में 2017 में लूट का केस दर्ज है। गुरुदेव पर कटिहार जिला के फलका थाने में भी लूटपाट के दो मामले दर्ज हैं। हाल के दिनों में गुरुदेव नवगछिया के आसपास के इलाकों में सक्रिय था।

**रेलमंत्री का जमालपुर में पहला दौरा, मुंगेर।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव 23 मई को पहली बार जमालपुर का दौरा करेंगे। उनके साथ मुंगेर सांसद और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह भी रहेंगे। रेलमंत्री सुबह 11 बजे एशिया के प्रसिद्ध रेल इंजन कारखाना पहुंचेंगे। इस केंद्र के बनने के बाद हर माह 545 से 800 वैगन की मरम्मत की जा सकेगी।


## पुनदाग स्टेशन में कुछ ट्रेनों की अस्थाई ठहराव

आनंद नगर में आनंद मार्ग धर्म महा सम्मेलन के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए नीचे उल्लेखित ट्रेनें **अविलम्ब प्रभाव से दिनांक 04.06.2025 तक पुनदाग** स्टेशन पर निम्नलिखित समय-सूची के अनुसार अस्थाई रूप ठहरेगी:

| क्र. सं. | ट्रेन | पुनदाग में समय-सूची | |
|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान |
| 1. | 13403 रांची - भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस | 20.59 | 21.00 |
| 2. | 13404 भागलपुर - रांची वनांचल एक्सप्रेस | 06.22 | 06.23 |
| 3. | 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस | 19.16 | 19.17 |
| 4. | 15028 गोरखपुर-सम्बलपुर मौर्य एक्सप्रेस | 04.30 | 04.31 |
| 5. | 18105 राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस | 22.14 | 22.15 |
| 6. | 18106 जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस | 08.02 | 08.03 |
| 7. | 18619 रांची-गोड्डा एक्सप्रेस | 23.15 | 23.16 |
| 8. | 18620 गोड्डा-रांची एक्सप्रेस | 01.45 | 01.46 |
| 9. | 63520 बोकारो स्टील सिटी-बर्द्धमान जं. एमईएमयू | 03.50 | 03.51 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# शहीद के परिजन को सौंपा 21 लाख का चेक

निज संवाददाता। भागलपुर

जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में सर्च ऑपरेशन के दौरान शहीद हुए नवगछिया के इस्माइलपुर निवासी संतोष यादव के परिजनों को जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने शुक्रवार को 21 लाख रुपए की अनुग्रह राशि का चेक सौंपा। यह चेक डीएम कार्यालय में शहीद की पत्नी और माता को दिया गया। जिलाधिकारी ने परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि यह राशि फिलहाल राज्य सरकार से मिली है, आगे अगर और राशि आती है तो उसे भी परिजनों को दिया जाएगा। हालांकि, सम्मान राशि को लेकर परिजनों ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को जहां 50 लाख रुपए की सहायता दी गई, वहीं, संतोष यादव को केवल 21 लाख ही क्यों?

**आतंकियों की तलाश में लगी थी गोलीः** गुरुवार देर शाम शहीद के आवास पर पहुंचे तेजस्वी यादव ने कहा था कि सरकार जल्द ही 50 लाख रुपए की राशि देगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट में शहीदों की सहायता राशि को लेकर प्रस्ताव पारित हो चुका है। गौरतलब है कि सोमवार की रात संतोष यादव जम्मू-कश्मीर में



आतंकियों की तलाश में निकले सर्च ऑपरेशन के दौरान शहीद हो गए थे। शहादत से कुछ घंटे पहले ही उन्होंने परिजनों से बातचीत की थी और कहा था, "अब फोन रखता हूं, गोलीबारी हो रही है। मंगलवार सुबह परिवार को उनकी शहादत की सूचना मिली। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ इस्माइलपुर स्थित खेत में किया गया। शहीद संतोष यादव अपने पीछे पत्नी, चार साल का बेटा और तीन बेटियों को छोड़ गए हैं। जन अधिकार पार्टी प्रमुख पप्पू यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक-एक लाख की सहायता राशि दी है। साथ ही सरकार से अधिकतम सम्मान राशि दिलाने का आश्वासन भी दिया है।

# ठनका गिरने से 14 साल का किशोर की मौत

**मुंगेर।** मुंगेर में बुधवार देर शाम ठनका की चपेट में आकर एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गापुर गांव की है। मृतक की पहचान शंभू यादव के पुत्र गोखुल कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**घूमने निकला था, ठनका की चपेट में आयाः** जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हुई। कुछ देर बाद जब मौसम शांत हुआ तो गोखुल घर से स्कूल की ओर घूमने निकल गया। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरी और वह चपेट में आ गया। हादसे में मौके पर ही गोखूल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव के समाजसेवी मृत्युंजय कुमार और परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लेकर पहुंचे। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक एएन साव ने जांच किया, जिसके बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस मौके पर, मुआवजे की प्रक्रिया शुरूः** घटना की सूचना मिलते ही संग्रामपुर थाना के पुलिस निरीक्षक अंकित कुमार और सौरभ कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मुंगेर भेज दिया है। संग्रामपुर अंचल अधिकारी ने बताया कि वज्रपात से मौत की सूचना मिल चुकी है। नियमानुसार मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक परिवार को अविलंब उचित आर्थिक सहायता देने की मांग की है।मृतक गोखुल कुमार अपने माता-पिता का सबसे बड़ा बेटा था। उसके दो छोटे भाई और तीन बहनें हैं। उसकी असमय मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11RII / 2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

दिनांक–24.05.2025

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /56/2024-25 | कुंभीकला पंचायत भवन से सोहदागखूर्द तक पथ निर्माण कार्य। 2.85कि0मी0 | 313.846 | तीन करोड़ तेरह लाख चौरासी हजार छः सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 28.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.06.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.06.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 353449 Rural Development(25-26).D



## कार्यालय :–उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 3102 दिनांक 09.10.2014 के आलोक में मुख्यमंत्री दाल–भात योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 के लिए गढ़वा जिला में अवस्थित दाल–भात केन्द्रों पर चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी आपूर्ति किया जाना है। जिला / अनुमण्डल स्तर के कन्द्रों के लिए प्रति केन्द्र प्रतिमाह 18.00 क्वींटल उसना चावल और 1.05 क्वींटल चना / सोयाबीन बड़ी तथा प्रखण्ड स्तर के केन्द्रों को प्रतिमाह 12.00 क्वींटल उसना चावल और 75 किलोग्राम चना / सोयाबीन बड़ी मात्रा के अनुसार आपूर्ति करने हेतु इच्छुक व्यक्ति एवं निम्नांकित अहर्त्ता रखने वाले विक्रेता से दिनांक 03.06.2025 को 10:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराहन् तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा की आवश्यक शर्तें एवं विस्तृत विवरणी prdjharkhand.gov.in या garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 353444 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26)#D

# टाटा स्टील के सीनियर मैनेजर ने परिवार सहित की आत्महत्या, कमरे में लटके मिले चार शव

- कैंसर के कारण डिप्रेशन में रहने लगा था कृष्ण
- 8 मई को कैंसर का पता चला था



निज संवाददाता | जमशेदपुर

झारखंड के जमशेदपुर शहर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। टाटा स्टील में कार्यरत सीनियर मैनेजर कृष्ण कुमार ने अपनी पत्नी और दो मासूम बेटियों के साथ आत्महत्या कर ली। चारों के शव एक ही कमरे में फंदे से लटके मिले। यह हृदयविदारक घटना शहर के गम्हरिया थाना क्षेत्र स्थित चित्रगुप्त नगर की है, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। स्थानीय लोगों और मृतक के परिजनों के अनुसार, कृष्ण कुमार पिछले कुछ समय से गहरे अवसाद में थे। महज 16 दिन पहले ही उन्हें कैंसर होने का पता चला था, जिसके बाद से वे मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगे थे। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब शुक्रवार सुबह कृष्ण कुमार के पिता सुविंदा तिवारी ने देखा कि बेटे और बहू के कमरे का दरवाजा अब तक नहीं खुला है। हालांकि उन्हें पहले इस पर कोई खास संदेह नहीं हुआ क्योंकि घर के सदस्य प्रायः देर से उठते थे। लेकिन जब वह अपनी दवाइयां लेने के बाद शाम को लौटे और दरवाजा अब भी नहीं खुला मिला, तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा तो अंदर का दृश्य देख हर कोई सन्न रह गया। कृष्ण कुमार, उनकी पत्नी डॉली देवी, बड़ी बेटी कृति कुमारी और छोटी बेटी मइया, चारों के शव फंदे से लटके हुए थे। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है जिसमें कुछ आर्थिक लेनदेन का जिक्र किया गया है, हालांकि पुलिस ने इस संबंध में अभी कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है।

फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे की परिस्थितियों को स्पष्ट किया जा सके। कृष्ण कुमार के पिता ने बताया कि कैंसर का पता चलने के बाद से उनके बेटे की मानसिक स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही थी। एक मई को कृष्ण कुमार को अचानक तेज बुखार आया, जिसके बाद उनकी तबीयत और बिगड़ने लगी। चार मई को उन्हें टाटा मेन हॉस्पिटल (TMH) में भर्ती कराया गया, जहां जांच के बाद आठ मई को डॉक्टरों ने उन्हें कैंसर होने की पुष्टि की। इस खबर से पूरा परिवार टूट गया। फिर भी इलाज की उम्मीद में वे कृष्ण को लेकर मुंबई गए, जहां टाटा कैंसर हॉस्पिटल में दोबारा जांच करवाई गई। वहां भी कैंसर की पुष्टि हुई और डॉक्टरों ने उन्हें कीमोथेरेपी की सलाह दी। हालांकि कीमोथेरेपी की सुविधा जमशेदपुर के TMH में उपलब्ध होने के कारण परिवार वापस लौट आया। पिता सुविंदा तिवारी ने बेटे को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए कंपनी में आवश्यक आवेदन भी कर दिया था, लेकिन कृष्ण कुमार दिन-ब-दिन गहरे अवसाद में डूबते चले गए। बीमारी का डर, परिवार की चिंता और शायद आर्थिक समस्याएं, इन सबका बोझ इतना अधिक हो गया कि उन्होंने अंततः आत्मघाती कदम उठा लिया। इस घटना ने एक बार फिर से यह सवाल खड़ा कर दिया है कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को मानसिक और सामाजिक सहयोग किस हद तक मिल रहा है। एक प्रतिष्ठित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, पढ़े-लिखे और जागरूक परिवार से होने के बावजूद, अगर मानसिक रूप से इतना अकेला महसूस कर सकता है कि उसे अपनी पूरी जिंदगी खत्म करने का फैसला लेना पड़े, तो यह समाज के लिए चिंतन का विषय है। स्थानीय लोग, टाटा स्टील के कर्मचारी और पड़ोसी गहरे शोक में हैं। सभी का कहना है कि कृष्ण कुमार एक शांत स्वभाव के, मिलनसार और मेहनती व्यक्ति थे। किसी को भी अंदाजा नहीं था कि वे भीतर से इतना टूटा हुआ महसूस कर रहे हैं। उनकी पत्नी डॉली देवी, जो एक शिक्षित और व्यवहार कुशल महिला थीं, हमेशा बच्चों की पढ़ाई और परिवार की देखभाल में लगी रहती थीं। बड़ी बेटी कृति सिर्फ 13 साल की थी और आठवीं कक्षा में पढ़ रही थी, जबकि छोटी मइया महज 7 साल की थी।

## अभ्रक उत्खनन के दौरान हादसा चॉल धंसने से महिला की मौत

निज संवाददाता | कोडरमा

झारखंड का कोडरमा जिला एक बार फिर अवैध माइका (अभ्रक) खनन की वजह से एक जान की बलि ले बैठा है। सिविल कोर्ट के पीछे स्थित जंगल में बुधवार को माइका चुनते वक्त चॉल धंसने से 45 वर्षीय कंचन देवी की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना इस बात का ताजा प्रमाण है कि किस तरह कोडरमा के जंगली इलाकों में बिना किसी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के चल रहे अवैध खनन कार्य आम लोगों की जान के लिए खतरा बन चुके हैं। कंचन देवी कोडरमा के शिव मुहल्ला की निवासी थीं। रोज की तरह वह बुधवार सुबह कुछ अन्य महिलाओं के साथ पास के जंगल में 'ढिबरा डस्ट' यानी माइका के बचे हुए कचरे में से अभ्रक चुनने गई थीं। लेकिन इस बार किस्मत ने साथ नहीं दिया। अचानक चॉल धंस गई और वह मलबे के नीचे दब गईं। उनके साथ गई अन्य महिलाओं ने जब चिल्लाकर लोगों को बुलाया, तब आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर कंचन देवी को बाहर निकाला। उन्हें तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने एक बार फिर यह उजागर कर दिया है कि कोडरमा जिले में अवैध अभ्रक खनन सिर्फ पर्यावरण के लिए ही नहीं, बल्कि स्थानीय गरीबों के जीवन के लिए भी जानलेवा बनता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि महज 15 दिन पहले लोमचांची जंगल में इसी तरह की घटना में दो लोगों की जान गई थी।

# जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत दो नक्सलियों की पुलिस मुठभेड़ में मौत

निज संवाददाता | लातेहार



लातेहार जिले में शनिवार को हुई एक भीषण मुठभेड़ में झारखंड जनसंघर्ष मुक्ति मोर्चा (JJMP) के शीर्ष नक्सली कमांडर पप्पू लोहरा को पुलिस ने मार गिराया। यह मुठभेड़ लातेहार थाना क्षेत्र के ईचाबार जंगल में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने पप्पू लोहरा के साथियों के खिलाफ एक विशेष ऑपरेशन चलाया था। पप्पू लोहरा लंबे समय से राज्य की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के लिए सिरदर्द बना हुआ था। उस पर झारखंड सरकार ने 10 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। इस कार्रवाई में उसके साथ सबजोनल कमांडर प्रभात गंझू, जिस पर 5 लाख रुपये का इनाम था, वह भी मारा गया। मुठभेड़ में एक अन्य नक्सली गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस अभियान की कमान लातेहार के एसपी कुमार गौरव ने संभाली थी। उनके नेतृत्व में झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर ईचाबार जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। बताया जा रहा है कि पुलिस को यह इनपुट मिला था कि पप्पू लोहरा अपने कुछ प्रमुख सहयोगियों के साथ जंगल में बड़ी वारदात की योजना बना रहा था। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने जैसे ही क्षेत्र में घेराबंदी शुरू की, नक्सलियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभालते हुए दो नक्सलियों को मौके पर ही मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों का एक जवान अवध सिंह घायल हो गया जिसे गंभीर अवस्था में एयरलिफ्ट कर रांची स्थित राज अस्पताल लाया गया। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने अस्पताल पहुंचकर घायल जवान से मुलाकात की और उसका हालचाल लिया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति अब स्थिर और खतरे से बाहर है। पप्पू लोहरा का नाम झारखंड के उग्रवादी इतिहास में लंबे समय से सक्रियता और क्रूरता के लिए कुख्यात रहा है। खास बात यह है कि वर्ष 2018 में वह तब सुर्खियों में आया था जब उसका एक फोटो पुलिसकर्मियों के साथ वायरल हुआ था।

बताया गया कि उस वक्त वह सुरक्षा बलों के साथ मिलकर अन्य माओवादी संगठनों के खिलाफ अभियान में सहयोग कर रहा था। उस समय यह दावा किया गया था कि पप्पू लोहरा ने माओवादियों से नाता तोड़ कर मुख्यधारा में लौटने की कोशिश की थी, लेकिन तस्वीर के वायरल होने के बाद यह सवाल भी उठे कि कहीं यह सांठगांठ तो नहीं थी। इस घटना के बाद राज्य पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगे थे कि उन्होंने ही JJMP नामक संगठन को खड़ा किया और माओवादियों के विरुद्ध इसे खड़ा करने के नाम पर स्थानीय युवाओं को हथियारबंद कर उग्रवादी बना दिया। धीरे-धीरे यह संगठन खुद ही एक नया सिरदर्द बन गया। इस सिलसिले में 2015 का बकोरिया मुठभेड़ मामला आज भी सुर्खियों में है, जहां आठ जून 2015 को पुलिस ने 12 उग्रवादियों को मार गिराने का दावा किया था। बाद में आरोप लगे कि यह मुठभेड़ फर्जी थी और मारे गए लोग JJMP के सदस्य थे जिन्हें आपसी रंजिश में उनके ही साथियों ने मार डाला और पुलिस ने मुठभेड़ का रूप देकर वाहवाही लूटने की कोशिश की। इस मामले की जांच अब सीबीआई के हाथ में है। पप्पू लोहरा की मौत के साथ ही झारखंड में JJMP संगठन को बड़ा झटका लगा है। यह कार्रवाई राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस के लिए मनोबल बढ़ाने वाली मानी जा रही है। फिलहाल इलाके में सर्च अभियान जारी है ताकि जंगल में छिपे अन्य उग्रवादियों को भी गिरफ्तार या निष्क्रिय किया जा सके। लातेहार सहित पलामू, चतरा और गढ़वा जैसे सीमावर्ती जिलों में JJMP की पकड़ रही है और इस संगठन ने कई बार कोयला कारोबारी, ठेकेदार और ग्रामीणों को निशाना बनाकर फिरौती वसूलने जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है।

# आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट चाकूबाजी में चार लोग गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता | राजमहल (साहिबगंज)

साहिबगंज जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के उमर अली टोला (कालीबाड़ी फुलवरिया) में शनिवार को मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, जब दो पक्षों के बीच पहले मारपीट और फिर चाकू चलने की घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब दोनों पक्षों के बीच घर के पास बने रास्ते को लेकर बहस शुरू हुई, जो जल्द ही उग्र हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, पहले पक्ष से नूर इस्लाम (27) और उसकी पत्नी फरीदा बीबी (22), जबकि दूसरे पक्ष से मोताजुल शेख (42) और उसकी पत्नी सूसेमा बीवी (36) आमने-सामने थे। आपसी कहासुनी धीरे-धीरे गाली-गलौज और धक्का-मुक्की में बदल गई, और इसके बाद दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इस हिंसा की पराकाष्ठा तब हो गई जब दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में चारों ही गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को उठाकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। हालांकि घायलों की हालत को देखते हुए आगे के इलाज की तैयारी की जा रही है। जैसे ही पुलिस को घटना की जानकारी मिली, राजमहल थाना से एसआई महादेव उरांव, एएसआई रविंद्र राम, नंदी कुमार यादव, बबलू सोरेन और एसके तिर्की समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन क्षेत्र में तनाव व्याप्त है। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से छानबीन कर रही है। घायलों के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## झुमरीतिलैया में घर के पास ही महिला से चेन स्नैचिंग

**कोडरमा (नि.सं.)।** झुमरीतिलैया के स्मार्ट बाजार के पास शनिवार की सुबह चेन स्नैचिंग की घटना हुई। स्थानीय निवासी 65 वर्षीय सावित्री देवी पूजा के लिए फूल तोड़ने निकली थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवकों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली। पीड़िता ने बताया कि एक आरोपी ने हेलमेट पहना था। दूसरे ने अपना मुंह ढक रखा था। यह घटना शहर के सबसे व्यस्त इलाके में हुई। यहां जिले के दूर-दराज के इलाकों से लोग खरीदारी के लिए आते हैं। यह घटना कोडरमा में लगातार हो रही चेन स्नैचिंग की कड़ी का हिस्सा है। इससे पहले दुधिमाटी में भी एक महिला के साथ ऐसी ही घटना हुई थी। तिलैया पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है।

# जामताड़ा जिले में समारोह में गए परिवार के सूने घर में चोरी, लाखों की संपत्ति पर चोरों ने किया हाथ साफ

निज संवाददाता | जामताड़ा



जामताड़ा जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र अंतर्गत माल पाड़ा मोहल्ले में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक परिवार की गैरमौजूदगी में उनके घर से लाखों की चोरी की खबर सामने आई। गणेश महतो नामक व्यक्ति के घर को चोरों ने उस समय निशाना बनाया जब पूरा परिवार धनबाद एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। घटना की जानकारी तब मिली जब शुक्रवार को पड़ोसियों ने घर के मेन गेट का ताला टूटा देखा और परिवार को सूचना दी। जब गणेश महतो परिवार के साथ घर लौटे तो उन्होंने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है और नगदी समेत गहने गायब हैं। चोरों ने घर में घुसने के लिए छत की सीढ़ियों का रास्ता अपनाया और बड़ी चालाकी से अंदर प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने अलमारी व अन्य जगहों की तलाशी लेकर लगभग 60 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दूबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। साथ ही फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) की टीम को भी बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट्स सहित अन्य महत्वपूर्ण सबूत जुटाए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कई टीमों का गठन किया है जो चोरों की तलाश में जुटी हैं। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि कुछ सुराग मिले हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना के बाद माल पाड़ा समेत आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका पहले शांत माना जाता था लेकिन हाल के दिनों में लगातार चोरी और आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इससे आम लोगों में असुरक्षा की भावना घर कर रही है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से इलाके में रात्रि गश्ती बढ़ाने और संदिग्ध लोगों पर निगरानी रखने की मांग की है। यह घटना न केवल एक परिवार की निजी क्षति है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि त्योहारी और विवाह के मौसम में जब लोग अपने घरों से बाहर होते हैं, तब चोरों का गिरोह सक्रिय हो जाता है और सूने घरों को निशाना बनाता है। ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी बनती है कि वह रूटीन पेट्रोलिंग को और मजबूत करे और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने के लिए जागरूक करे।

# 40 रुपये के लिए होटल मालिक पर गोली चलाने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार

निज संवाददाता | गढ़वा



गढ़वा जिले में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जब महज 40 रुपये के बकाया को लेकर हुए झगड़े में होटल मालिक पर गोली चला दी गई। यह घटना न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि कैसे छोटी-छोटी बातों में कानून को धता बताकर अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। घटना 15 मई की रात विराट होटल में घटी, जब तीन बोतल बियर के लिए होटल मालिक सोनू कुमार उर्फ सन्नी ने 600 रुपये की मांग की। ग्राहक रवि चंद्रवंशी ने मोबाइल पेमेंट ऐप 'फोनपे' के जरिए 560 रुपये का भुगतान कर दिया। बचे हुए 40 रुपये को लेकर होटल मालिक और आरोपी छोटू तिवारी के बीच बहस शुरू हो गई। यह बहस इतनी तेजी से बढ़ी कि छोटू ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। होटल परिसर में ही विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और अचानक छोटू ने होटल मालिक पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली जानलेवा साबित नहीं हुई, लेकिन घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। सूचना मिलने पर गढ़वा पुलिस सक्रिय हुई और एसपी दीपक पांडेय ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस की तत्परता रंग लाई और शुक्रवार रात मुख्य आरोपी सुशील तिवारी उर्फ छोटू तिवारी को एक पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर राजन तिवारी को लोडेड देशी कट्टे के साथ पकड़ा गया। इसके अलावा बम्पी पटवा और रवि चंद्रवंशी को भी पुलिस ने धर दबोचा। हालांकि गिरोह का एक सदस्य दीपक तिवारी अब भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास चौंकाने वाला है। मुख्य आरोपी छोटू तिवारी के खिलाफ पहले से ही छह आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें आर्म्स एक्ट और पोक्सो एक्ट के गंभीर आरोप शामिल हैं। वह पलामू जिले के चैनपुर थाना अंतर्गत हरिनामाड़ गांव का निवासी है। वहीं, राजन तिवारी गढ़वा शहर के दिपुवा मोहल्ला का रहने वाला है, जबकि बम्पी पटवा और रवि चंद्रवंशी गढ़देवी मोहल्ला के निवासी हैं। इन तीनों पर भी पूर्व में विभिन्न आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जो यह साफ दर्शाते हैं कि यह कोई साधारण विवाद नहीं, बल्कि सुनियोजित आपराधिक प्रवृत्ति का परिणाम था। इस घटना ने गढ़वा के नागरिकों को झकझोर कर रख दिया है। शराब जैसे मामूली विषय पर गोलीबारी की यह घटना साफ तौर पर संकेत देती है कि किस तरह समाज में हिंसक प्रवृत्तियां तेजी से बढ़ रही हैं और अपराधी तत्वों को कानून का कोई भय नहीं रह गया है। स्थानीय लोग घटना के बाद भयभीत हैं और उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और इस गिरोह के हर सदस्य पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही होटल और सार्वजनिक स्थलों पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने और नियमित गश्त तेज करने के आदेश दिए गए हैं।

## रिफाइन तेल टैंकर पलटा

**कोडरमा (नि.सं.)।** कोडरमा घाटी स्थित बन्दरचुआं के पास शनिवार की सुबह रिफाइन तेल से भरा एक टैंकर पलट गया। जिससे रांची-पटना मेन रोड में परिचालन बाधित हो गया। बताया जा रहा है कि उक्त टैंकर हल्दिया (पश्चिम बंगाल) से रिफाइन लोड कर कोडरमा होते हुए बिहार के रास्ते नेपाल की ओर जा रहा था। इसी बीच कोडरमा घाटी के बन्दरचुआं के समीप टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें लोड रिफाइन सड़कों पर बहने लगा। इधर घटना के बाद आसपास के लोग वहां इकट्ठा हो गए।

# आठ स्थानों पर लगा नियमित टीकाकरण शिविर

निज संवाददाता | नारायणपुर (जामताड़ा)

स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को नारायणपुर प्रखंड के पंदनी समेत आठ प्रमुख स्थानों पर नियमित टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। झारखंड सरकार के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर की टीम ने इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण के महत्व और इसके फायदों से अवगत कराया तथा आवश्यक टीके प्रदान किए। इस दौरान नारायणपुर प्रखंड के पंदनी, पोखरिया, चिहुंटिया, मिरगा, शहरपुर, बाबूडीह सहित अन्य स्थानों पर एएनएम (आशा कार्यकर्ता) सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं और बच्चों को ओपीभी, रोटा, पेन्टा, एमआर, डीपीडी बूस्टर सहित कई आवश्यक टीके लगाए गए। टीकाकरण के बाद महिलाओं के बीच परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई। एएनएम ने परिवार नियोजन के अस्थायी उपाय अपनाने वाले लाभुकों को परिवार नियोजन कीट वितरित किए ताकि वे सुरक्षित और प्रभावी तरीके से योजना बना सकें। साथ ही, स्वास्थ्य सहिया के सहयोग से महिलाओं को परिवार नियोजन के स्थायी उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस संदर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर में आयोजित परिवार नियोजन शिविर के माध्यम से महिलाओं को बंध्याकरण ऑपरेशन कराने और पुरुष नसबंदी करवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिविर के दौरान बसंती मुर्मू, रेणू कुमारी, ज्योति दास, कुमारी अनुपम, आशा देवी, हालोमुनी मुर्मू, रिंकू कुमारी, ममता कुमारी समेत अन्य एएनएम भी मौजूद रहीं। उन्होंने स्थानीय महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य सेवा में अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाते हुए यह सुनिश्चित किया कि टीकाकरण का अभियान प्रभावी और सफल रहे। इस तरह के आयोजन से न केवल रोगों के प्रसार को रोका जा रहा है।

# पिकअप वाहन के टक्कर से चार लोग घायल

निज संवाददाता | पाकुड़

पाकुड़ जिले के हिरणपुर-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की देर रात एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। यह घटना तारापुर गांव के पास उस वक्त हुई जब एक ही परिवार के चार सदस्य, जिनमें दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं, एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह परिवार बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से पाकुड़ की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे पिकअप वाहन (नंबर WB 45B 6153) ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि बाइक हवा में उछल गई और सवार परिवार सड़क पर दूर जा गिरा। टक्कर के बाद वाहन चालक वाहन समेत घटनास्थल से फरार हो गया, जबकि घायल चारों लोग गंभीर हालत में सड़क पर पड़े कराहते रहे। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत पाकुड़ सदर अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान पथरिया (साहेबगंज) निवासी चेरकु शाह (32 वर्ष), उनकी पत्नी बसंती देवी (26 वर्ष) और उनके दो बच्चों के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद बताया कि चेरकु शाह के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं, जिससे उनकी स्थिति अत्यंत नाजुक हो गई है। उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल रेफर कर दिया गया है।

वहीं उनकी पत्नी बसंती देवी के सिर पर गहरी चोट है, जो फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही हैं। दोनों बच्चों को भी हाथ-पैर में गंभीर चोटें लगी हैं, जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही हिरणपुर थाना के एएसआई किशोर टुडु और दिलीप कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन को जब्त कर थाने ले गए। पुलिस अब वाहन चालक की तलाश में जुटी है और आसपास के क्षेत्रों में उसकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए छानबीन कर रही है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि चालक नशे में था या वाहन की गति नियंत्रित नहीं थी, लेकिन प्राथमिक जांच में लापरवाही और तेज रफ्तार इस हादसे की मुख्य वजह मानी जा रही है। इस दर्दनाक घटना ने क्षेत्र के लोगों को एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर सोचने पर मजबूर कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़कों पर वाहनों की गति पर नियंत्रण नहीं होने से ऐसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि न केवल इस मार्ग पर गति सीमा का सख्ती से पालन कराया जाए, बल्कि रात में पेट्रोलिंग और निगरानी भी बढ़ाई जाए ताकि ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। फिलहाल पूरे गांव में इस घटना को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल है।

## बाइक सवार घायल

**साहिबगंज (नि.सं.)।** साहिबगंज जिले के बोरियो-साहिबगंज मुख्य पथ पर रक्सो गांव के पास शुक्रवार को एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से वह घटनास्थल से खुद ही फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह बाइक दिग्घी की ओर से आ रही थी और बोरियो की दिशा में जा रही थी। रक्सो गांव के समीप बाइक चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिससे बाइक फिसलकर सड़क किनारे जा गिरी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद उन्होंने देखा कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल अवस्था में था, लेकिन वह जैसे-तैसे उठकर घटनास्थल से चला गया। इस कारण उसकी पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है और न ही यह स्पष्ट हो सका है कि उसे कितनी गंभीर चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही बोरियो पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की।

# सेल शाबाश योजना के तहत सम्मान समारोह का आयोजन




निज संवाददाता | बोकारो

बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन विभाग द्वारा बोकारो क्लब में "सेल शाबाश योजना" के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में कैटेगरी-II में चयनित कर्मचारियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बी. के. तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, साथ में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगनी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुराजबनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी. आर. मिश्रा, तथा प्रभारी-बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ. बी. बी. करुणामय सहित मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ए. के. शरण ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए "सेल शाबाश योजना" की रूपरेखा, उद्देश्य एवं इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि बी. के. तिवारी ने कहा कि "सेल शाबाश योजना" सेल की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य उन कर्मचारियों को पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करना है जो अपने कार्य में उत्कृष्टता, निष्ठा और समर्पण का प्रदर्शन करते हैं। यह सम्मान उनके प्रयासों, संस्था के लक्ष्यों में उनके योगदान और अनुकरणीय कार्य संस्कृति को रेखांकित करता है। उन्होंने सभी पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कुल 38 कर्मचारियों को व्यक्तिगत एवं एक समूह पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह न केवल कर्मचारियों के लिए गर्व का विषय रहा, बल्कि उनके परिजनों के लिए भी एक हर्ष का क्षण बना, जिन्होंने अपने प्रियजनों की उपलब्धियों को प्रत्यक्ष रूप से साझा किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) प्रगति कुमारी एवं सिबिल सिंह ने किया।

## निदेशक प्रभारी ने किया नगर प्रशासन विभाग व बीजीएच का औचक निरीक्षण



निज संवाददाता | बोकारो

बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने 24 मई को अपराहन नगर प्रशासन विभाग एवं बोकारो जनरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अधिशासी निदेशक (एचआर) सुराजबनर्जी एवं मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एल दास भी उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी ने नगर प्रशासन के विभिन्न अनुभागों के औचक निरीक्षण के क्रम में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से उनके विभागीय काम-काज के विषय में जानकारी ली। अपने काम के सिलसिले में नगर प्रशासन विभाग आये लोगों से भी निदेशक प्रभारी ने बात कर फीडबैक लिया तथा मुख्यमहाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बोकारो जनरल अस्पताल में निदेशक प्रभारी ने सी सी यू सहित अन्य वार्ड, मेडिसिन काउंटर इत्यादि का औचक निरीक्षण किया और इलाजरत मरीज़ या उनके परिजनों से फीडबैक ली। इस दौरान बीजीएच के प्रमुख डॉ बी बी करुणामय भी उपस्थित थे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# मनरेगा घोटाला - भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए हजारों गरीब परिवार

यह स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं। भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। इस योजना की शुरूआत इस मकसद से की गई थी कि गरीब परिवारों को साल में कम से कम सौ दिन रोजगार मिल सकेगा और उन्हें अपने भरण-पोषण के लिए किसी दूसरी योजना का मुखापेक्षी नहीं रहना पड़ेगा। मगर शुरूआती वर्षों में ही इसमें भ्रष्टाचार उजागर होने लगे थे। फर्जी नाम दर्ज कर काम देने की बड़ी चालबाजियां सामने आई थीं।उसे रोकने के कई उपाय किए गए, पर इस पर पूरी तरह विराम नहीं लग सका। इस योजना को बंद करने या इसका स्वरूप बदलने का फैसला इसलिए नहीं किया जा सका कि संविधान में इसकी गारंटी दी गई है। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का ताना-बाना संबंधित महकमों में ही बुना जाता है। इसका ताजा उदाहरण गुजरात में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से कार्य निष्पादन के दस्तावेज तैयार कर करोड़ों की रकम भुना लेने का है। पुलिस ने इस मामले में अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें सड़क, बांध, पुलिया आदि निर्माण के लिए सामग्री मुहैया कराने का ठेका दिया गया था।इस घोटाले ने इसलिए तूल पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया है कि इसमें वहां के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री के दो बेटों को भी गिरफ्तार किया गया है। उनकी एजंसियां भी मनरेगा परियोजनाओं में शामिल थीं। उन्होंने कार्यों का निष्पादन किए बगैर फर्जी दस्तावेज जमा कर भुगतान प्राप्त कर लिया। मनरेगा की जिन परियोजनाओं में उन्होंने घोटाला किया, वे वहां के आदिवासी इलाकों में चलाई जा रही थीं। इसके अलावा, फिलहाल जांच में पैंतीस ऐसी एजंसियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जिन्होंने 2021 से 2024 के बीच सरकारी अधिकारियों से मिलीभगत करके जाली दस्तावेजों के आधार पर इकहत्तर करोड़ रुपए का भुगतान प्राप्त कर लिया।अभी तक जिला ग्रामीण विकास एजंसी यानी डीआरडीए की जांच में सामने आए एक जिले के तथ्यों के आधार पर ये गिरफ्तारियां हुई हैं। इसलिए कयास लगाए जा रहे हैं कि पूरे राज्य में इस योजना के तहत कितने बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ होगा। उन आदिवासी इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है, जिनके लिए ये परियोजनाएं चलाई तो गई थीं, पर वे केवल कागजों में दर्ज होकर रह गईं।आमतौर पर गरीबों के लिए चलाई जाने वाली योजनाएं और कार्यक्रम जमीन पर कम ही उतर पाते हैं। दिखाने के लिए जो कुछ काम होते भी हैं, उनकी गुणवत्ता सदा संदिग्ध रहती है। उनमें इस्तेमाल सामग्री और कामकाज की गुणवत्ता इस कदर खराब होती है कि सड़कें, पुल-पुलिया वगैरह पहली ही बारिश में धुल कर साफ हो जाते हैं।ग्रामीण विकास के नाम पर अनेक योजनाएं चलाई जाती हैं, केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की तरफ से, मगर वास्तव में उनसे गांवों का चेहरा कितना बदला है, कहना मुश्किल है। ऐसे वक्त में, जब अस्सी करोड़ से ऊपर लोगों को मुफ्त के राशन पर निर्भर रहना पड़ रहा है, मनरेगा जैसी रोजगार गारंटी योजना में इतने बड़े पैमाने पर व्याप्त भ्रष्टाचार विकास के दावों का विद्रूप ही कहा जाएगा। गुजरात को विकास के आदर्श के रूप में प्रचारित किया जाता है। जब वहां स्थिति ऐसी है, तो दूसरे राज्यों में इस योजना की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# क्यों जनता भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोये?

(ललित गर्ग)

**भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं।**

विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं। ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है। इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोती रहेगी। कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे?

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है?

सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक 'बड़ी साजिश' को दर्शाता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दर्शाता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी।

अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके। भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। इस योजना की शुरुआत इस मकसद से की गई थी कि गरीब परिवारों को साल में कम से कम सौ दिन रोजगार मिल सकेगा और वे अपना भरण-पोषण कर सकेंगे मगर शुरुआती वर्षों में ही इसमें भ्रष्टाचार उजागर होने लगे थे। फर्जी नाम दर्ज कर काम देने की बड़ी चालबाजियां सामने आई थीं। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का ताना-बाना संबंधित महकमों में ही बुना जाता है। इसी का त्रासद उदाहरण गुजरात में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से कार्य निष्पादन के दस्तावेज तैयार कर करोड़ों की रकम भुना लेने का है। पुलिस ने इस मामले में अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें सड़क, बांध, पुलिया आदि निर्माण के लिए सामग्री मुहैया कराने का ठेका दिया गया था। इस घोटाले ने इसलिए तूल पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया है कि इसमें वहां के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री के दो बेटों को भी गिरफ्तार किया गया है।  गुजरात ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के किस्से उजागर हो रहे हैं। मुजफ्फरपुर में भी मनरेगा भ्रष्टाचार का शिकार हो गया है। जिले के कई ब्लॉक में मनरेगा में भ्रष्टाचार हो रहा है। फर्जी हाजिरी और फोटो घोटाले से हर दिन लाखों रुपये की लूट हो रही है। एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके लाखों रुपये निकाले जा रहे हैं। गुजरात में मंत्री के बेटों के द्वारा मनरेगा लूट एवं भ्रष्टाचार अधिक परेशान करने वाला एवं चिन्ता में डालने वाला है। नेता, मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।

अब तक आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल आदि राजनीतिक दलों में ही भ्रष्टाचार के किस्से सामने आ रहे थे, अब भाजपा नेताओं एवं मंत्रियों पर भी ऐसे आरोप लगना ज्यादा चिन्ताजनक है। प्रश्न भाजपा का ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसके खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए।

# वीरान पहलगाम, व्यापारी कंगाल, पर्यटक गायब

(सुंधाशु)

पहलगाम आतंकी हमले को एक महीने पूरे हो चुके हैं, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकियों की कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब दे दिया है। लेकिन एक बड़ी चुनौती भी सामने खड़ी है- जम्मू कश्मीर में एक बार फिर पर्यटन को वापस लाना है, एक बार फिर लोगों में विश्वास पैदा करना है। पर्यटकों में तो विश्वास पैदा करना ही है, इसके साथ-साथ पहलगाम में जो लोकल लोग हैं, जो वहां के दुकानदार हैं, जो वहां के व्यापारी हैं, उनमें भी विश्वास की खासा कमी आ चुकी है, वे पूरी तरह टूट चुके हैं, उन्हें समझ ही नहीं आ रहा कि पर्यटन वापस कैसे लौटेगा। एक टूर ऑपरेटर नसीर अहमद ने कहा है कि एक महीने बाद भी यह इलाका पूरी तरह सुनसान दिखाई देता है। पहले यहां पर हजारों पर्यटक हुआ करते थे, कई लोगों को रोजगार मिल रहा था, दुकानदार से लेकर सड़क पर ठेला लगाने वाले तक, कैब ड्राइवर तक सभी खुश थे। 1990 की इनसरजेंशी के बाद दोबारा ऐसा हाल देखने को मिल रहा है जब पहलगाम बिल्कुल ही सुनसान -वीरान हो चुका है।

**लोकल टूरिस्ट भी डरा हुआ**

दुकानदारों के मुताबिक इस बार चुनौती ज्यादा बड़ी इसलिए बन चुकी है क्योंकि लोकल टूरिस्ट भी जम्मू कश्मीर आने से बच रहा है। मीडिया से ही बात करते हुए मोहम्मद इरशाद नाम का दुकानदार बोलता है कि सरकार को अब हस्तक्षेप करना चाहिए, उसे कोई ना कोई एक्शन तो लेना ही पड़ेगा। पिछले एक महीने से कई दुकानदारों ने, कई लोगों ने एक पैसा भी नहीं कमाया है।

**सरकार पर पूरा है भरोसा**

मीडिया से बात करते हुए एक और लोकल बिजनेसमैन ने जोर देकर बोला है कि उसका गाड़ियों का व्यापार है, लेकिन क्योंकि टूरिज्म पूरी तरह ठप पड़ चुका है, ऐसे में किराए पर गाड़ी लेने के लिए कोई है ही नहींष ऐसा कभी भी नहीं होना चाहिए था, हमें उम्मीद है कि अगले साल तक पर्यटन फिर वापस आ जाएगा हमें हमारी सरकार पर 100 फीसदी भरोसा है कि स्थिति बेहतर होगी। अभी हमारी सारी उम्मीद अमरनाथ यात्रा से है जो शायद कुछ मदद कर दे।

पिछले महीने 22 अप्रैल को पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ था जिसमें दहशतगर्दों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोली बरसा दी थी। उनका धर्म पूछ कर उन्हें मार गया था। उस आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हुई थी, उस आतंकी हमले के बाद ही भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया था। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकियों को मौत के घाट उतारा गया।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5741

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5740

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5741



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. इन्हें 1971 में भारत रत्न से नवाजा गया था (5)
4. आवाज या शब्द को यह भी कहते हे (2)
6. देह, काया, शरीर (2)
7. उपस्थित होना, अवाई, आने वाला समय (3)
8. एक प्रकार घुटने तक का लंबा पहनावा (2)
9. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
10. जो मन को अच्छा लगे, मनपसंद, मनभाया (5)
12. वंचित, रहित, प्रत्यय जो शब्द के अंत में लगकर अनेक अर्थ देता है (2)
14. तरकारी, सब्जी (2)
16. पैदाईश, उत्पत्ति (3)
17. दारचीनी जाति का एक वृक्ष जिसकी छाल औषधि के काम आती है (2)
18. जिसके अवयव पास-पास सटे हों (2)
20. बाकी, बचा हुआ, शेष (3)
21. एक अंग्रेजी तौल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. प्रबंध, बंदोबस्त (4)
2. सूर्योदय से सूर्यास्त के समय का मान (4)
3. ग्राम, देहात (2)
4. अभ्यर्दना, रिसेप्शन (3)
5. उपकार न मानने वाला, कृतज्ञ (6)
7. वर्तमान का दिन, जो दिन बीत रहा है (2)
9. शान-शौकत (4)
11. समुद्र के पानी का चढ़ाव के बाद वेगपूर्वक पीछे हटना (2)
13. भीड़, जमावड़ा (4)
14. इंद्रधनुष में रंगों की संख्या (2)
15. अंधेर, क्रोध, कोप, संकट (3)
16. साधन, कारण, हेतु, संबंध (3)
19. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी (2)

### वर्ग पहेली 5740 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बां | ग्ला | दे | श | | आ | बा | द |
| ह | | ना | म | ज | द | गी | |
| में | ह | | क | ल | मी | | ना |
| भ | र | ना | | | औ | र | त |
| र | फ | | अ | च | र | ज | |
| ना | | फौ | जी | | इं | क | |
| | गु | | त | म | सा | | मो |
| बे | रू | त | | जा | न | व | र |

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन आर्थिक दृष्टिकोण से जोखिम उठाने के लिए उपयुक्त है। रियल एस्टेट या स्टार्टअप में निवेश करने का विचार कर रहे हैं तो समय अनुकूल है। कोई सरकारी प्रॉजेक्ट या टेंडर पाने में सफलता मिल सकती है। जॉब में प्रमोशन के लिए दिन सकारात्मक है। आपके प्रयास सफल हो सकते हैं।

### वृष

आज नए विकल्प मिल सकते हैं, विशेष रूप से जो लोग आईटी, बैंकिंग, एडमिनिस्ट्रेशन या कानून के क्षेत्र में हैं। किसी प्रतिद्वंद्वी कंपनी से बेहतर ऑफर आ सकता है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में बदलाव आ सकता है। सैलरी बढ़ाने या पुरानी लंबित राशि मिलने की संभावना है।

### मिथुन

आपकी कार्यक्षमता तो उच्च स्तर की है लेकिन ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग जरूरी है। ऑफिस में कार्य का दबाव अधिक रहेगा परंतु आपके निर्णय निर्णायक साबित होंगे। व्यापारियों के लिए आउटसोर्सिंग या एक्सपोर्ट से लाभ की संभावना है।

### तुला

मेहनत के परिणाम धीरे-धीरे सामने आएंगे लेकिन लंबे समय तक टिकाऊ होंगे। ऑफिस में आपके नेतृत्व गुण की सराहना होगी। खुद का व्यवसाय शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो आपको सफलता प्राप्त होगी। ऑनलाइन बिजनस, रिटेल या लॉजिस्टिक्स सेक्टर से जुड़े जातकों को बड़े पैमाने पर बिक्री के अवसर मिल सकते हैं।

### वृश्चिक

आज दिन सफलता, स्थिरता और सुधार का है। पहले लिए गए करियर या आर्थिक निर्णय फल देंगे। किसी संपत्ति से संबंधित पुराना विवाद हल हो सकता है, जिससे वित्तीय लाभ होगा। कार्यस्थल पर आपकी कार्यशैली दूसरों के लिए मिसाल बनेगी। व्यापार में नए संपर्कों से प्रगति होगी और विदेशी क्लाइंट्स से भी लाभ की संभावना है।

### धनु

आज दिन चुनौतियों भरा लेकिन सीखने योग्य रहेगा। कोई नया जॉब ऑफर आने से मन में उत्साह रहेगा, लेकिन उसमें स्थायित्व पर विचार करना जरूरी है। व्यापार में किसी करीबी के सुझाव से लाभ मिलेगा। फ्रीलांसर, क्रिएटिव प्रफेशनल्स या स्टार्टअप से जुड़े लोगों को स्पॉन्सरशिप या कोलैबरेशन का प्रस्ताव मिल सकता है।

### कर्क

आज आर्थिक योजनाओं में अनुशासन रखने की आवश्यकता है। यदि आपने किसी म्युचुअल फंड, बीमा या निवेश योजना में पैसा लगाया है तो धीरे-धीरे लाभ दिखाई देगा।  हालांकि खर्च भी अपेक्षाकृत अधिक रहेगा, खासकर यात्रा या टेक्नॉलजी से जुड़े उपकरणों पर निवेश करने से आपको लाभ होगा।

### सिंह

आज अपने कार्यस्थल पर फोकस करके और निर्णय लेने की क्षमता दिखानी होगी। एक नया ऑफर या बदलाव का प्रस्ताव आ सकता है, लेकिन जल्दबाजी में निर्णय न लें। फ्रीलांसर या कंसल्टिंग से जुड़े लोग बड़ा क्लाइंट पकड़ सकते हैं। निवेश में रियल एस्टेट, गोल्ड या लॉन्ग टर्म एसआईपी प्लान्स अच्छे साबित होंगे।

### कन्या

आज दिन आर्थिक मजबूती और प्रफेशनल स्टेबिलिटी का संकेत दे रहा है। घरेलू खर्चों में नियंत्रण रखने से आप कुछ अच्छी बचत कर पाएंगे। व्यवसाय में नकदी प्रवाह बेहतर रहेगा और यदि कर्ज चल रहा है तो किश्त चुकाने का अच्छा समय है।

### मकर

आज दिन कार्य के विस्तार और नई डील्स की संभावनाओं से भरा है। विशेष रूप से व्यापारी वर्ग के लिए दिन सरकारी कॉन्ट्रैक्ट, थोक ऑर्डर या प्रतिष्ठित क्लाइंट से मिलने वाले प्रॉजेक्ट को लेकर महत्वपूर्ण है। नौकरी में बदलाव चाहने वालों को इंटरव्यू कॉल आ सकता है या नेटवर्किंग से अच्छा अवसर प्राप्त होगा।

### कुंभ

आज दिन पुराने संपर्कों से नए अवसरों की प्राप्ति का दिन है। कोई पुराना क्लाइंट या जानकार व्यक्ति आपको लाभकारी डील का प्रस्ताव दे सकता है। ऑफिस में काम का दबाव बना रहेगा लेकिन आप उसकी गुणवत्ता बनाए रखेंगे। निवेश की दृष्टि से सोना, सेविंग्स अकाउंट्स या इंश्योरेंस में पूंजी लगाना बेहतर रहेगा। लोन या ईएमआई से जुड़ी राहत की खबर मिल सकती है।

### मीन

आज वित्तीय अस्थिरता और कार्य में अरुचि का सामना करना पड़ सकता है। किसी सहकर्मी की नकारात्मकता से मन विचलित हो सकता है, पर आपको अपना फोकस बनाए रखना होगा। आर्थिक नुकसान से बचने के लिए किसी बड़े निवेश को फिलहाल टालें। यदि आप नया व्यापार शुरू करने की सोच रहे हैं तो योजना बनाएं लेकिन निर्णय 2-3 दिन बाद लें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# साइबर ठगी के बड़े गिरोह का हुआ भंडाफोड़, तीन अपराधी गिरफ्तार



निज संवाददाता | जामताड़ा

जामताड़ा पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन शातिर अपराधियों को धर दबोचा है। यह कार्रवाई नारायणपुर थाना क्षेत्र के केन्दुआटॉड़ मोड़ के समीप जंगल में की गई छापेमारी के दौरान हुई, जहां अपराधियों के छिपे होने की गुप्त सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की थी। हालांकि तीन आरोपी भागने में सफल रहे, लेकिन तीन को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान 19 वर्षीय आरिफ अंसारी, 30 वर्षीय प्रहलाद दास और 31 वर्षीय अजय दास के रूप में हुई है, तीनों नारायणपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापेमारी का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक चन्द्रमणि भारती की अगुवाई में जब टीम ने उक्त स्थान पर दबिश दी, तो आरोपी वहां से भागने लगे, लेकिन तीन को खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान इनके पास से कुल 11 मोबाइल फोन, 17 सिम कार्ड, 2 एटीएम कार्ड और तीन लग्जरी बाइकें बरामद की गई हैं। बरामद मोबाइल फोन और सिम कार्ड के जरिए ये आरोपी साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे, जबकि बाइकों का इस्तेमाल क्षेत्र बदलने और पुलिस की नजर से बचने के लिए किया जाता था।

पूछताछ में पुलिस को यह जानकारी मिली कि ये शातिर ठग देश के कई राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान और महाराष्ट्र में सक्रिय थे और वहां के नागरिकों को विशेष रूप से एक्सिस बैंक के क्रेडिट या डेबिट कार्ड बंद होने का झांसा देकर ठगी करते थे। इनके काम करने का तरीका काफी सुनियोजित था – ये पहले किसी बहाने से पीड़ित के मोबाइल नंबर हासिल करते, फिर उन्हें एक विशेष प्रकार की APK फाइल भेजते, जिसे डाउनलोड करवाकर वे व्यक्ति के मोबाइल में रिमोट एक्सेस हासिल कर लेते। इसके बाद वे बैंक से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां जैसे कार्ड नंबर, ओटीपी, पासवर्ड आदि चुराकर पीड़ित के खातों से मोटी रकम उड़ा लेते थे। इस मामले को लेकर 24 मई 2025 को जामताड़ा साइबर थाना में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं पुलिस फरार तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है और इस पूरे नेटवर्क की तह तक जाने के लिए तकनीकी साक्ष्य खंगाले जा रहे हैं। यह कार्रवाई न केवल ठगी के शिकार लोगों के लिए राहत का संकेत है, बल्कि साइबर अपराधियों के मन में कानून का भय पैदा करने में भी सहायक सिद्ध हो सकती है। पुलिस का कहना है कि जांच आगे भी जारी रहेगी और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए टीम अलग-अलग राज्यों में अभियान चला रही है।

## श्रवण महतो समेत तीन कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)



सरायकेला-खरसावां जिले की पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को क्षेत्र में लंबे समय से आतंक का पर्याय बने कुख्यात अपराधी श्रवण महतो उर्फ बाबा को तीन अन्य अपराधियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस गिरफ्तारी की जानकारी जिले के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। गिरफ्तार किए गए अन्य अपराधियों में मोहम्मद अरमान, अर्जुन सिंह उर्फ अर्जुन कुमार और धर्मेंद्र प्रमाणिक शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, इन अपराधियों के पास से एक देशी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और छह सक्रिय सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। यह गिरोह सरायकेला, कांड्रा, जमशेदपुर, चाईबासा और देवघर जैसे क्षेत्रों में रंगदारी वसूली, हथियार लहराकर धमकी देने, तथा फायरिंग जैसी कई संगीन वारदातों को अंजाम देता था। विशेष उल्लेखनीय है कि गिरोह का सरगना श्रवण महतो पुलिस की नजर में लंबे समय से एक वांछित अपराधी था और उस पर विभिन्न जिलों में आधा दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांड्रा, जमशेदपुर और कपाली क्षेत्र में रंगदारी वसूली और गोलीबारी की कई घटनाओं में उसका नाम प्रमुखता से सामने आया था। वहीं मोहम्मद अरमान पर कपाली थाना क्षेत्र में कई केस दर्ज हैं और उसने भी कई आपराधिक गतिविधियों में श्रवण के साथ मिलकर भागीदारी की थी। अर्जुन सिंह और धर्मेंद्र प्रमाणिक भी इसी गिरोह का हिस्सा बनकर इलाके में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते आ रहे थे। एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में गठित एक विशेष टीम ने खुफिया सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर इन अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखी और उचित समय पर सटीक कार्रवाई करते हुए चारों को एक साथ दबोच लिया।

# बीडीओ ने नरेगा के तहत बन रहे पोखर के निर्माण योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

निज संवाददाता | पोड़ैयाहाट



प्रखंड अंतर्गत बांझी पंचायत में मनरेगा के तहत बन रहे पोखर निर्माण योजनाओं का शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी फुलेश्वर मुर्मू ने औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में स्वीकृत विभिन्न पोखर निर्माण कार्यों के स्थानों पर किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम सरविंधा में मुनीलाल मुर्मू, राम कुमार, असगर मंसूरी, सीताराम राय सहित कुल दस स्थानों पर चल रहे पोखर निर्माण की पूरी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने योजना स्थल पर सूचना पट्ट की उपलब्धता को लेकर खासा ध्यान दिया। जहां सूचना पट्ट नहीं लगे थे या फिर लगे पट्टे टूटे हुए पाए गए, वहां ग्राम रोजगार सेवक को कड़ी फटकार लगाई गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संबंधित स्थानों पर तीन दिनों के भीतर सूचना पट्ट लगाना अनिवार्य होगा, जिससे योजना की जानकारी लोगों तक सही तरीके से पहुंच सके और कार्य में पारदर्शिता बनी रहे। फुलेश्वर मुर्मू ने बताया कि सूचना पट्ट लगना योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा, उन्होंने मिट्टी की खुदाई के कार्य की गुणवत्ता पर भी बारीकी से नजर रखी और पोखर के लंबाई व चौड़ाई की मापी कराई।

मापी के अनुसार योजना में किए गए भुगतान की जानकारी भी ली गई, ताकि काम की प्रगति के अनुरूप सही भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कनीय अभियंता सौरभ कुमार यादव को नियमित रूप से निरीक्षण कर मापी दर्ज करने का कड़ा निर्देश दिया, ताकि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही, पंचायत सचिव सुमित कुमार को भी मापी के आधार पर भुगतान करने के लिए निर्देशित किया गया ताकि योजना के लिए दिए गए धन का सही उपयोग हो। फुलेश्वर मुर्मू ने कहा कि वे लगातार सभी पंचायतों का भ्रमण कर विभिन्न विकास योजनाओं की स्थल जांच कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी योजना कार्य समयबद्ध तरीके से और गुणवत्ता पूर्ण रूप में सम्पन्न हों, जिससे ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों का लाभ सही तरीके से पहुंच सके। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजीव कुमार, कनीय अभियंता सौरभ कुमार यादव, पंचायत सचिव सुमित कुमार, ग्राम रोजगार सेवक शिवपूजन समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## बारिश के कारण ठाकुरगंगटी की सड़कें बनीं तालाब

गोड्डा (नि.सं.)। जिले भर में जमकर हुई बारिश के बाद ठाकुरगंगटी प्रखंड में कई सड़कें जलमग्न हो गई। वहीं प्रखंड अंतर्गत परासी मोड़ से तेतरिया तक जाने वाली सड़क महुआरा गांव का मुख्य सड़क पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो गया। पानी का निकास नहीं होने के कारण करीब दो सौ फिट की लंबी दूरी तक पूरा सड़कों पर पानी फैला रहा, जिस वजह से पूरा सड़क तालाब में तब्दील हो गया है। वहीं उक्त स्थान पर 90 डिग्री मोड रहने के कारण और भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क के दोनों किनारे खाई होने के कारण वाहन चालकों को वाहन पार करने के दौरान कई दो पहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। मालूम हो कि उक्त मार्ग पर प्रतिदिन हजारों हजार की संख्या में छोटी से लेकर बड़ी वाहनों का परिचालन होते रहता है जो मिजाचौकी रेलवे स्टेशन को जोड़ता है। स्थानीय ग्रामीण मुकेश कुमार मंडल, गगन मंडल, पंकज कुमार यादव, डब्लू यादव, दिलीप कुमार मंडल आदि ने बताया कि बारिश होने पर सड़कों की भयावह स्थिति पैदा हो जाती है उक्त स्थान पर जलजमाव के कारण सड़कों का नामोनिशान तक पता नहीं चल पाता है। बाबजूद स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।

# नगर परिसद के सफाई कर्मियों की सभी मांगों पर बनी सहमति, हड़ताल हुआ समाप्त

निज संवाददाता | गोड्डा



झारखंड लोकल बॉडीज फेडरेशन के बैनर तले अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर विगत दस दिनों से हड़ताल पर बैठे नगर परिषद और नगर पंचायत के सफाई कर्मियों की हड़ताल शनिवार को समाप्त हो गई। यह निर्णय कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार और फेडरेशन के प्रतिनिधियों के बीच हुई सकारात्मक बातचीत के बाद लिया गया। बातचीत सफल रही और सफाई कर्मियों की सभी मांगों पर सहमति बन गई, जिसके उपरांत हड़ताल समाप्ति की औपचारिक घोषणा की गई। वार्ता के बाद कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार ने सफाई कर्मियों को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर काम पर लौटने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता के लिए सफाईकर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनका योगदान सराहनीय है। हड़ताल खत्म होने के साथ ही सफाई कार्य पुनः प्रारंभ हो गया और नगर परिषद व नगर पंचायत क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को फिर से दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया। ज्ञात हो कि सफाई कर्मियों की छह मांगों में से पांच मांगें पहले ही मान ली गई थीं, लेकिन वेतन वृद्धि को लेकर गतिरोध बना हुआ था। इसी मुद्दे पर शनिवार को फिर से हुई बैठक में breakthrough आया और गोड्डा नगर परिषद के सफाई कर्मियों की दैनिक मजदूरी में 30 की वृद्धि कर 400 प्रतिदिन और महागामा नगर पंचायत के कर्मियों की मजदूरी में 69 की वृद्धि कर 370 प्रतिदिन करने का फैसला लिया गया। इसी सहमति के आधार पर सफाई कर्मियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली। इसके अलावा बैठक में यह भी सहमति बनी कि हड़ताल अवधि के दौरान किसी भी सफाई कर्मी के खिलाफ विभागीय या दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ ही नगर परिषद की आय में वृद्धि होने पर भविष्य में सफाई कर्मियों के वेतनमान में और सुधार की संभावना को भी समझौते में दर्ज किया गया। यह समझौता दोनों पक्षों के बीच पारदर्शिता और परस्पर विश्वास का प्रतीक बनकर सामने आया।

## 200 महिलाओं के बीच चावल का वितरण

हरिहरगंज (नि.सं.)। सामाजिक उत्तरदायित्व और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से कार्य कर रही भूपेंद्र सुपरमार्केट संस्था ने शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत फुलवारी और सतगांवा मोहल्ला में एक बैठक आयोजित कर 200 महिलाओं के बीच चावल का वितरण किया। यह कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में संस्था की ओर से उठाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था के निदेशक भूपेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि भूपेंद्र सुपरमार्केट का उद्देश्य सिर्फ व्यवसाय नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त करना है, खासकर उन महिलाओं को जो सीमित संसाधनों के बीच अपने परिवार को संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि संस्था से जुड़कर आज कई महिला और पुरुष आत्मनिर्भर बन चुके हैं। संस्था का लक्ष्य है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाएं खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएं और सम्मानजनक जीवन जिएं।

# अवैध शराब के साथ वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार

निज संवाददाता | गोड्डा / महागामा



अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गोड्डा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। ललमटिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। साथ ही वाहन चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष छापामारी दल द्वारा की गई, जिसमें ललमटिया थाना के पुलिसकर्मी व अन्य अधिकारी शामिल थे। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन के माध्यम से बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बिहार राज्य की ओर ले जाई जा रही है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया और तत्क्षण एक छापामारी दल का गठन कर ललमटिया थाना से बोआरीजोर की दिशा में रवाना किया गया। जैसे ही पुलिस टीम लोहंडिया बाजार के पास पहुंची, उन्हें सामने से एक संदिग्ध बोलेरो आता दिखाई दिया। पुलिस वाहन को देखकर बोलेरो चालक ने कुछ दूर पहले ही वाहन रोक दिया और भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस बल की सतर्कता और तत्परता के चलते उसे दौड़ाकर धर दबोचा गया। पकड़े गए चालक की पहचान प्रिंस कुमार पोद्दार, उम्र 25 वर्ष, पिता निरंजन पोद्दार, निवासी गोरगामा, थाना बौंसी, जिला बांका (बिहार) के रूप में की गई। जब पुलिस द्वारा उक्त बोलेरो की तलाशी ली गई तो उसमें अलग-अलग ब्रांड की बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

पूछताछ के दौरान चालक प्रिंस कुमार कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यह शराब पूरी तरह से अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी। इसके बाद पुलिस ने मौके से बोलेरो वाहन समेत बरामद शराब को जब्त कर लिया तथा चालक को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। वाहन की तलाशी में पुलिस को सफेद और हरे रंग के बोरे में रखे गॉडफादर केन बीयर के 120 पीस (500 मिली), सफेद व पीले रंग के बैग में स्टर्लिंग रिजर्व बी7 (750 मिली) के 30 पीस, नीले बैग में सिग्नेचर (750 मिली) के 5 पीस, ब्लेंडर्स प्राइड (750 मिली) के 14 पीस बरामद हुए। इसके अतिरिक्त एक सैमसंग कंपनी का एम 55 मॉडल का मोबाइल फोन (8/256 जीबी) भी जब्त किया गया है, जिससे मामले से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी मिलने की संभावना है। इस सफल छापेमारी अभियान में पुलिस निरीक्षक बिरेंद्र पासवान (बोआरीजोर प्रभाग), पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार (थाना प्रभारी, ललमटिया), पुलिस अवर निरीक्षक प्रभाष दास, अश्विनी कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सुरेंद्र कुमार यादव, सरोज सोरेन, तथा आरक्षी रामप्रवेश यादव समेत ललमटिया थाना के सशस्त्र बल के जवानों ने भाग लिया।

# आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी, दिनदहाड़े दो घरों में हुई चोरी

निज संवाददाता | महागामा



थाना क्षेत्र अंतर्गत आपराधिक गतिविधियों में लगातार हो रही वृद्धि ने क्षेत्रवासियों की चिंता बढ़ा दी है। चोरी और छिनतई जैसी घटनाएं अब आम होती जा रही हैं, जिससे नागरिकों में असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है। वहीं पुलिस की निष्क्रियता और घटना के बाद की धीमी कार्रवाई लोगों में असंतोष को और बढ़ा रही है। शनिवार को ऊर्जानगर कॉलोनी में दिनदहाड़े एक साथ दो क्वार्टरों में हुई चोरी की घटना ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में ला खड़ा किया है। मिली जानकारी के अनुसार, ऊर्जानगर कॉलोनी स्थित बी टाइप सिंगल क्वार्टर संख्या 37/72, जो ईसीएल के फोरमैन धनंजय चक्रवर्ती का है, और एक सी टाइप क्वार्टर, जो कर्मचारी आर.के. सिंह का है, दोनों को अज्ञात चोरों ने दिन के उजाले में निशाना बनाया। उस वक्त दोनों घरों में कोई भी मौजूद नहीं था, जिससे चोरों ने ताले तोड़कर आराम से घर में प्रवेश किया और नकदी, जेवरात सहित कई कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। धनंजय चक्रवर्ती के परिजन विवाह की तैयारी को लेकर पथरगामा गए हुए थे और उसी दौरान चोरों ने घटना को अंजाम दिया। लौटने पर उन्हें टूटा हुआ ताला और बिखरा हुआ सामान मिला। उन्होंने बताया कि घर से कई जरूरी और मूल्यवान वस्तुएं गायब हैं। उधर, आरके सिंह के घर से भी चोरों ने लाखों की संपत्ति चुरा ली। घटना की सूचना मिलने के बाद महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आज़ाद स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर महागामा थाना प्रभारी राज गुप्ता और ऊर्जानगर कॉलोनी के सुरक्षा प्रभारी दिनेश ओझा को आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब है कि ऊर्जानगर कॉलोनी में हमेशा होमगार्ड की तैनाती रहती है, लेकिन उसके बावजूद दिनदहाड़े इस तरह की चोरी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। कॉलोनी के निवासियों ने सवाल उठाया है कि जब चौबीसों घंटे चौकीदार तैनात रहते हैं, तब इस तरह की घटना आखिर कैसे घट सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना कोई पहली नहीं है। इससे पहले भी 15 मई को महागामा के पछियारी टोला से एक स्कॉर्पियो वाहन चोरी हो गया था, जिसकी जांच आज तक अधूरी है।

## बछेंद्री पाल की जयंती पर प्रेरक कार्यक्रम आयोजित

गोड्डा (नि.सं.)। विद्या विहार स्टडी सेंटर, गंगटा में भारत की प्रथम महिला माउंट एवरेस्ट विजेता बछेंद्री पाल के जन्मदिवस (24 मई) के उपलक्ष्य में एक प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का भी सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक आशीष कश्यप ने किया। उन्होंने बछेंद्री पाल के जीवन संघर्ष और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका साहस, मेहनत और आत्मविश्वास आज की पीढ़ी के लिए एक अमूल्य प्रेरणा है। वर्ष 1984 में उन्होंने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचकर यह सिद्ध किया कि भारतीय महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

# साइबर ठगों ने वृद्ध के खाते से अवैध रूप से की 22,100 रुपए की निकासी, प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता | गोड्डा

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ठाकुरगंगटी ग्राम निवासी कल्याणी देवी के बैंक खाते से किसी साइबर अपराधी द्वारा तीन दिन में कुल 22 हजार 100 रुपए की अवैध रूप से निकासी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कल्याणी देवी द्वारा ठाकुर गंगटी थाना में आवेदन दिया गया है और इस घटना की जानकारी भारतीय स्टेट बैंक शाखा ठाकुर गंगटी के अधिकारियों को भी दे दी गई है। पीड़िता कल्याणी देवी और उनके पति शशिधर ठाकुर उर्फ लोकनाथ ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 15 मई को वे लोग बाहर थे। बंगाल से वापस आते समय रास्ते में किसी साइबर अपराधी द्वारा अवैध रूप से इनके खाते से 49 सौ रुपए, 16 मई को 72 सौ रुपए और फिर 18 मई को 10 हजार रुपए राशि की निकासी कर ली गई। उन्होंने बताया कि 15 मई को निकासी की गई राशि का कोई भी मैसेज मोबाइल फोन में नहीं आया, लेकिन 16 मई को निकासी की गई राशि का मैसेज मोबाइल पर आया तो शशिधर ठाकुर ने सोचा कि बीते दिनों उन्होंने बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण लिया था, हो सकता है शायद बैंक के अधिकारी या कर्मी द्वारा उनके खाते से राशि का स्थानांतरण किया गया होगा। लेकिन जब 19 मई को वे भारतीय स्टेट बैंक के ठाकुरगंगटी शाखा में इस बात का पता लगाने पहुंचे तो बैंक के अधिकारियों द्वारा स्टेटमेंट निकाल कर दिया गया और कहा कि बैंक द्वारा उनके खाते से किसी भी प्रकार की राशि का की स्थानांतरण नहीं किया गया है। बैंक द्वारा पता लगाया जाएगा की कैसे इस राशि की निकासी अवैध रूप से की गई है। वही एक ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक ने बताया कि यह भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र से नहीं बल्कि किसी अन्य बैंकों के ग्राहक सेवा केंद्र से किसी अज्ञात द्वारा अवैध रूप से राशि की निकासी की गई है। वहीं बैंक के अधिकारी द्वारा पीड़ित को थाना में आवेदन देने को कहा गया। जिसके बाद पीड़ित ने थाना में जाकर उक्त मामले का आवेदन दिया और उसकी प्रतिलिपि बैंक के अधिकारी को शुक्रवार को देने गए। तब बैंक कर्मी ने पीड़ित को आश्वासन देते हुए कहा कि आगामी 26 मई को आईए, पता लगाकर राशि वापस कराने का प्रयास किया जाएगा।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ पूर्णाहुति एवं प्राण प्रतिष्ठा के साथ माता सिंहवाहिनी की प्रतिमा

निज संवाददाता | गोड्डा




सदर प्रखंड अंतर्गत दियारा गांव के शिव मंदिर परिसर में पूर्ण विधि - विधान, पूर्णाहुति एवं प्राण प्रतिष्ठा के साथ माता सिंहवाहिनी की संगमरमर प्रतिमा स्थापित हुई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सेवायत परिवार के सदस्य भानु प्रताप सिंह ने बताया कि उनके दादा स्व. बिंदेश्वरी सिंह की इच्छानुसार उनकी पुण्य स्मृति में उनके पुत्र शंकर प्रसाद सिंह, संतोष कुमार सिंह, हरेराम सिंह एवं हरेकृष्ण सिंह के सद्प्रयास से तीन दिवसीय अनुष्ठान के पश्चात शुक्र शाम अनुष्ठान के समापन के अवसर पर भव्य भंडारा एवं जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर अतिथि जिला कला संस्कृति संयोजक सुरजीत झा, पंजवारा के पूर्व जिप सदस्य विजय शंकर सिंह, हॉकी गोड्डा के अध्यक्ष मनोज कुमार पप्पु, अशोक तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, उप मुखिया अवधेश कुमार सिंह, नीलू वर्मा, रमेश झा, डॉन बोस्को स्कूल निदेशक अमित राय, समाजसेवी सौरभ परासर, सावन सिंह, अमित सिंह "अप्पू", प्रशांत सिंह, नितेश आनंद, राजेश कुमार गुप्ता, अमित कुमार झा "गुंजन", बबलू साह आदि उपस्थित थे। जागरण के दौरान प्रसिद्ध गायक कौशल किशोर मिश्रा की अगुवाई में भानु प्रताप सिंह, नीतीश कुमार, संतोष कुमार, अनिल कुमार एवं अन्य बाल गायक दुअंश कुमार की एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति में देर रात तक ग्रामीणों ने भक्ति रसपान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सुरजीत झा ने अपने संबोधन में कहा कि गांव के मुहाने पर स्थापित वीर कुंवर सिंह एवं शहीद भगत सिंह की प्रतिमा से जहां यहां के लोगों को जन्मभूमि के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा मिलती थी वहीं शक्ति की देवी भगवती की प्राणवान प्रतिमा पूजा से जहां प्रतिदिन नारी शक्ति की पूजा होगी वहीं यहां के भक्त लोगों में अतिरिक्त शक्ति का संचरण होगा। आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ता सरोज सिंह, प्रदीप चौधरी, ध्रुव सिंह, मोतीलाल चौधरी, ब्रह्मदेव चौधरी, लाखन सिंह, राजा सिंह, गोरेलाल, छोटू कुमार, पवनजीत सिंह एवं कुंदन सिंह की भूमिका एवं सहयोग सराहनीय रही।

## ऑटो से गिरकर घायल अधेड़ का इलाज के दौरान मौत

दुमका (नि.सं.)। दुमका-सिउड़ी मुख्य पथ के मसानजोर थाना क्षेत्र के बासमता गांव के पास ऑटो से गिरकर घायल हुए 55 वर्षीय अधेड़ की मौत दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गया है। यह घटना शुक्रवार शाम की है। बताया जा रहा है कि मसानजोर थाना क्षेत्र के दरबारपुर गांव के सुकुर पुजहर उर्फ लंगटो पुजहर शुक्रवार की शाम हटिया से अपने घर ऑटो से लौट रहा था। इस दौरान मसलिया थाना क्षेत्र के ही बासमता गांव के पास वह ऑटो से नीचे से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल होने के बाद ऑटो चालक के द्वारा ही उसे इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई है। इधर उसकी मौत के बाद शनिवार को मामले की जानकारी अस्पताल प्रबंधन की ओर से नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# दुमका पुलिस ने एनसीसी की बालिकाओं को किया साइबर और सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक

निज संवाददाता | दुमका



अपराध और साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दुमका पुलिस की ओर से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) एवं परि. पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में नगर थाना के साइबर विशेषज्ञ अवर निरीक्षक राजीव रंजन ने आर्चरी मैदान, दुमका में एनसीसी की बालिका कैडेट्स के समक्ष यह जागरूकता सत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छात्राओं को डायल-112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर की उपयोगिता, त्वरित आवश्यकता की स्थिति में इसके माध्यम से मिलने वाली सहायता और पुलिस की ओर से किए जाने वाले तत्काल रिस्पांस की जानकारी दी गई। यह बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति, विशेषकर महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों के मामले में यह नंबर कितना कारगर और प्रभावी हो सकता है। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा से जुड़ी कई अहम जानकारियां भी साझा की गईं। जैसे – दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करना। छात्राओं को बताया गया कि ये सभी उपाय जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इनकी अनदेखी जानलेवा साबित हो सकती है। साथ ही सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, डायन बिसाही, महिला उत्पीड़न, और नशाखोरी से समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इन बुराइयों के खिलाफ लड़ाई में महिलाओं और युवतियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हें सामाजिक जागरूकता की दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की सबसे अहम कड़ी रही साइबर सुरक्षा पर केंद्रित सत्र। इसमें डिजिटल फ्रॉड से बचाव के लिए कई उपयोगी सुझाव दिए गए। जैसे – किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी शेयर न करना, संदिग्ध लिंक या एप्लिकेशन (APK) डाउनलोड न करना, सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने व्यक्तिगत विवरण साझा न करना आदि। छात्राओं को यह भी बताया गया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सकते हैं या फिर www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यह कार्यक्रम बालिकाओं के बीच डिजिटल साक्षरता और सामाजिक सजगता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के समर्थन में नारे लिखने का आरोपी छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में कथित तौर पर मशीन पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' लिखने के आरोप में एक निजी कंपनी के 22 वर्षीय प्रशिक्षु कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना 19 मई को प्रकाश में आई। उन्होंने बताया कि कंपनी महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) चिकलथाना में स्थित है। उन्होंने बताया, ''नरेगांव निवासी आरोपी ने भगवा रंग से पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था। उसे देशद्रोह और अन्य अपराधों से संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी के अनुसार आरोपी ने पुलिस को बताया है कि उसने मजाक में ऐसा किया था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जांच जारी है।

### साइबर धोखाधड़ी में 3 गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग मोटे रिटर्न का वादा कर स्टॉक ट्रेडिंग योजनाओं में निवेश करने के बहाने लोगों से ठगी करते थे। आरोपियों में से एक दुबई स्थित साइबर जालसाजों के संपर्क में था।

गुरुग्राम पुलिस के अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान गुजरात के राजकोट जिले के रिम्पल दुधागरा, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के निवासी अखलाक अहमद और उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के शहाबुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि दुधागरा को पंजाब के जालंधर से गिरफ्तार किया गया, जबकि अहमद और अंसारी को गुरुवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि अहमद लोगों को उनके बैंक खाते का विवरण प्राप्त करने के लिए नकद रुपए देने का लालच देता था और इन खातों में आने वाले रुपए में से अंसारी को दो प्रतिशत कमीशन देता था। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर) प्रियांशु दीवान ने बताया कि अंसारी टेलीग्राम ग्रुप के जरिए साइबर जालसाजों के संपर्क में आया था। उसने अहमद से बैंक खाते खरीदकर उन्हें दुबई में किसी आदमी को तीन प्रतिशत कमीशन पर बेच देता था। उन्होंने बताया कि अंसारी कई बार दुबई भी जा चुका है। आरोपियों से आगे की पूछताछ की जा रही है।। है।

### खुल गया शाहबेरी रोड, ग्रेटर नोएडा वेस्ट टू गाजियाबाद का आना-जाना हुआ आसान

**ग्रेटर नोएडा ।** ग्रेटर नोएडा से गाजियाबाद तक सफर करने वालों के लिए बड़ी राहतभरी खबर है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शाहबेरी रोड को चौड़ा करने का काम अब पूरा हो गया है। लोगों ने शुक्रवार से इस पर आवाजाही भी शुरू कर दी है। इस सड़क के अब दो लेन होने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इटेड़ा गोलचक्कर से क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद की ओर आना-जाना पहले से अधिक सुगम हो गया है।

सड़क के दोनों तरफ जल निकासी के लिए आरसीसी ड्रेन का निर्माण भी किया गया है। इससे बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या दूर हो जाएगी। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी इस सड़क को चौड़ा करने का काम बीते 25 मार्च को शुरू किया गया था। इन दोनों कार्यों पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा लगभग चार करोड़ रुपये खर्च किए गए। ट्रैफिक विभाग के मुताबिक शाहबेरी रोड से रोजाना औसतन दो लाख वाहन गुजरते हैं।

प्राधिकरण के प्रबंधक नितीश कुमार ने बताया कि सड़क की चौड़ाई अब 4.5 मीटर से अधिक हो गई है, जो पहले तीन मीटर के लगभग थी। सड़क को चालू कर दिया गया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इटेड़ा गोलचक्कर से क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद की ओर आने-जाने वालों का रास्ता सुगम हो गया है। दरअसल क्रॉसिंग रिपब्लिक बनने के बाद शाहबेरी रोड पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। इधर से होकर जाने वाले लोग सुबह शाम जाम में फंसे रहते थे। वहीं, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बसावट बढ़ने पर यह समस्या और अधिक बढ़ गई। ऐसे में सड़क को चौड़ा कराया गया। अब इस रोड के चालू होने से चार मूर्ति चौक पर भी वाहनों का दबाव कम होगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण दुकानदारों से सड़क पर किसी तरह का अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। प्रेरणा सिंह, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, शाहबेरी मार्ग को चौड़ा करने का काम पूरा हो गया है।

# हरियाणा की नौकरियों पर संकट, हाईकोर्ट ने सामाजिक-आर्थिक आधार पर दिए गए अंकों को बताया गैरकानूनी




**दोबारा बनेगा रिजल्ट**

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकारी नौकरियों में सामाजिक-आर्थिक आधार पर दिए गए अंकों संबंधी फैसला एक दिन पहले रद्द कर दिया था। इससे उन लोगों की चिंता बढ़ गई थी, जिन्हें हरियाणा सरकार के इस फैसले के आधार पर सरकारी नौकरियां मिली हैं। हाईकोर्ट के इस फैसले से सबसे अधिक पुलिस विभाग की भर्तियों पर असर पड़ने की संभावना है। पुलिस विभाग में एसआई, महिला एसआई तथा सिपाही के पदों पर सामाजिक-आर्थिक आधार के अंकों के आधार पर सबसे ज्यादा नियुक्तियां हुई हैं।

इस बीच आज पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 2019 के बाद की उन सभी भर्तियों का नए सिरे से परिणाम जारी करने का आदेश दिया है, जिनमें सामाजिक व आर्थिक आधार पर अंकों का लाभ दिया गया था। इन अंकों का लाभ दिए बगैर जारी परिणाम के अनुसार जो लोग मेधावी होंगे।

उन्हें नियुक्ति दी जाएगी और भर्ती में चयनित होने वालों के चयन की तिथि से वरिष्ठता व अन्य लाभ दिए जाएंगे। जो लोग नए परिणाम के कारण भर्ती से बाहर होंगे, उनके लिए सरकार पद ढूंढेगी और यदि पद उपलब्ध नहीं होगा तो भविष्य में रिक्त पद होने तक उन्हें कच्चे कर्मचारी के तौर पर रखा जाएगा। जब नियमित पद उपलब्ध होंगे तो इन्हें नियुक्ति दी जाएगी और उनकी वरिष्ठता व अन्य लाभ नियुक्ति की तिथि से होंगे। हाईकोर्ट के इस आदेश से 10 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित होंगे।

**सरकार ने प्रावधान ही गलत तरीके से किया**

हाईकोर्ट ने कहा कि पहले ही तय किया गया था कि नियुक्तियां इस याचिका पर आने वाले फैसले पर निर्भर करेंगी। हम नहीं चाहते भर्ती से बाहर होने वाले लोग अपनी नौकरी खो दें, क्योंकि इसमें उनका कोई कसूर नहीं था। कोर्ट ने इसलिए भर्ती से बाहर होने वालों को निकालने का आदेश नहीं दिया। कोर्ट ने अपने विस्तृत आदेश में कहा कि सरकार ने सामाजिक व आर्थिक आधार पर अंकों का प्रावधान गलत तरीके से किया है। कोर्ट ने कहा कि जब पहले ही आर्थिक पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया गया है तो इस अतिरिक्त आरक्षण की क्या जरूरत थी? कोर्ट ने कहा कि यह भी एक तरह से आरक्षण है और इस प्रावधान से आरक्षण 50 प्रतिशत की सीमा पार कर रहा है, जिसकी अनुमति नहीं है। कोर्ट ने कहा कि सरकार ने लापरवाही से चयन प्रक्रिया को पूरा किया है।

**कर्मचारी चयन आयोग अध्यक्ष बोले-संयम रखें, कानूनी विकल्प उपलब्ध**

उधर, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश के युवाओं के नाम जारी संदेश में कहा कि हाईकोर्ट के विस्तृत फैसले का सभी इंतजार कर रहे हैं। हाईकोर्ट द्वारा आर्डर अपलोड करने के बाद कर्मचारी चयन आयोग की टीम उस पर गहनता से विचार करेगी। कर्मचारी चयन आयोग के पास इस फैसले को लेकर बहुत से कानूनी विकल्प उपलब्ध हैं।

### मैंने और मेरे भाई ने नेशनल हेराल्ड को 25-25 लाख रुपये दान दिए, इसमें क्या गलत : डीके शिवकुमार :

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने नेशनल हेराल्ड को लेकर शुक्रवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि मैंने और मेरे भाई डीके सुरेश ने कांग्रेस की ओर से ऑपरेटेड समाचार पत्र नेशनल हेराल्ड को दान दिया है। यह बयान प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट में उनके नाम आने की खबरों के बीच आया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने डिप्टी का समर्थन करते हुए कहा कि दान देने में कुछ भी गलत नहीं है। विजयपुरा जिले के कोल्हार गांव में पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा, मैंने और डीके सुरेश ने नेशनल हेराल्ड को 25-25 लाख रुपये का दान दिया है। इसमें क्या गलत है? हमने अपनी पार्टी की ओर से संचालित न्यूजपेपर को दान दिया है। डिप्टी सीएम से कहा गया कि क्या 2.5 करोड़ रुपये दान दिए गए? इसके जवाब में उन्होंने कहा, हां, हमने ट्रस्ट को यह राशि दी है। हम इससे इनकार नहीं कर रहे। क्या हमने इसे चोरी-छिपे दिया? नहीं, हमने अपनी आय से खुलकर दान दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह भविष्य में भी दान देना जारी रखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी की चार्जशीट में उनका नाम शामिल करने के पीछे राजनीति है। शिवकुमार के भाई सुरेश का भई इस मामले को लेकर बयान आया है। बेंगलुरु में उन्होंने कहा, हमने ट्रस्ट को लगभग 2 से 2.5 करोड़ रुपये का दान दिया है। शिवकुमार के भाई सुरेश ने कहा कि हमने ईडी अधिकारियों की ओर से पूछे गए सभी सवालों के जवाब दिए हैं। हम यह नहीं कह रहे कि हमने दान नहीं दिया। हमें यह जानकारी नहीं है कि दान देना गलत था। उन्होंने आरोप लगाया कि चार्जशीट कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाने के लिए दाखिल की गई है।

## अयोध्या में बनेगा लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी का स्मारक

**अयोध्या, एजेंसी।** भारतीय सेना के जवानों की बहादुरी का लोहा पूरी दुनिया मानती है। सिक्किम में तैनात अयोध्या के लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने साथी की जान बचाने के लिए खुद के जीवन की परवाह नहीं की। लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने साथी को बचाने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। दरअसल उनका एक साथी अचानक नदी में गिर गया। नदी में बहाव बहुत तेज था। लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने देखते ही नदी में छलांग लगा दी। नदी की तेज धार में वह तैर नहीं पाए और उनकी जान चली गई।



शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अयोध्या में उनका स्मारक बनाया जाएगा। इसके अलावा राज्य सरकार की तरफ से उनके परिवार को 50 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। बता दें कि 22 साल के लेफ्टिनेंट तिवारी छह महीने पहले दिसंबर में ही कमीशन हुए थे। उनकी पहली तैनाती सिक्किम स्काउट्स में हुई थी। शुक्रवार देर रात उनका पार्थिव शरीर अयोध्या पहुंचा। शनिवार को जामतारा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। लेफ्टिनेंट तिवारी अपने मां-बाप के इकलौते बेटे थे। आर्मी की तरफ से कहा गया कि बहुत कम उम्र और सेवा के कम दिनों में ही लेफ्टिनेंट तिवारी ने जो बहादुरी दिखाई है वह सलाम करने लायक है। वह युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने सहयोग की भावना और बहादुरी की मिसाल पेश की है। अयोध्या सिटी मजिस्ट्रेट राजेश मिश्रा ने कहा कि लेफ्टिनेंट तिवारी के पिता जंग बहादुर तिवारी मर्चेंट नेवी में हैं और इस समय अमेरिक में थे। शनिवार सुबह तक उनके अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। लेफ्टिनेंट तिवारी का पार्थिव शरीर बागडोगरा एयरपोर्ट से सीधा अयोध्या लाया गया था।

# कुत्ते के काटने से मौत पर 3.10 लाख जुर्माना, मृतक की पत्नी ने इंसाफ के लिए लड़ी लंबी लड़ाई

**शामली, एजेंसी।** यूपी के शामली में आवारा कुत्ते के काटने से व्यक्ति की मौत के मामले में जिला उपभोक्ता फोरम ने कांधला नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही मानते हुए ईओ पर 3.10 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। इसमें दो लाख रुपये मानसिक क्षति और दस हजार रुपये वाद खर्च के लिए वादी मृतक की पत्नी को दिए जाने और एक लाख रुपये राजकीय कोष में जमा करने के आदेश दिए है। मृतक की पत्नी ने पति की मौत के बाद इंसाफ के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। उन्होंने इस मामले में चार लोगों को पार्टी बनाया था। जिसमें फोरम ने तीन पर वाद निरस्त कर नगर पालिका को जिम्मेदार ठहराया है।

कांधला कस्बे की जाट कॉलोनी निवासी राजबीरी पत्नी स्व. प्रमोद कुमार ने साल 2018 में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में सीएमओ शामली, सीएचसी प्रभारी कांधला, ईओ नगर पालिका कांधला और जिलाधिकारी शामली के खिलाफ एक वाद दायर किया था। इसमें राजबीरी ने बताया था कि उसके पति प्रमोद कुमार को 27 जनवरी 2016 को कांधला कस्बे में बड़ी नहर पुल के पास एक पागल कुत्ते ने काट लिया था। उनको सरकारी अस्पताल कांधला में में नियमानुसार एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवाए गए।



डाक्टर की लापरवाही के चलते दी गई गलत दवाइयों और इंजेक्शन के कारण उसके पति की हालत बिगड़ गई। इसके बाद प्रमोद को एमवीआइडी अस्पताल दिल्ली में भर्ती कराया गया। 19 फरवरी 2016 को उनकी मौत हो गई। जहां डाक्टरों ने रैबीज के कारण मौत होना बताया। बताया कि नगर पालिका को वह सभी टैक्स देते हैं। आवारा कुत्तों अथवा बंदरों आदि हिसंक पशुओं पर नियंत्रण करने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है, लेकिन ईओ की लापरवाही के कारण आवारा कुत्तों के काटने से उसके पति की मौत हो गई। राजबीरी ने जिला उपजेक्ता आयोग से 19 लाख 95 हजार रुपये क्षति व मानसिक क्षति व वाद व्यय के रूप में दिलाने की याचना की थी। इस पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष हेमंत कुमार गुप्ता, सदस्य अज़िनव अग्रवाल व अमरजीत कौर ने इस पूरे प्रकरण में सीएमओ, सीएचसी प्रभारी कांधला और जिलाधिकारी के विरुद्ध निरस्त किया है।

इसके लिए नगर पालिका परिषद कांधला के विरुद्ध वाद स्वीकार किया है। इसके लिए ईओ की जिम्मेदारी तय करते हुए ईओ को दो लाख रुपये का अर्थदंड और दस हजार रुपये वाद खर्च के लिए वादी मृतक की पत्नी को देने साथ ही सेवा में कमी और घोरलापरवाही के लिए एक लाख रुपये का अर्थदंड 45 दिनों के अंदर राजकीय कोष में जमा कराने के आदेश दिए हैं।

**कुत्तों ने बच्ची को कई मीटर घसीटा, सिर में 20 टांके**

वहीं शामली के जलालाबाद कस्बे में आवारा कुत्तों ने तीन साल की बच्ची पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कुत्ते बच्ची के बाल जबड़े से पकड़ उसे घसीटकर कई मीटर दूर ले गए। बच्ची के सिर को दांतों से बुरी तरह से नोच दिया। गंभीर हालत में बच्ची को थानाभवन सीएचसी में ले जाया गया जहां उसके सिर में 20 टांके लगाए गए। डॉक्टरों ने बच्ची को दिल्ली रेफर कर दिया है। कस्बे के लोगों ने नगर पंचायत एवं प्रशासन से आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग की है।

# विमल नेगी मौत मामला : हाईकोर्ट ने सीबीआई को सौंपी जांच, एसआईटी की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत के मामले में जांच अब सीबीआई करेगी। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए शिमला पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के आदेश दिए। जस्टिस अजय मोहन गोयल की सिंगल जज बेंच ने यह फैसला सुनाया।



हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सीबीआई की टीम में हिमाचल कैडर का कोई भी अधिकारी शामिल नहीं होगा ताकि जांच की निष्पक्षता बनी रहे। यह फैसला विमल नेगी की पत्नी किरण नेगी द्वारा दायर याचिका पर सुनाया गया, जिसमें उन्होंने राज्य पुलिस की जांच पर असंतोष जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी। बता दें कि, विमल नेगी 10 मार्च को अचानक लापता हो गए थे और 8 दिन बाद 18 मार्च को उनका शव गोबिंद सागर झील से बरामद हुआ था। शव मिलने के बाद परिजनों ने इसे आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या करार देते हुए देर रात शिमला में प्रदर्शन किया था। इस दौरान सरकार के तीन मंत्री मौके पर पहुंचे थे और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया था।

विमल नेगी की मौत के बाद सरकार ने पावर कॉरपोरेशन के निदेशक देशराज को सस्पेंड कर दिया था और एमडी हरिकेश मीणा को पद से हटा दिया था। इन दोनों के खिलाफ शिमला पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। देशराज को सुप्रीम कोर्ट से और हरिकेश मीणा को हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

इस बीच, राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की थी, जिसने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। लेकिन परिजनों ने आरोप लगाया कि जांच में बड़े अधिकारियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की थी। बीते बुधवार को हुई अंतिम सुनवाई में हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अतुल वर्मा द्वारा दाखिल हलफनामे में भी एसआईटी की जांच पर सवाल उठाए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया कि एसआईटी जानबूझकर मामले को आत्महत्या की दिशा में मोड़ रही है, जबकि कई सवाल अब भी अनसुलझे हैं।

हाईकोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि डीजीपी और एसपी शिमला के बीच समन्वय की कमी और आपसी टकराव के चलते मामले में न्याय मिलने में देरी हो रही है। पिछली सुनवाई में एसपी शिमला संजीव गांधी भी व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश हुए थे। उन्होंने दावा किया कि एसआईटी निष्पक्षता से जांच कर रही है और मामले से जुड़ी एक पेन ड्राइव बरामद कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजी गई है। साथ ही उन्होंने आग्रह किया था कि मामला सीबीआई को न सौंपा जाए ताकि पुलिस का मनोबल बना रहे।

### ऑपरेशन सिंदूर में दो महिला कर्नल ने किया शानदार प्रदर्शन, पाकिस्तान को दिया था मुंहतोड़ जवाब

**पहलगाम, एजेंसी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर कई आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था। अब इस ऑपरेशन से जुड़ी हुई कई जानकारियां धीरे-धीरे सामने आ रही है। ऐसी ही एक रिपोर्ट में सामने आया है कि ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सुरक्षा बल की दो महिला कमांडिंग अधिकारियों के लिए एक डेब्यू की तरह था। इन अधिकारियों ने 7 से 10 मई के बीच जारी झड़प में भी देश का नेतृत्व किया था। एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों महिला कर्नलों ने 25 से अधिक भारतीय सेना की एडी इकाईयों में से दो की कमान संभाली थी। इन्होंने पाकिस्तानी हमले के दौरान न केवल धार्मिक स्थलों और नागरिकों की सुरक्षा की बल्कि पाकिस्तानी स्ट्राइक को भी पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। दोनों अधिकारियों का नाम न बताते हुए एक जानकार ने बताया कि दोनों ही महिला अधिकारी अपनी यूनिट की में अकेली अधिकारी थी। एक एडी में करीब 800 जवान होते हैं। आपको बता दें कि सेना अभी तक केवल सैन्य पुलिस कोर के अधिकारी रैंक के नीचे के कैडरों में ही महिला अग्निवीरों को शामिल करती है। चार दिनों तक चले इस तनाव में अग्निवीरों ने भी पूरे दमखम के साथ अपना योगदान दिया।



### यूपी के हर शहर को सुंदर बनाने की तैयारी, योगी सरकार नए सिरे से बना रही जोनल प्लान

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी के हर शहर को सुंदर बनाने के लिए तैयारी हो रही है। इसके लिए योगी सरकार नए सिरे से जोनल प्लान बना रही है। मास्टर प्लान के आधार पर इसे तैयार किया जाएगा। इसमें बताया जाएगा कि शहर के किस भाग में क्या निर्माण प्रस्तावित किया जा रहा है। इसके आधार पर ही विकास प्राधिकरण नक्शा पास करेंगे। प्रमुख सचिव आवास पी गुरुप्रसाद ने इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए सभी विकास प्राधिकरणों को निर्देश भेज दिए हैं। जोनल प्लान भविष्य में होने वाले शहरी विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा। इसमें री-डवलपमेंट से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया जाएगा। शासनादेश में कहा गया है कि जोनल प्लान तैयार कराए जाने के लिए विकास प्राधिकरणों द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया में एकरूपता नहीं है। जोनल प्लान तैयार करने में मास्टर प्लान के जीआईएस आधारित आंकड़ों का उपयोग नहीं किया जा रहा है। कुछ प्राधिकरणों द्वारा अनुमानित लागत से कई गुना अधिक टर्नओवर मांगा जा रहा है।

**व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा-** इसीलिए जोनल प्लान तैयार करने के लिए व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। सभी विकास प्राधिकरणों द्वारा निजी विशेषज्ञ कंसलटेंट के सहयोग से जोनल प्लान तैयार कराया जाएगा। मास्टर प्लान के अनुरूप ही टर्न ओवर, तकनीकी टीम एवं विशेषज्ञता की शर्तों को दृष्टिगत रखते हुए आरएफपी तैयार की जाए। मास्टर प्लान के जोनल प्लान नगर एवं ग्राम नियोजन संगठन (टीसीपीओ) केंद्र सरकार द्वारा जारी डिजायन एंड स्टैंडर्स फॉर एप्लिकेशन ऑफ ड्रोन तकनीक के आधार पर इसे बनाया जाएगा।

# आरती उतारी, होली-दिवाली एक साथ; 27 नक्सलियों को ढेर कर लौटे जवानों ने मनाया जश्न

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में माओवादी संगठन के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू सहित 27 नक्सलियों को ढेर करने के बाद डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड के जवानों ने जिला मुख्यालय नारायणपुर में जश्न मनाया। नक्सल मोर्चे पर मिली बड़ी सफलता को लेकर जवानों को भव्य स्वागत किया गया। ग्राउंड जीरो से लेकर सुरक्षा कैंपों तक जवानों के जश्न मनाते कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। ऑपरेशन को अंजाम देने वाले डीआरजी के योद्धाओं की आरती उतारी गई, उन पर फूल बरसाए गए। जवानों को अबीर और गुलाल लगाए गए। फोर्स के जवान जीत की खुशी में बस्तरिहया गीत पर झूमते-नाचते और गाते देखे गए। जवानों ने नक्सलियों के सबसे सुरक्षित गढ़ अबूझमाड़ में घुसकर कुल 3.33 करोड़ रुपये के इनामी नक्सलियों का सफाया किया है।

दरअसल, जवानों की यह सफलता और जश्न कुख्यात नक्सली नेता बसव राजू को मुठभेड़ में मार गिराना है। बसव राजू जैसे नक्सल संगठन के टॉप लीडर और पोलित ब्यूरो के महसचिव तक पहुंचना बहुत बड़ी चुनौती है। बसवराजू पिछले 35 वर्षों से नक्सल संगठन से जुड़ा था। बसवराजू खुद एके-47 लेकर चलता था। उसकी सुरक्षा में सुरक्षा में तैनात रहने वाले कमांडर रैंक के कई इनामी नक्सली मारे गए। बसव राजू 2010 के दंतेवाड़ा हमले में भी शामिल था, जहां के सीआरपीएफ 75 जवान शहीद हुए थे। झीरम घाटी जैसे कई बड़े हमले को अंजाम देने वाले 27 नक्सली भी इस ऑपरेशन में मारे गए हैं।



नारायणपुर के ओरछा में मारे गए 27 माओवादियों में से 2 आंध्र प्रदेश और 3 तेलंगाना के निवासी थे। मृतकों में 1 महासचिव, पोलितब्यूरो सदस्य (पीबीएम), 1 डीकेएसजेडसीएम, 4 सीवाईपीसीएम, 3 पीपीसीएम और पीएलजीए कंपनी नंबर 7 के 18 पीएम शामिल हैं। इन नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ में ही कुल 3.33 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था, जबकि आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश सहित केंद्रीय एजेंसियों का इनाम अलग है। बसव राजू पर छत्तीसगढ़ में ही एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित अन्य राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों ने भी उस पर अलग-अलग इनाम घोषित किए थे।

खूंखार नक्सल लीडर नंबाला केशव राव को बसवराजू, गंगन्ना, बीआर, प्रकाश, कृष्णा, दारापु नरसिम्हा रेड्डी के नाम से भी लोग जानते थे। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के निवासी रहे बसव राजू केमिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक था। क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज, वारंगल जिसे अब एनआईटी वारंगल कहा जाता है वहां उसने पढ़ाई की थी। देश के जिन राज्यों में माओवादी संगठन गतिविधियां संचालित हो रहे हैं, उसे बसवराजू ही ऑपरेट कर रहा था। अबूझमाड़ में पुलिस जवानों ने नक्सल संगठन की कमर तोड़ दी है। बसव राजू और यासन्ना के साथ नक्सलियों की पूरी कंपनी नंबर 7 खत्म हो गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# समंदर में 'तमाल' करेगा कमाल ! सभी टेस्ट में हुआ पास



- नेवी में अगले महीने होगा कमीशन, और बढ़ जाएगी ताकत

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन नेवी के लिए रूस में बना वॉरशिप 'तमाल' सभी टेस्ट में पास हो गया है। सूत्रों के मुताबिक उसका सी-ट्रायल पूरा हो गया है जिसमें समंदर में सभी टेस्ट किए जाते हैं। अब इस हफ्ते वह डॉकयार्ड में आ जाएगा। इसके बाद अगले महीने के आखिरी हफ्ते तक तमाल इंडियन नेवी का हिस्सा बन जाएगा। रूस में ही इसकी कमिशनिंग होगी, जिसके बाद इसे भारत लाया जाएगा। तमाल स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है। नेवी में कमिशन होने के बाद यह हो जाएगा आईएनएस (इंडियन नेवल शिप) तमाल। इंडियन नेवी की करीब 200 लोगों की टीम भी रूस में है जो इस वॉरशिप के ट्रायल में शामिल है। तमाल की स्पीड 30 नॉटिकल मील है। इससे एंटी शिप ब्रह्मोस मिसाइल फायर की जा सकती है। एंटी सबमरीन वॉरफेयर के लिए भी इसे खास तौर पर डिजाइन किया गया है। दुश्मन की सबमरीन के हमलों से निपटने के लिए एंटी सबमरीन रॉकेट्स और टॉरपीडो भी इस वॉरशिप में मौजूद हैं। इस वॉरशिप पर एक हेलीकॉप्टर को भी तैनात किया जा सकता है। इसका वजन करीब 3900 टन है। तमाल के शामिल होने के बाद इंडियन नेवी के पास 14 फ्रिगेट हो जाएंगे। अभी इंडियन नेवी के पास 13 फ्रिगेट हैं। साथ ही 10 डिस्ट्रॉयर हैं और 10 कोरवेट हैं। फ्रिगेट साइज में कुछ छोटा होता है और फ्रिगेट के मुकाबले डिस्ट्रॉयर करीब डेढ़ गुना बढ़ा होता है। फ्रिगेट किसी एक तरह के रोल के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त होता है और बाकी रोल में इसका इस्तेमाल रक्षात्मक भूमिका में करते हैं। जबकि डिस्ट्रॉयर में एक साथ कई रोल निभाने की क्षमता है। कोरवेट साइज में फ्रिगेट से भी छोटा होता है। साल 2016 में भारत और रूस के बीच 4 तलवार क्लास स्टेल्थ फ्रिगेट बनाने के लिए समझौता हुआ था। जिनमें से दो रूस में और दो भारत में बनने थे। रूस में बने 'तुशील' को पिछले साल ही नेवी में शामिल किया गया है और अब तमाल भी नेवी को मिलने वाला है। नेवी पहले ही यह साफ कर चुकी है कि अब भविष्य में कोई और वॉरशिप बाहर से नहीं खरीदा जाएगा। इसलिए 'तमाल' नेवी का आखिरी इंपोर्टेड वॉरशिप होगा।

# 10 लाख का ईनामी जेजेएमपी सुप्रीमो पुलिस मुठभेड़ में ढेर

- लातेहार के ईचाबार जंगल में एनकाउंटर

लातेहार (एजेंसी)। लातेहार जिले के लिए आतंक का पर्याय बने जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत दो नक्सलियों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया है। बताया जाता है कि लातेहार थाना क्षेत्र के ईचाबार जंगल में शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में झारखंड जनसंघर्ष मुक्ति मोर्चा का सुप्रीमो पप्पू लोहरा और पांच लाख का इनामी नक्सली सबजोनल कमांडर प्रभात गंझू मारा गया है जबकि एक नक्सली घायल है। जिसे सदर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है। वहीं सेट वन का जवान घायल हुआ है। उसका नाम अवध सिंह है। घायल जवान को एयर लिफ्ट कर रांची के राज अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है। जानकारी के मुताबिक लातेहार एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। इस अभियान में सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस की टीम शामिल थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि पप्पू लोहरा अपने साथियों के साथ बड़ी वारदात करने की योजना बना रहा है।



# शुभमन गिल भारतीय टेस्ट टीम के नए कप्तान

## संभालेंगे रोहित शर्मा की विरासत, पंत उप-कप्तान

### इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम का ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। बल्लेबाज शुभमन गिल भारतीय टेस्ट टीम के नए कप्तान बनाए गए हैं। ऋषभ पंत उप-कप्तान चुने गए हैं। बीसीसीआई ने शनिवार को मुंबई में हुई मीटिंग में इसका ऐलान किया। साथ ही इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा भी हुई। 20 जून से शुरू हो रहे इंग्लैंड दौरे में भारत को 5 टेस्ट खेलने हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा के रिटायरमेंट के बाद टीम में साई सुदर्शन और करुण नायर को जगह मिली है। वहीं शार्दुल ठाकुर की टीम में वापसी हुई है। 25 साल और 258 दिन की उम्र में गिल टेस्ट में भारत की कप्तानी करने वाले पांचवें सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। उनसे पहले मंसूर अली खान पटौदी (21 साल, 77 दिन), सचिन तेंदुलकर (23 साल, 169 दिन), कपिल देव (24 साल, 48 दिन) और रवि शास्त्री (25 साल, 229 दिन) हैं। 33 साल के करुण नायर 8 साल बाद टेस्ट मैच खेलेंगे।



उन्होंने 2017 में आखिरी टेस्ट खेला था। डोमेस्टिक क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत नायर ने टीम में जगह बनाई है। उन्होंने पिछले सीजन 9 रणजी ट्रॉफी मैच में 4 शतक के साथ 863 रन बनाए थे। इसके अलावा विजय हजारे ट्रॉफी की 8 पारियों में 5 शतक के साथ 779 रन बनाए थे। उनकी शानदार बल्लेबाजी की बदौलत विदर्भ की टीम ने पिछले सीजन रणजी खिताब जीता और विजय हजारे ट्रॉफी की फाइनलिस्ट रही। करुण को पहले ही इंडिया ए टीम में शामिल किया जा चुका है, जो कुछ दिनों में इंग्लैंड के लिए रवाना होगी।

# पीएम बोले-हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

- मोदी ने कहा-राज्य विकसित, तभी भारत विकसित होगा
- नीति आयोग की बैठक में तीन राज्यों के सीएम नहीं आए



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। पीएम ने कहा- हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। इस बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सीईओ शामिल हुए। नीति आयोग के स्टेटमेंट के मुताबिक, इस साल बैठक की थीम विकसित भारत के लिए विकसित राज्य है। बैठक में भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए राज्यों की भूमिका पर जोर दिया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय को लेकर भी चर्चा होगी। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को देश के सामने मौजूद विकास से जुड़ी चुनौतियों के बारे में बताया। इसके अलावा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्य किस तरह आधारशिला बन सकते हैं, यह भी बताया गया। बैठक में उद्यमिता, कौशल और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की गई। ग्लोबल स्टैंडर्ड के अनुसार हर मुख्यमंत्री को अपने राज्य में कम से कम एक टूरिस्ट प्लेस विकसित करना चाहिए। भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। डेवलपमेंट, मॉर्डनाइजेशन और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। एक साथ मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।



# सीजेआई प्रोटोकॉल उल्लंघन केस में कार्रवाई की याचिका खारिज

- चीफ जस्टिस गवई ने कहा-यह सस्ती पब्लिसिटी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वकील की जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र के सीनियर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का आरोप था कि इन अधिकारियों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई के पहले मुंबई दौरे के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। मुख्य न्यायाधीश गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इस याचिका को पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन बताया और 7 साल के अनुभव वाले याचिकाकर्ता वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी पर 7,000 का जुर्माना लगाया, जो उन्हें लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में जमा करना होगा। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा, ये बहुत छोटा मामला है, इसे इतना बड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए। कोर्ट पहले ही प्रेस रिलीज के जरिए यह साफ कर चुका है कि इस मुद्दे को यहीं खत्म कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा, आप बस अखबार में अपना नाम छपवाना चाहते हैं। अगर आपने पद की गरिमा के बारे में सोचा होता, तो आपको पता होता कि मैंने इस मामले को यहीं समाप्त करने की अपील की थी। यह याचिका जुर्माने के साथ खारिज की जाएगी। पीठ ने कहा कि सीजेआई पहले ही सार्वजनिक रूप से इस मामले पर अपनी बात रख चुके हैं और यह कोई गंभीर मुद्दा नहीं था।



# अबकी होगी झमाझम, केरल पहुंचा मानसून

- तोड़ा 16 साल का रिकार्ड, समय से 8 दिन पहले मार दी दस्तक
- अलनीनो की संभावना नहीं, इस बार होगी सामान्य से ज्यादा बारिश

नई दिल्ली (एजेंसी)। मानसून शनिवार को केरल पहुंच गया। यह अपने तय समय 8 दिन पहले पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 16 साल में ऐसा पहली बार हुआ जब मानसून इतनी जल्दी आया है। 2009 में मानसून 9 दिन पहले केरल पहुंचा था। वहीं, पिछले साल यह 30 मई को केरल पहुंचा था। मानसून चार दिन से देश से करीब 40-50 किलोमीटर दूर अटका था और शुक्रवार शाम आगे बढ़ा। इसके आज ही तमिलनाडु और कर्नाटक के कई इलाकों में भी पहुंचने की संभावना है। एक हफ्ते में देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों जबकि 4 जून तक मध्य और पूर्वी भारत को कवर कर सकता है। आम तौर पर मानसून 1 जून को केरल पहुंचता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास वापस लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, मानसून की शुरुआत की तारीख और सीजन के दौरान कुल बारिश के बीच कोई संबंध नहीं है। इसके जल्दी या देर से पहुंचने का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों को भी उसी तरह कवर करेगा। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 150 साल में मानसून के केरल पहुंचने की तारीखें काफी अलग रही हैं। 1918 में मानसून सबसे पहले 11 मई को केरल पहुंच गया था, जबकि 1972 में सबसे देरी से 18 जून को केरल पहुंचा था। इस साल मानसून में अल नीनो की संभावना नहीं मौसम विभाग ने अप्रैल में कहा था कि 2025 के मानसून को समय अल नीनो की संभावना नहीं है।





# पहली बार एनडीए से सत्रह महिला कैडेट पासआउट होंगी

- कहा-हमें जूनियर्स के लिए हाई-स्टैंडर्ड्स बनाने होंगे

पुणे (एजेंसी)। नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) में महिला कैडेट्स का पहला बैच पासआउट होने वाला है। 30 मई को 148वें कोर्स की पासिंग आउट परेड होगी। इतिहास में यह पहली बार होगा जब 17 महिला कैडेट्स 300 से ज्यादा पुरुषों के साथ एनडीए से ग्रेजुएट होंगी। ये भारतीय सेना, नेवी और एयर फोर्स जॉइन करेंगी। 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को एनडीए परीक्षा देने की अनुमति देने का आदेश दिया था। इसके बाद यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) ने महिलाओं को आवेदन करने की अनुमति दी। 2022 में पहली बार 17 महिला कैडेट्स का बैच एनडीए में शामिल हुआ था। इनमें से कुछ महिला कैडेट्स ने शुक्रवार को एनडीए में अपने तीन साल के सफर के बारे में अनुभव साझा किए।



# आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत को मिल गया है जर्मनी का साथ

- विदेश मंत्री जयशंकर के सामने किया बड़ा ऐलान, पाक को लगेगी मिर्ची

बर्लिन (एजेंसी)। जर्मनी ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए भारत के आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है। जर्मनी के विदेश और वित्त मंत्री जोहान वेडफुल ने एस जयशंकर से मुलाकात के दौरान पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय जर्मनी की यात्रा पर हैं। जर्मनी ने भारत और पाकिस्तान के बीच का मुद्दा दोनों देशों को आपस में ही सुलझाना चाहिए। यह भारत के तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के खिलाफ रुख के साथ मेल खाता है। एस जयशंकर ने ट्वीट करते हुए लिखा, बर्लिन में जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ आज बैठक हुई। भारत के आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा के अधिकार को जर्मनी के समझने की सराहना करता हूं। मेरी और जोहान की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत, गहरा और करीब बनाने पर चर्चा हुई। हमने आगे की संभावनाओं और क्षमता वाले क्षेत्रों की पहचान की है। जर्मनी के वित्त मंत्री जोहान वेडफुल ने एस जयशंकर के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वह पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी के लिए लगातार अपने फ्रांसीसी समकक्ष के संपर्क में थे। इस दौरान जयशंकर ने कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस रखता है। भारत परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा।



# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के जांच अधिकारी की मौत

जालंधर (एजेंसी)। मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के हत्या की जांच करने वाले जांच अधिकारी रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई है। शुक्रवार को उनकी मानसा कोर्ट में पेशी थी लेकिन इसी दिन बीमारी से उनके निधन की खबर आई। उन्हें लुधियाना के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई की तारीख जुलाई महीने में तय कर दी। बता दें कि 29 मई 2022 को मानसा के जवाहरके में सिद्धू मूसेवाला की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। उस वक्त सब इंस्पेक्टर अंग्रेज सिंह मानसा के थाना सिटी-1 के इंचार्ज थे। हालांकि जांच शुरू करने के बाद बीमार होने पर वह रिटायर हो गए थे।

# जम्मू-कश्मीर में पाक गोलीबारी के पीड़ित बच्चों से मिले राहुल

- कहा-आई लव यू, सब जल्दी ठीक होगा, आप मन लगाकर पढ़ें

नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर के पुंछ पहुंचे हैं। उन्होंने यहां पाकिस्तानी गोलाबारी में मारे गए लोगों के परिवारों से मुलाकात की। वे स्कूली बच्चों से भी मिले, उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। राहुल ने कहा कि सब जल्दी ठीक हो जाएगा। आप इन हालात से बाहर आने के लिए खूब पढ़ाई करें, खूब खेलें और स्कूल में बहुत सारे दोस्त बनाएं। पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मुलाकात के बाद राहुल ने कहा कि ये बड़ी त्रासदी है। बहुत से लोगों की जान गई है और उन्हें काफी नुकसान हुआ है। मैंने उनसे बात की, उनकी परेशानियों को समझने की कोशिश की। उन्होंने मुझसे कहा कि वे कुछ मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर उठाना चाहते हैं, और मैं उन्हें जरूर उठाऊंगा।



पहलगाम की बायसरन घाटी में 22 अप्रैल की दोपहर आतंकवादियों ने पर्यटकों पर फायरिंग की थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। 10 से ज्यादा घायल हुए थे। इसके बाद भारतीय वायु सेना ने रात को कार्रवाई की थी।

## न्यूज बाइट्स

### फरार चार अभियुक्तों के घरों पर चस्पाया गया इश्तेहार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जिले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो कोर्ट) द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में गोह थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चार फरार अभियुक्तों के घरों पर विधिवत इश्तेहार चस्पा किया है। यह कदम न्यायालय से जारी निर्देशों के पालन के तहत उठाया गया है। गोह थाना के अधिकारियों ने बताया कि इन अभियुक्तों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले दर्ज हैं, और ये सभी लम्बे समय से फरार चल रहे हैं। कोर्ट के बार-बार समन व वारंट जारी करने के बावजूद अभियुक्तों की ओर से कोई उपस्थिति नहीं दी गई, जिसके बाद यह कठोर कदम उठाया गया। पुलिस द्वारा चस्पा किए गए इश्तेहार में साफ चेतावनी दी गई है कि यदि संबंधित अभियुक्त न्यायालय में समर्पण नहीं करते हैं, तो उनकी संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई शुरू की जाएगी। यह इश्तेहार स्थानीय लोगों की मौजूदगी में सार्वजनिक रूप से चस्पाया गया, ताकि सभी को इसकी जानकारी हो और अभियुक्तों पर सामाजिक दबाव बने। गोह थाना की यह कार्रवाई औरंगाबाद पुलिस की ओर से अपराधियों के खिलाफ जारी सख्त रवैये का एक और उदाहरण है। जिला पुलिस ने साफ कर दिया है कि कानून से भाग रहे किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और न्यायालय के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

# ट्रक ने बिजली मिस्त्री को रौंदा, दर्दनाक मौत



• आरिफ अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था, पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं।

निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)

जिले के जम्होर थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां शुक्रवार की देर रात एनएच-139 पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार बिजली मिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान दाउदनगर के वार्ड संख्या 8 निवासी मोहम्मद आरिफ हुसैन (उम्र लगभग 40 वर्ष) के रूप में हुई है। वह एक निजी कंपनी में सोलर पैनल लगाने का कार्य कर रहा था और घटना के वक्त ड्यूटी से घर लौट रहा था। जानकारी के अनुसार, आरिफ हुसैन अपनी बाइक से चित्रगोपी गांव के समीप जैसे ही पहुंचा, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक ट्रक में फंस गई और चालक आरिफ को करीब एक किलोमीटर तक घसीटता चला गया। राहगीरों ने जब तक पुलिस को सूचना दी, तब तक आरिफ की मौत हो चुकी थी। ट्रक चालक घटना के बाद वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर जम्होर थाना प्रभारी नितिन कुमार मिश्रा दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर शव से लिपटकर बिलखने लगे, जिससे वहां का माहौल गमगीन हो गया। आरिफ अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं। उसकी असामयिक मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। स्थानीय लोगों और परिजनों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, चार मासूम अनाथ

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)



हसपुरा थाना क्षेत्र के मोहन बिगहा गांव में शनिवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात बेकाबू वाहन ने 45 वर्षीय संगीता देवी को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा हसपुरा-संसा रोड पर हुआ। संगीता देवी स्वर्गीय धनंजय सिंह की पत्नी थीं। दुखद बात यह है कि महज तीन महीने पहले उनके पति धनंजय की भी मौत सड़क दुर्घटना में हो चुकी थी। अब इस हादसे में संगीता की मौत के साथ ही उनके चार मासूम बच्चों के सिर से मां-बाप दोनों का साया उठ गया है। गांव और परिवार पर जैसे दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शनिवार की सुबह संगीता देवी रोज की तरह अपने घर से निकल कर सड़क किनारे टहल रही थीं। तभी अचानक एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए। महिला को मृत देख लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलते ही हसपुरा थाना अध्यक्ष दिनेश दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया और शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। संगीता देवी के दो बेटे और दो बेटियां हैं। तीन महीने पहले पिता के निधन के बाद बच्चे मानसिक रूप से टूट चुके थे। अब मां की मौत ने उन्हें पूरी तरह अनाथ बना दिया है। परिजन और ग्रामीण बताते हैं कि परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और अब इन बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है।

## सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** 15 दिन पहले सड़क दुर्घटना हुई थी। इसमें घायल एक किराना व्यवसायी की मौत इलाज के दौरान हो गई। मृतक की पहचान बड़ेम थाना क्षेत्र के महुआंव गांव निवासी कृष्णा साव के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि कृष्णा साव 15 दिन पहले यानी 8 मई को उरदाना मोड़ पर बाइक दुर्घटना में घायल हो गए थे। शनिवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि कृष्णा साव अपने गांव में ही किराना दुकान चलाते थे। किराना दुकान से संबंधित सामान लाने के लिए बाइक से उरदाना मोड़ तरफ गए हुए थे। सामान लेकर वापस लौटने के दौरान एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की सूचना पर परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर कर दिया था। परिजन कृष्णा साव को लेकर ट्रॉमा सेंटर बनारस चले गए थे। वहां डॉक्टरों ने इलाज किया, लेकिन शुक्रवार की शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर अपने पैतृक गांव पहुंचे और घटना की सूचना बड़ेम थाना की पुलिस को दी। सूचना पर बड़ेम थाना की पुलिस महुआंव गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई। शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। बड़ेम थानाध्यक्ष सिमरन राज ने बताया कि उरदाना मोड़ पर सड़क हादसा हुआ था, जिसमें किराना व्यवसायी व सुड़ार का रहने वाला एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। दोनों का इलाज कराया गया था। व्यवसायी की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। वाराणसी में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है।

# ईवीएम एवं वीवी पैट गोदाम का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शनिवार को जिलाधिकारी औरंगाबाद तथा पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के द्वारा नगर थाना क्षेत्र स्थित ईवीएम एवं वीवी पैट गोदाम का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान दोनों वरीय अधिकारियों ने गोदाम में सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम की सुरक्षित स्थिति एवं उसके रखरखाव की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के क्रम में गोदाम की चौकसी व्यवस्था को लेकर संतोष जताया गया, वहीं ड्यूटी में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, गोदाम में आने-जाने वालों की विधिवत एंट्री, सतत निगरानी और नियमित गश्ती सुनिश्चित करने की बात कही गई।

पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा कर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने का आदेश दिया। निरीक्षण के समय संबंधित दंडाधिकारी, नगर थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। आगामी चुनाव की प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए यह निरीक्षण काफी अहम माना जा रहा है, जिससे चुनावी पारदर्शिता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हो सके। प्रशासन द्वारा की गई इस सक्रियता को लेकर स्थानीय स्तर पर सराहना भी की जा रही है।

## मुखिया ने किया छठ घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास

**हसपुरा(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ पंचायत की मुखिया पम्मी कुमारी ने अमझरशरीफ सूर्य मंदिर के पास छठ घाट निर्माण हेतु शिलान्यास नारियल फोड़कर एवं विधिवत पूजा अर्चना कर की। बताई की क्षेत्र की जनता काफी समय से छठ घाट की मांग करते आयें हैं। उनकी मांग को प्राथमिकता देते हुए अभी शिलान्यास किए हैं। बहुत जल्द उद्घाटन भी करेंगे। मुखिया प्रतिनिधि सह हसपुरा पैक्स अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने कहा की छठ घाट बनने से छठ व्रत करने वाले छठव्रतीयों को बहुत सहुलियत मिलेगी। प्रदीप चौरसिया,शिक्षक फैयाज अहमद, तपेश्वर चौधरी, इंदल चौधरी, हर्ष कुमार, मानो देवी, बाला राजवंशी सहित अन्य कई महिला पुरुष उपस्थित थें।

# एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत
# 40 छात्राओं को मिलेगा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



जिले के नबीनगर स्थित एनटीपीसी लिमिटेड के नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन में बालिकाओं के सशक्तिकरण और आत्मविकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। एनटीपीसी द्वारा 'बालिका सशक्तिकरण अभियान-2025' की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। इस अभियान के तहत एनएसटीपीएस टाउनशिप स्थित केंद्रीय विद्यालय में परियोजना क्षेत्र के आसपास स्थित सरकारी विद्यालयों की 40 चयनित छात्राओं को 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इन छात्राओं का चयन बारुण एवं नबीनगर प्रखंड के विद्यालयों से किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं को गणित, अंग्रेजी, हिंदी, कला, संगीत, नृत्य, योग, कराटे, कंप्यूटर, सेल्फ डिफेंस, वाक कला और लीडरशिप जैसे विषयों पर गहन ज्ञान और अभ्यास कराया जाएगा। इसके अलावा छात्राओं को छात्रावास की सुविधा और पौष्टिक भोजन भी पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है, ताकि वे शिक्षा और प्रशिक्षण पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित कर सकें।

इस अभियान का शुभारंभ शुक्रवार की शाम दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र-1) सुदीप नाग और एनएसटीपीएस के परियोजना प्रमुख सह कार्यकारी निदेशक एल. के. बेहेरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुदीप नाग ने कहा कि यह अभियान बालिकाओं को उनके 'सपनों की उड़ान' देने में मदद करेगा और उन्हें आत्मनिर्भर नागरिक बनने की प्रेरणा देगा। वहीं एल. के. बेहेरा ने कहा कि यह अभियान हर वर्ष की तरह इस बार भी ग्रामीण छात्राओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक और मानसिक विकास की दिशा में भी तैयार किया जा रहा है। उद्घाटन से पूर्व अधिकारियों ने जीईएम की कक्षा और छात्रावास परिसर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड के परियोजना प्रमुख सह सीईओ दीपक रंजन देहुरी, बीआरबीसीएल के महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) विमल कुमार साहा, एनएसटीपीएस के महाप्रबंधक केडी यादव समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। संपूर्ण आयोजन ने साबित किया कि एनटीपीसी केवल ऊर्जा उत्पादन ही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्थान और शिक्षा के क्षेत्र में भी एक अग्रणी भूमिका निभा रही है।

## ईवीएम एप से संपन्न हुआ बाल संसद का चुनाव

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के राजकीय उर्दू कन्या मध्य विद्यालय केराप में बाल संसद के गठन हेतु प्रधानाध्यापक शाहिद परवेज के नेतृत्व में ईवीएम ऐप के द्वारा मतदान कराया गया। इस संसद के 14 सदस्यों जिसमें प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, खेल मंत्री, जल एवं पर्यावरण मंत्री, पुस्तकालय मंत्री, बाल सुरक्षा मंत्री तथा उसके उपपदों के लिए कक्षा 6 से 8 के छात्राओं ने मतदान किया। इस मतदान प्रक्रिया में मतदानकर्मी के रूप में शिक्षिका नूरजहां, निशा शॉ, तैयबा खातून, श्रेया, रेहाना खातून, लीलावती कुमारी, ताहरा खातून, शिक्षक अमित कुमार, पिंटू कुमार ने अपना सहयोग प्रदान किया। एडीसी कार्यक्रम के प्रखंड प्रशिक्षक अभय कुमार ने बताया कि बाल संसद के गठन से विद्यालय का सर्वांगीण विकास कि प्राप्ति की जा सकती है।

## बीआरबीसीएल में हुआ बालिका सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



जिले के नबीनगर में भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) द्वारा संचालित पावर प्लांट में 'बालिका सशक्तिकरण अभियान-2025' का विधिवत उद्घाटन शनिवार को समारोहपूर्वक किया गया। यह अभियान भारतीय रेल और एनटीपीसी लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण बालिकाओं के भविष्य को सशक्त बनाना और उन्हें समाज में आत्मनिर्भर बनाना है। उद्घाटन समारोह में एनटीपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र-1) सह बीआरबीसीएल के निदेशक सुदीप नाग ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया और दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ किया। उनके साथ बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा एनएसटीपीएस के परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा, संगिनी लेडीज क्लब की सदस्याएं, बाल भवन के बच्चे और अन्य गणमान्य लोग भी समारोह में मौजूद रहे। उद्घाटन के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने स्वागत भाषण में बीआरबीसीएल द्वारा बालिका सशक्तिकरण में निभाई जा रही भूमिका को रेखांकित किया और पूरे एक माह चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 40 चयनित बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें शैक्षणिक, मानसिक, सांस्कृतिक और शारीरिक विकास पर विशेष बल दिया गया है। मुख्य अतिथि सुदीप नाग ने अपने प्रेरणादायक भाषण में बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अभियान न सिर्फ शिक्षा का माध्यम है, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता का भी मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने बालिकाओं से आह्वान किया कि वे इस अवसर का भरपूर उपयोग कर अपने जीवन को नई दिशा दें। इस दौरान बालिका सशक्तिकरण अभियान-2024 में शामिल रही छात्राओं ने भी मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए, जिससे उपस्थित छात्राओं में उत्साह का संचार हुआ। संगिनी लेडीज क्लब की सदस्याओं और बाल भवन के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को जीवंत और भावपूर्ण बना दिया।

## संकुल स्तरीय खेलकूद उत्सव 'मशाल' का हुआ समापन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शहर के गेट स्कूल मैदान में आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद उत्सव मशाल शनिवार को संपन्न हो गया। अनुग्रह मध्य विद्यालय के हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने बताया कि मशाल कार्यक्रम के तीसरे एवं अंतिम दिन साइक्लिंग के अंडर 14-16 के बालक-बालिका इवेंट में बच्चों का उत्साह चरम पर था। साइक्लिंग के सभी इवेंट को अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह एवं गेट स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। अंडर 14 बालिका की विजेता अनुग्रह स्कूल की खुशबू(पांच किमी) एवं चंचल कुमारी(तीन किमी) रही। वही बालक वर्ग के अंडर 14 में पांच किमी साइक्लिंग में पीयूष कुमार एवं तीन किमी में कृष्ण कुमार विजेता रहे। अंडर 16 में गेट स्कूल के आदर्श कुमार तीन किमी संवर्ग में तथा रूपेश कुमार गेट स्कूल के छात्र पांच किमी संवर्ग में विजेता रह रहे।

## काशी विश्राम गांव में 55 वर्षीय व्यक्ति ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

जिले के ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काशी विश्राम से शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां 55 वर्षीय कृष्णा नोमिया नामक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह सूचना मिलते ही ओबरा थाना पुलिस तत्परता से मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घटना की जानकारी शनिवार को ओबरा थाना अध्यक्ष को प्राप्त हुई, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर मौजूद ग्रामीणों व मृतक के परिजनों से पूछताछ की गई। परिजनों ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से वह तनाव में था और किसी बात को लेकर चिंता में दिखाई दे रहा था। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह खुलकर अपनी परेशानी किसी से साझा नहीं कर रहा था, जिससे उसके आत्महत्या के कारणों का अब तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। मृतक की पहचान कृष्णा नोमिया (उम्र 55 वर्ष), पिता स्व. धनु नोमिया, निवासी काशी विश्राम, थाना ओबरा के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची एफएसएल टीम द्वारा साक्ष्य संकलन किया गया। इसके पश्चात शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेजा गया। पुलिस ने मामले में अवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी है और यह जांच की जा रही है कि आत्महत्या के पीछे क्या वास्तविक कारण रहा। औरंगाबाद पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मानसिक तनाव या समस्या की स्थिति में संवाद बनाए रखें और समय रहते परिजनों या प्रशासन से सहयोग लें, ताकि ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सके।

## जिलाधिकारी ने बैठक कर की नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद समाहरणालय सभाकक्ष में शनिवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में औरंगाबाद जिले के सभी नगर निकायों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बुनियादी सुविधाओं की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से नल-जल आपूर्ति, स्वच्छता मिशन, सार्वजनिक शौचालयों की उपलब्धता, स्ट्रीट लाइट की कार्यशीलता, नक्शा निर्गत की स्थिति, राजस्व संग्रहण, प्रधानमंत्री आवास योजना, पार्कों की दशा तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक में नगर परिषद दाउदनगर द्वारा अवगत कराया गया कि 06 वार्डों में लक्षित 1645 घरों में नल जल आपूर्ति की जा रही है, जबकि बुडको द्वारा 21 वार्डों में 8000 लक्षित घरों में से 5939 घरों में जलापूर्ति सुनिश्चित की गई है। शेष वंचित घरों में चापाकल, ओवरहेड टैंक एवं जल टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है।रफीगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि पीएचईडी द्वारा 08 वार्डों में नल जल आपूर्ति की जा रही है एवं शेष 08 वार्डों में कार्य प्रक्रियाधीन है। आवश्यकतानुसार स्टैंड पोस्ट पेयजल व्यवस्था से नागरिकों को जल आपूर्ति की जा रही है। नगर पंचायत देव द्वारा 1040 घरों में नल-जल आपूर्ति की जा रही है, जबकि अन्य घरों में चापाकल एवं 16 स्थायी प्याऊ के माध्यम से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर परिषद औरंगाबाद में डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण, स्रोत पर कचरे के पृथक्करण एवं व्यापक जनजागरूकता अभियान जारी है। नगर परिषद क्षेत्र में नियमित झाड़ू, सफाई तथा प्रमुख नालों की वार्षिक उड़ाही और छोटी नालियों की सतत सफाई की व्यवस्था लागू है। रफीगंज नगर परिषद में सफाई कार्य दो पालियों में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसमें व्यवसायिक क्षेत्रों में द्वितीय पाली की सफाई प्रमुखता से की जाती है।

